दुमका संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 04, अंक 28

बुधवार

29.01.2025

RNI No. - JHAHIN/2022/81895

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12। मूल्य 4 रुपये

**सुविचार**

उत्साह के बिना आज तक कोई भी महान काम पूरा नहीं हुआ है इसलिए जीवन में उत्साह बनाए रखे!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री करेंगे तीन रैलियां

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा के चुनावी रण में भाजपा पूरी ताकत लगा रही है। इस चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन रैलियां करेंगे। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी घोंडा में बुधवार को एक रैली करेंगे।घोंडा इलाके में भाजपा का दबदबा रहा है। वर्ष 2015 के चुनाव में यहां से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार ने जीत हासिल की थी, लेकिन वर्ष 2020 में भाजपा ने इस सीट पर जीत हासिल की थी। घोंडा की रैली के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली में आम आदमी पार्टी के दस साल के शासन और उनके अधूरे वादों को लेकर केजरीवाल सरकार को घेरेंगे।

### गुजरात एटीएस ने 50 करोड़ रुपये से अधिक की ट्रामाडोल ड्रग्स किया जब्त

**अहमदाबाद :** गुजरात में फिर ड्रग्स जब्त की गई है। गुजरात एटीएस ने अहमदाबाद जिले के धोलका तहसील से 500 किलोग्राम ट्रामाडोल ड्रग्स जब्त की है। बाजार में बरामद ड्रग्स की कीमत 50 करोड़ रुपये से अधिक की बताई जा रही है। पुलिस इस मामले में छह लोगों को ड्रग्स तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है।एटीएस ने बीते दिनों आणंद जिले के खंभात शहर के सोखड़ा जीआईडीसी क्षेत्र में स्थित ग्रीनलाइफ इंडस्ट्रीज पर छापा मारकर 107 किलोग्राम अल्प्राजोलम ड्रग्स जब्त की थी। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर एटीएस ने अहमदाबाद में धोलका के पास एक गोदाम पर छापा मारा। वहां से लगभग 50 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स जब्त की। इसके अलावा 30 लाख रुपये भी बरामद किए गए। एटीएस के मुताबिक बरामद की गई ड्रग्स की अफ्रीकी देशों को निर्यात करने की योजना थी। इसके अलावा एटीएस ने धोलका के एक गोदाम पर छापा मारकर 500 किलो ट्रामाडोल ड्रग्स बरामद की।

### सांभर महोत्सव में दो लाख से अधिक देशी विदेशी पर्यटक हुए शामिल

**जयपुर :** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के प्रयासों एवं निर्देशन से साकार सांभर महोत्सव 2025 में इस बार लगभग दो लाख से अधिक देशी-विदेशी पर्यटकों के आगमन ने सांभर को पर्यटन का नया डेस्टिनेशन बना दिया है। राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत का यह उत्सव 24 जनवरी से 28 जनवरी (मंगलवार) तक चला। महोत्सव में आगन्तुक पर्यटकों को धार्मिक, सांस्कृतिक और रोमांचकारी पर्यटन के अनुभव हुए।उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का कहना है कि सांभर महोत्सव राजस्थान की कला, संस्कृति और प्राकृतिक धरोहर को वैश्विक मंच पर लाने का एक अद्वितीय प्रयास है। यह विशिष्ट एवं अविस्मरणीय, मनमोहक लोक उत्सव ने निश्चित ही सांभर को पर्यटन के क्षेत्र में एक नये सितारे के रूप में पहचान दी है, जो कि पर्यटकों के लिए लम्बे समय तक अचंभे और आकर्षण केन्द्र बना रहेगा। सांभर महोत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक प्रमुख आकर्षण बन गया।

### दशरथ मांझी के पुत्र भगीरथ मांझी समेत 7 प्रमुख हस्तियों ने थामा कांग्रेस का हाथ

**नई दिल्ली :** माउंटेन मैन के नाम से चर्चित दशरथ मांझी के पुत्र भगीरथ मांझी समेत बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा राज्यों के सात प्रमुख नामचीन लोगों ने मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी का दामन थामा। एक संवाददाता सम्मेलन में इन लोगों को मीडिया से रूबरू कराया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश, चेयरमैन (मीडिया एंड पब्लिसिटी) पवन खेड़ा और बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह भी उपस्थित थे। इनमें भगीरथ मांझी प्रसिद्ध माउंटेन मैन दशरथ मांझी के पुत्र हैं। वह बिहार के गया जिले के मोहड़ा ब्लॉक के गेहलौर गांव से हैं, जो दशरथ मांझी द्वारा पहाड़ काटकर रास्ता बनाने की अविश्वसनीय उपलब्धि के लिए प्रसिद्ध है। 18 जनवरी 2025 को पटना में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन में उन्होंने राहुल गांधी के साथ मंच साझा किया था। डॉ. अनिल जयहिंद की पहल से कांग्रेस में आए मांझी ने कहा कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व और वंचित समुदायों के अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से प्रेरित हुए।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

बजट पूर्व संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संसाधनों के बेहतर से बेहतर इस्तेमाल करने पर सीएम ने दिया जोर

# सतत व समावेशी विकास पर आधारित हो बजट : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि बजट के जरिए एक ऐसा दस्तावेज तैयार हो, जिससे यहां की मूलभूत समस्याओं के समाधान के साथ सर्वांगीण विकास की राह पर राज्य आगे बढ़ सकें। इसके लिए जरूरी है कि संसाधनों का बेहतर से बेहतर इस्तेमाल हो। मुख्यमंत्री झारखंड मंत्रालय में अबुआ बजट-2025-26 की तैयारियों के सिलसिले में बजट पूर्व संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि बजट आइडियल तथा सर्वोत्तम हो, इसके लिए विभिन्न विषयों के के विशेषज्ञों ने कई अहम तथा प्रभावी सुझाव दिए हैं। इन सुझावों पर गंभीरता के साथ अध्ययन कर उसे बजट में शामिल करने पर विचार होगा, ताकि सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

बजट पूर्व संगोष्ठी में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, सचिव प्रशांत कुमार, राज्य वित्त आयोग के सदस्य डॉ हरिश्वर दयाल के साथ विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव/ सचिव तथा अन्य अधिकारी एवं देशभर से आये विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ शामिल थे।

**जो राशि खर्च होती है उसके आउटकम का आकलन हो**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में विभिन्न विभागों को जो राशि आवंटित की जाती है उसे खर्च करने के साथ उसके आउटकम का भी आकलन होना चाहिए । अभी तक देखा गया है कि खर्च हुई राशि का कितना लाभ मिल रहा है, इस पर विशेष जोर नहीं दिया गया। इस वजह से हमने जो एसेट बनाएं हैं, उसका उचित इस्तेमाल नहीं हो पता है ऐसे में एसेट तैयार करने के क्रम में उसके सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं का ध्यान रखना जरूरी है । इस दिशा में हमें नकरात्मक पहलुओं को दूर करने के लिए बेहतर प्रबंधन करना होगा।

### आर्थिक संसाधन होंगे तभी विकास का पहिया आगे बढ़ेगा

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि झारखंड को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए खुद राजस्व संग्रहण करना है और खर्च भी करना है। हमें अपने संसाधन खुद जुगाड़ करने हैं और आवश्यकता अनुसार विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए राशि भी खर्च करनी है। ऐसे में जब तक आर्थिक संसाधन से हम मजबूत नहीं होंगे राज्य के विकास का पहिया आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए सभी विभाग राजस्व संग्रहण के संभावनाओं को तलाशने के लिए ठोस कदम उठाएं।

**राजस्व संग्रहण की नई संभावनाओं को तलाशने के लिए उठाए जा रहे हैं ठोस कदम**



### कई उतार-चढ़ावों के साथ राज्य बढ़ रहा आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड ने कई उतार -चढ़ाव देखे हैं। लेकिन, इसके बाद भी राज्य ने कई नए आयाम गढ़े हैं। इस बार हेल्थ इंडेक्स में झारखंड ने बेहतरीन उपलब्धि हासिल की है। लेकिन, हमें सिर्फ यही तक सीमित नहीं रहना है बल्कि इससे प्रेरणा लेते हुए पूरे उत्साह के साथ अन्य क्षेत्र में उच्च मानक पर खरा उतरते हुए निरंतर आगे बढ़ें। इसके लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करने की जरूरत है।

**हमारी योजनाओं को देशभर में पहचान मिली है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को सशक्त बनाने के इरादे से झारखंड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना की जो शुरुआत की है, उससे देश भर में इस राज्य की अलग पहचान बनी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस योजना की वजह से किसी भी व्यक्ति विशेष पर किसी प्रकार का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। इसके लिए राशि आंतरिक संसाधन से जुटाए जाएंगे ।

**बजट में रोजगार सृजन पर विशेष फोकस हो:** मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट ऐसा होना चाहिए, जिसके जरिए रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले । रोजगार के साथ स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रबंध होने चाहिए। इसके लिए रोजगार से जुड़ी समस्याओं के निदान के साथ रोजगार सृजन के लिए ठोस कदम उठाई जाएं।

**झारखंड में 70 प्रतिशत लोगों के पास कोई बजट प्लानिंग नहीं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी झारखंड में 70 प्रतिशत आबादी के पास अपना कोई बजट नहीं होता है। कहां से आय होगा और कहां खर्च होगा, उनके पास इसकी कोई योजना नहीं हो पाती है । इस वजह से वे पीछे रह जातें हैं। लेकिन, हमारी सरकार ने अपनी नीतियों और योजनाओं के माध्यम से उन्हें कई संसाधन उपलब्ध कराए हैं, जिनके जरिए वे सशक्त हो रहे हैं ।

### कम संसाधनों के बाद भी विकास कार्य हुए हैं और आगे भी होंगे

मुख्यमंत्री ने इस बात को स्वीकार करते हुए कहा कि राज्य में संसाधन जरूर कम हैं, लेकिन हमारी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, बिजली, पानी और सड़क समेत कई क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए हैं । ऐसे कार्य आज भी चल रहे हैं और आगे भी अनवरत चलते रहेंगे। हमारा प्रयास झारखंड को विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है।

# देहरादून में हुआ 38वें राष्ट्रीय खेलों का आगाज

**पीएम मोदी ने राष्ट्रीय खेल का किया उद्घाटन**



**एजेंसी**

**देहरादून :** 38वें राष्ट्रीय खेलों का आगाज मंगलवार को हो गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया. इसी बीच इंटरनेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पीएम मोदी को खेल मशाल तेजस्विनी सौंपी. इस दौरान मंच पर उत्तराखंड राज्यपाल, मुख्यमंत्री धामी, खेल मंत्री रेखा आर्य, सांसद अजय टम्टा, भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट मौजूद रहे.राष्ट्रीय खेल में 9545 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे‌बता दें उत्तराखंड में हो रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में देशभर के 9545 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं. इस पूरे इवेंट की बात करें तो इसमें खिलाड़ियों और स्टाफ को मिलाकर कुल 16,000 लोग हिस्सा लेंगे. उत्तराखंड के अलग अलग जिलों में नेशनल गेम्स के इवेंट होंगे. इसमें देहरादून, टिहरी, ऋषिकेश, रुद्रपुर, हल्द्नानी में कई गेम्स होंगे. इन सभी जगहों पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.पीएम मोदी ने नेशनल खिलाड़ियों से की मुलाकात‌मंच पर पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने नेशनल खिलाड़ियों से मुलाकात की. इसमें जसपाल राणा, लक्ष्य सेन, मनीष रावत, सुभाष राणा और मनोज सरकार मंच पर मौजूद थे. इसके बाद मंच पर पीएम मोदी का स्वागत हुआ. सीएम धामी ने पहाड़ी टोपी पहनाकर पीएम मोदी का स्वागत किया.

### पांडवाज बैंड ने उद्घाटन में मचाया धमाल

नेशनल गेम्स के उद्घाटन में पांडवाज बैंड ने अपने अंदाज में पारंपरिक परिधान में अपनी प्रस्तुति दी. पांडवाज बैंड ने गढ़वाली और कुमाऊंनी गाने गाए. इस दौरान फैंस क्रेजी नजर आये. पांडवाज बैंड ने एक के एक दमदार परफॉर्मेंस दी.बता दें आज से उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत हो गई है. उत्तराखंड में हो रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में देशभर के 9545 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं. इस पूरे इवेंट की बात करें तो इसमें खिलाड़ियों और स्टाफ को मिलाकर कुल 16,000 लोग हिस्सा लेंगे. उत्तराखंड के अलग अलग जिलों में नेशनल गेम्स के इवेंट होंगे. इसमें देहरादून, टिहरी, ऋषिकेश, रुद्रपुर, हल्द्नानी में कई गेम्स होंगे. इन सभी जगहों पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.

# कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के खिलाफ बिहार में दर्ज हुआ परिवाद



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ मुजफरपुर कोर्ट में एक परिवाद दर्ज किया गया है। यह मामला वरिष्ठ कांग्रेस नेता खरगे द्वारा कुंभ स्नान को लेकर मध्य प्रदेश में दिए गए एक कथित विवादित बयान से जुड़ा है। यह परिवाद स्थानीय अधिवक्ता सुधीर ओझा द्वारा दर्ज कराया गया है। अधिवक्ता ओझा ने खरगे पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। परिवाद में कहा गया है कि मल्लिकार्जुन खरगे के बयान से हिंदू धर्मावलंबियों की आस्था को ठेस पहुंची है। इस मामले की सुनवाई मुजफ्फरपुर कोर्ट में चल रही है। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 3 फरवरी 2025 निर्धारित की है।अधिवक्ता सुधीर ओझा का दावा है कि खरगे के बयान ने न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत किया है, बल्कि समाज में धार्मिक असंतुलन पैदा करने का प्रयास भी किया है।दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या गंगा में स्नान करने से गरीबी खत्म हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता कैमरों के लिए डुबकी लगाने की होड़ में जुटे हैं। महू में जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि भाजपा नेता तब तक डुबकी लगाते हैं जब तक यह कैमरों में अच्छा दिखे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी की आस्था पर सवाल नहीं उठा रहे हैं और अगर उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची हो, तो वह माफी मांगते हैं।

# केंद्रीय इस्पात मंत्री ने झरिया चासनाला सेल की टासरा परियोजना का किया निरीक्षण

**सेल के अधिकारियों ने मानचित्र और चार्ट के माध्यम से खदान और परियोजना की पूरी प्रक्रिया को इस्पात मंत्री को समझाया.**



**एजेंसी**

**धनबाद :** केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी और इस्पात राज्यमंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने आज धनबाद स्थित झरिया चासनाला सेल की टासरा परियोजना का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उन्हें चासनाला अंडरग्राउंड खदान और टासरा परियोजना में कोयला उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी. सेल के अधिकारियों ने मानचित्र और चार्ट के माध्यम से खदान और परियोजना की पूरी प्रक्रिया को इस्पात मंत्री को समझाया. इस दौरान कोयला उत्पादन की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई. इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा, एसएसपी एचपी जनार्दनन, सेल के जीएम, परियोजना प्रबंधक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. केंद्रीय मंत्रियों ने परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कोयला उत्पादन बढ़ाने और नई तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया. इस दौरे का उद्देश्य न केवल उत्पादन का जायजा लेना था, बल्कि क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देना है. इसके पहले धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के चिटाही गांव स्थित आवास पर केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी पहुंचे. चिटाही पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री ने सांसद ढुल्लू महतो के साथ रामराज मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की तथा भगवान राम के दर्शन किए. पूजा करने के बाद केंद्रीय मंत्री, सांसद आवास पर थोड़ी देर के लिये रुके, जहां सांसद व कार्यकर्ताओं ने शॉल और गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया. केंद्रीय मंत्री ने सबका आभार व्यक्त किया.

# महाकुंभ में अमृत स्नान आज

**एजेंसी**

**प्रयागराज :** मौनी अमावस्या के मौके पर अमृत स्नान के लिए बुधवार को 8 से 9 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। त्रिवेणी संगम में इस मौके पर विशेष अमृत स्नान के लिए भक्तों का सैलाब पहले से ही जुट रहा है। हालांकि प्रशासन ने दावा किया है कि उनकी तैयारी भी पूरी है। करोड़ों की भीड़ को नियंत्रण करने के लिए सरकार और मेला प्रशासन से 26 जनवरी के बाद से ही यातायात को लेकर नए नियम जारी कर रखे हैं। नए नियमों के अनुसार 26 जनवरी से ही कुंभ मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर रखा है। इतनी ही नहीं विशेष पास भी 3 फरवरी तक निरस्त



कर दिए गए हैं। प्रशासन ने प्रयागराज आने वाले वाहनों के लिए भी विशेष रुट प्लान जारी किए गए हैं। साथ ही पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। मौनी अमावस्या पर्व पर बुधवार को अखाड़ों के संत एवं नागा संन्यासी 10 घंटे से अधिक समय तक अमृत स्नान करेंगे। सबसे पहले संन्यासी परंपरा के महानिर्वाणी एवं शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के संत सुबह 6.15 बजे स्नान करेंगे। इसके लिए संत अपने शिविर से सवा पांच बजे प्रस्थान कर जाएंगे। वहीं, आखिरी में निर्मल अखाड़ा के संत दिन में 3.40 बजे से 4.20 बजे तक स्नान करेंगे। मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के लिए विशेष तैयारी की गई है। मकर संक्रांति अमृत स्नान के दौरान अखाड़ा मार्ग पर श्रद्धालु भी घुस गए थे। बैरिकेडिंग भी टूट गई थी। इसके अलावा अखाड़ों के स्नान घाट पर भी श्रद्धालु पहुंच गए थे। इसे देखते हुए मौनी के लिए अखाड़ा मार्ग पर मजबूत बैरिकेडिंग की गई है। जाली भी लगाई जा रही है। ताकि, लोग बैरिकेडिंग में घुस भी ना सकें। इसके अलावा अखाड़ों के स्नान घाट का विस्तार किया गया है। इसके लिए घाट को यमुनाजी की तरफ बढ़ाया गया है। इसके अलावा घाट पर भी बैरिकेडिंग की गई है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल व आतिशी का पुतला फूंका

**यमुनानगर (एजेंसी):** आम आदमी पार्टी के सुप्रीमों अरविंद केजरीवाल व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के हरियाणा द्वारा यमुना नदी में जहर वाला पानी दिल्ली को देने वाले बयान के विरोध में जिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर प्रदर्शन कर पुतला फूंका। मंगलवार को भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा का बेटा कहने के बावजूद अरविंद केजरीवाल द्वारा हरियाणा राज्य और यहां के लोगों को बदनाम करना बेहद गलत है।

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद
सतर्क रहे! ठंड में हार्ट अटैक का खतरा 30% ज्यादा होता है
आज ही हमारे हृदय रोग विशेषज्ञ से मिले
7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

# राजधानी रांची में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

## संक्षिप्त खबरें

### हेमंत सरकार में छात्र अनिश्चितता के शिकार है : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। मरांडी ने कहा कि राज्य में सरकार ने 8वीं बोर्ड की होनेवाली परीक्षा को स्थगित कर दिया है।अब 10वीं बोर्ड की परीक्षा पर भी अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे। कहा कि जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। करीब 21 लाख छात्र, जिनकी मैट्रिक-इंटर और अन्य बोर्ड परीक्षाएं तय समय पर होनी चाहिए थीं, वो जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने की वजह से बाधित हो सकती है। कहा कि यदि समय पर परीक्षाएं नहीं हुईं, तो छात्रों को अगले शिक्षण सत्र में नामांकन लेने में भी काफी परेशानी होगी। मरांडी ने कहा कि इसी तरह जेपीएससी अध्यक्ष का पद भी पिछले वर्ष अगस्त से रिक्त है, जिससे कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं लंबित हैं। हजारों अभ्यर्थी मानसिक और आर्थिक दबाव में हैं।

### रांची विवि का नाम बदलकर पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा करने की उठी मांग

**रांची।** अबुआ अधिकार मंच ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. अजित कुमार सिन्हा जी को एक मांगपत्र सौंप रांची विश्वविद्यालय का नाम झारखंड के महान शिक्षाविद, समाज सुधारक और आदिवासी संस्कृति के संरक्षक, पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा के नाम पर रखने की माँग की गई। मंच ने यह बताया कि डॉ. पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा का योगदान शिक्षा, साहित्य, समाज सुधार, राजनीति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में अतुलनीय रहा है। उनके नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण करना झारखंड राज्य की सांस्कृतिक और शैक्षिक पहचान को और मजबूती देगा।अबुआ अधिकार मंच का नेतृत्व कर रहें अभिषेक शुक्ला ने कहा, यह मांग राज्य के विभिन्न संगठनों, संस्थाओं, बुद्धिजीवियों और छात्रों द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही है।

## गणतन्त्र दिवस भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय पर्व है : केशव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर वीर शहीद रघुनाथ महतो चौक, हाईटेंशन मैदान लोवाडीह, नामकुम रांची में झंडोतलन मधुसुदन महतो के द्वारा किया तथा महान देशभक्त एवं क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो के आदमकद प्रतिमा पर अतिथियों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उपस्थित हुए उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कमलेश ने कहा गणतन्त्र दिवस भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय पर्व है गणतंत्र दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि 26 जनवरी 1950 को पूरे 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगा कर बनाया गया संविधान लागू किया गया था और हमारे देश भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया।

मौके पर रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, रघुनाथ महतो स्मृति न्यास के अध्यक्ष शत्रुघ्न महतो, धनंजय महतो, भुवनेश्वर महतो पीतांबर महतो, धनंजय महतो, राजेश्वर महतो, सूरजकांत महतो, सत्यनारायण महतो, रामकुमार महतो, नागेन्द्र महतो, नागेश्वर महतो, जगरनाथ महतो समेत काफी संख्या लोग उपस्थित थे।

### संविधान हमें अपना अधिकार बताती है : डा महुआ माजी



रांची। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ मांजी ने झंडोत्तोलन किया। इस मौके पर उन्होंने संविधान की अहमीयत पर अपने विचार को रखा । उन्होंने बताया कि संविधान हमें अपने हक और अधिकार की बात करने का अधिकार देती है। उन्होंने सौहार्द, भाईचारगी और एकता की पर बल दिया । इस मौके पर झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष डॉक्टर जीत गुप्ता , अजीत नायक, अकबर कुरेशी ,निसार ,सचिन गुप्ता, बबलू ,रिंकू ,टिंकू, पप्पू सभी लोग शामिल थे।

## रेड सी इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

रांची। रेड सी इंटरनेशनल स्कूल, रमज़ान कॉलोनी कांटाटोली में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। आज दिनांक 28 जनवरी 2025 को रेड सी इंटरनेशनल स्कूल में स्कूल के छोटे छोटे छत्रों द्वारा एक आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों द्वारा बनाए गए उत्कृष्ट मॉडलों को प्रदर्शित किया गया। आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी के विजेताओं के नाम इस प्रकार है प्री-नर्सरी की छात्रा आयरा मिशी, नर्सरी की नौसिन परवीन और प्रेप के दानिश कमर जिनको मोमेंटो, सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के एडमिन इंचार्ज अली जुबैरी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हर बच्चे में प्राकृतिक प्रतिभा होती है जिसे सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिंसिपल सोनी सितारा केरकेट्टा, अली जुबैरी, कहकशां खालिद, सरिता लकड़ा, सबा गुलनार, बुशरा जुबैरी, मुअज्जमा मोबीन, आयशा वसीम और नाज़िया परवीन समेत सभी शिक्षकों एवं स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### गण का तंत्र यानी जनता का शासन का दिन है : जमीला खातून



रांची। डोरंडा स्थित वार्ड 49 की निवर्तमान वार्ड पार्षद जमीला खातून ने गणतंत्र दिवस के मौके पर झंडोत्तोलन किया और संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों को बताया कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को इसलिए मनाया जाता है कि इसी दिन 1950 को भारत का संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ था। दुनिया के नक्शे पर एक महान गणतंत्र का उदय हुआ था। गणतंत्र यानी गण का तंत्र यानी जनता का तंत्र यानी जनता का शासन। किसी राजा, नवाब, बादशाह, सम्राट का शासन नहीं, बल्कि जनता का शासन का दिन है। अपने हक की लड़ाई को लड़ने का अधिकार हमारा संविधान देता है। इस मौके पर हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह ट्रस्ट के उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, हाजी अकबर, आकिब अख्तर, शाहिद आलम ,सोहेल, आसिफ अमीन , असलम, मोहम्मद इब्राहिम, असगर, मोहम्मद मुस्तफा, यूनुस जमशेद, हाजी जाकिर ,मनी टोला मस्जिद के इमाम ओ खतीब सफीकुल कादरी, इमरान ,नसीम ,अख्तर वगैरह शामिल थे।

### अल कुरैश तालीमी मिशन स्कूल में किया गया झंडोत्तोलन

रांची। कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला स्थित जमीयतुल कुरैश पंचायत द्वारा संचालित अल कुरैश तालीमी मिशन स्कूल में 76 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूल की प्राचार्या अमीना कच्छी ने झंडोत्तोलन, की। इस मौके पर जमीयतुल कुरैश पंचायत के सदर गुलाम गौस कुरैशी, महासचिव परवेज कुरैशी,पूर्व सदर फिरोज कुरैशी, युनूस कुरैशी, फरहाद कुरैशी, सरवर कुरैशी, सद्दाम मिठू कुरैशी, अजहर कुरैशी, आजाद कुरैशी, कामिल, राजा, मोनू, दानिश सहित स्कूल की शिक्षिका जस्टिन कंडूला, साबिहा खातून, नगमा निगार, सादिया परवीन, मुस्कान परवीन, अनम परवीन,तनु परवीन एंव छात्र छात्राएं।



## शहीद स्मारक में किया गया झंडोत्तोलन



रांची। 76वां गणतंत्र दिवस पर शहीद स्मारक शाहिद चौक रांची में महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार ने झंडोत्तोलन किया । साथी ही 1857 के जंगे आजादी के नायकों को चित्र पर फूलों की श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए के बलिदानों को याद कीया । बलिदान देने वाले शहीदो को शहीद चौक मैं श्रद्धांजलि देते हुए झारखंड के राज्यपाल और शहीद स्मारक समिति के संस्थापक एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### लोअर बाजार में थाना ने किया झंडोत्तोलन



रांची, 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर लोअर बाजार थाना में थाना प्रभारी दयानंद ने झंडोत्तोलन किए और संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला । इस मौके पर लोअर बाजार थाना क्षेत्र के शांति समिति के सदस्यगण भी उपस्थित थे। थाना प्रभारी ने सभी लोगों से अपील की है, कि वे अपने-अपने गली मुहल्ले में नशा के खिलाफ अभियान चलाएं और अपने मुहल्ले को नशा मुक्त बनाएं। इस मौके पर शांति समिति के कई सदस्य गण एवं थाना के कनीय पुलिस पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### बीओआई रांची अंचल ने किया झंडोत्तोलन

रांची। 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर महाप्रबंधक मनोज कुमार बैंक आफ इंडिया रांची अंचल के कर कमलों द्वारा झंडोतोलन किया गया। इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं और हार्दिक बधाई दी। मौके पर बैंक द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों को लेकर जागरूक किया और जानकारियां दी। इस अवसर पर




बैंक के सभी पदाधिकारी और कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## जेएमएम के नेता व सेंट्रल पीस कमेटी के सदस्यों ने डीसी से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता जितेन्द्र गुप्ता व सेंट्रल पीस कमेटी के सदस्यों ने रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात की। इस दौरान जितेंद्र गुप्ता ने उन्हें नव वर्ष की बधाई दी एवं रांची में फुटपाथ दुकानदारों के साथ हो रही समस्याओं से अवगत कराया गया। वहीं पूर्व के तरह रात्रि मेला का आयोजन रांची में कराने की भी मांग की है। इसके अलावा विधि व्यवस्था पर भी सुधार करने पर जोर दिए । इस मौके पर उपायुक्त



मंजूनाथ भजंत्री ने भरोसा दिलाया है कि हम आप सब की बातों पर ध्यान देंगे और जहां भी कहीं कुछ कमी होगी तो आप लोगों का भी सहयोग लिया जाएगा। इस मौके पर झामुमो नेता जितेंद्र गुप्ता, अकबर कुरेशी, अजीत नायक आदि उपस्थित थे।

**मुलाकात के दौरान जितेंद्र गुप्ता ने उन्हें नव वर्ष की बधाई दी एवं रांची में फुटपाथ दुकानदारों के साथ हो रही समस्याओं से अवगत कराया गया।**

## कुंभ स्नान के लिए झारखंड सरकार के द्वारा कोई विशेष प्रबंध नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रतुल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने हेमंत सोरेन सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार ने अपना सनातन विरोधी चेहरा दिखा दिया। प्रतुल ने कहा की विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक सम्मेलन प्रयागराज के कुंभ में हो रहा है। लगभग 40 करोड़ सनातनी देश-विदेश से कुंभ में डुबकी लगाने के लिए आएंगे। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से झारखंड सरकार ने इस अवसर पर झारखंड में रहने वाले सनातनियों के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की है। प्रतुल ने कहा कि अनेक राज्यों की सरकारों ने कुंभ स्नान के अवसर पर अपने-अपने राज्यों से नोडल अधिकारियों को प्रयागराज में नियुक्त किया है। साथ ही साथ अलग-अलग राज्यों के कर्मचारियों और अधिकारियों की बड़ी फौज भी लगातार कैंप करके उन राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रख रही है। कई राज्यों ने स्पेशल बस को रवाना किया है ।राज्यों ने अपने यहां से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने,खाने-पीने ,भोजन आदि की व्यवस्था का भी ध्यान रखा है। लेकिन झारखंड सरकार इस मामले में बिल्कुल ही असंवेदनशील रही। अलग-अलग राज्यों ने अपने यहां के समाचार पत्रों में प्रयागराज में हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। लेकिन प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड सरकार ने इस अवसर पर कोई विशेष व्यवस्था झारखंड के श्रद्धालुओं के लिए नहीं की है। प्रतुल ने कहा दूसरे धर्म के श्रद्धालु जब धार्मिक यात्रा पर निकलते हैं तो मुख्यमंत्री सहित तमाम बड़े मंत्री ,अधिकारी उनको रवाना करने के लिए जाते हैं। लेकिन कुंभ स्नान के प्रति राज्य सरकार पूरे तरीके से उदासीन बनी रही है। प्रतुल ने मांग की है कि अभी भी कुंभ में 26 दिन का समय बचा हुआ है। राज्य सरकार अविलंब झारखंड के श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज में अधिकारी और कर्मचारियों को तैनात करें और श्रद्धालुओं को उचित सुविधा देने का कार्य करें। प्रयागराज जाने वाले सनातनियों के लिए राज्य सरकार अपने स्तर से विशेष बस सेवा को भी बहाल करे।

## टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि ओरमांझी थाना क्षेत्र गुंजा ग्राम में क्रेशा प्लांट , पोकलेन मशीन एवं हईवा जलाने वाले अभियुक्त शंकर कुमार महतो हजारीबाग में देखा गया। इसके सूचना के बाद पूरी पुलिस टीम रेस हो गई और टीम का गठन किया गया और हजारीबाग से एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पुछताछ के क्रम में बताया कि उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का एरिया कमांडर संजीत कुमार उर्फ संजीत गिरी उर्फ़ संजीत दास उर्फ विक्रांत का सहयोगी शंकर कुमार महतो है और वह रांची का रहने वाला पूछताछ के क्रम में उन्होंने अपनी अपराध स्वीकार किया और ओरमांझी थाना एन ईपीएल क्रेशर प्लांट में एक पोकलेन मशीन एवं हईवा को जलाने एवं उपस्थित कर्मचारियों को मारपीट फायरिंग की घटना अंजाम देने की बात को स्वीकार किया। इस आधार पर उसे गिरफ्तारी हुई है । इसमें पूर्व




भी अपराधिक इतिहास रहा है ओरमांझी और क्रेरीडारी हजारीबाग थाना में भी कई मामला इस पर दर्ज है। इसके पास एक अपाची मोटरसाइकिल, सैमसंग कंपनी का मोबाइल, एयरटेल कंपनी का सिम और टीएसपीसी का पर्चा जप्त किया गया । वहीं छापेमारी दल में सिल्ली उपाधीक्षक अनुज उरांव, ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ,पु अ नि सतीश कुमारस नितीश कुमार ,सतीश कुमार, आरक्षी रघुवंश आदि शामिल थे।

## पूर्व पार्षद असलम को मारपीट करना पड़ा भारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** वार्ड 25 के पूर्व पार्षद और समाजसेवी असलम पर एक बदमाश को मारपीट करना भारी पड़ गया। असलम और इसके भाईयों के खिलाफ हिंदपीढ़ी थाना में मामला दर्ज हो गया है। रांची पुलिस ने सूचना देने वाले को बीस हजार रुपये का ईनाम की घोषणा भी कर दी है। हालांकि पूरा मामला पूर्व पार्षद असलम के भाई आसिफ से जुड़ा हुआ है। बताया गया कि इसके भाई आसिफ को कुछ दिन पहले पूंदाग ओपी क्षेत्र में इसके साथ किसी बात को लेकर मारपीट की गई थी और उसका वीडियो बनाया गया था और वीडियो को वायरल करने की भी धमकी दी गई थी । इस मामले को लेकर एक पक्ष जो असलम और उसके परिवार के सदस्य एवं इसके साथी एवं मुहल्ले के लोग हैं वह अपराधियों के खिलाफ काफी आक्रोशित थे । इसी दौरान अप्पू के साथ हिंद पीढ़ी में मारपीट की घटना हो गई और इसका भी वीडियो वायरल किया गया। जिसमें अप्पू को पीटा जा रहा है और उसे अस्पताल में भर्ती कर दिया गया । इसके बाद अप्पू की तरफ से हिंद पीढ़ी में एफआईआर दर्ज कराई गई । वहीं लोगों का यह भी कहना है कि अगर असलम के भाई के साथ शुरुआत में मारपीट हुई थी तो उसे पहले थाना में एफआईआर दर्ज करना चाहिए था पुलिस अपराधियों पर नकेल कसती और उसकी गिरफ्तारी करती। वहीं असलम के सहयोगियों का कहना है कि



पुलिस अपराध पर जितना गंभीर होना चाहिए उतना गंभीर नहीं हो रहा है। यदि वह गंभीर होते तो सामाजिक कार्यकर्ता के भाई पर हमला नहीं होता। हुआ भी तो पुलिस को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए थी ऐसा नहीं हुआ। ऐसा भी नहीं है कि पुलिस को इस घटना की जानकारी नहीं होगी हिंद पीढ़ी थाना हो या फिर पुंदाग ओपी मारपीट और वीडियो वायरल हुआ है तो पुलिस को इसकी जानकारी होगी । पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर ऐसे अपराधियों पर नकेल कसे ताकि किसी बदमाश का मनोबल ना बढ़े। वहीं असलम के भाई आसिफ के द्वारा अप्पू और पप्पू शाहनवाज के खिलाफ थाना में शिकायत की गई है। तो दूसरी तरफ अप्पू की तरफ से असलम, आरिफ उर्फ आसिफ, दिलावर, मोनू और राजू के खिलाफ मामला दर्ज कराई गई है और बीस हजार रुपये का इनाम भी रखा गया है। इस मामले में हिंद पीढ़ी थाना प्रभारी ने कहा कि यदि असलम के भाई के साथ मारपीट हुई थी तो थाना को लिखकर देते, कानून हाथ में लेने की जरूरत क्या थी। वहीं हवाई फायरिंग भी की गई है, अब सभी को सरेंडर करना होगा। वहीं लोगों का कहना है कि अब गुंडा बदमाश अगर मारपीट करे, धमकी दे तो गुंडे से न उलझे बल्कि पुलिस को सूचना दे भले पुलिस तुरंत कार्रवाई करें य न करें। साथ ही लोगों ने यह भी कहा कि थाना में गुंडा, बदमाश, दबंगों का मामला दर्ज है और फरार है इसपर कितना कार्रवाई हो रही है और किस किस पर ईनाम की राशि घोषणा की गई है ये सब लोग देख रहें हैं। असलम गलत किया है इस पर कार्रवाई हो लेकिन और भी अभियुक्त, जिला बदर हैं और फरार है उस पर भी इसी तरह से ईनाम की घोषणा और पोस्टर चस्पा कर कार्रवाई होनी चाहिए तभी कानून का खौफ सब पर होगा।

## डीजीपी ने साईबर अपराध की रोकथाम हेतु किया समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस मुख्यालय के सभागार से महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में साईबर अपराध से संबंधित धोखाधड़ी वाले APK (Android Application Pakage) ऐप से बचने/सुरक्षित रहने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

इस बैठक में अनजाने / धोखाधड़ी वाले APK (Android Application Pakage) ऐप से संबंधित विभिन्न सुरक्षा नीतियों की व्यापक रूप से समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम मे पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा द्वारा साईबर अपराध की रोकथाम से संबंधित पी0पी0टी0 के माध्यम से प्रस्तुती दी गयी साथ ही साथ बताया गया कि साईबर अपराधी असली ऐप्स की तरह दिखने वाली नकली APK फाइल्स में मैलवेयर और वायरस छिपाकर यूजर्स के डिवाइस में इंस्टॉल करवाते हैं जिससे लोगों का निजी डाटा चोरी कर बैंकिंग जानकारी प्राप्त कर डिवाइस को रिमोट कंट्रोल में ले लेते हैं जिससे साईबर अपराधी अपराध करने में सफल हो जाते हैं।



**सुझाव:** केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ऐप्स डाउनलोड करें। अपने फोन में विश्वसनीय एंटी वायरस ऐप इस्टॉल करें।अनजान स्त्रोतों से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें।

सिस्टम को हमेशा अपडेट रखना सुनिश्चित करें। सार्वजनिक स्थलों पर ब्लूटूथ और वाई-फाई प्रयोग करने पर विशेष ध्यान दें।संदिग्ध कॉल्स/ विज्ञापनों/ लिंक / गतिविधि/ मुफ्त ऑफर आदि को नजरअंदाज करें। सिस्टम में ऑटोमैटिक डाउनलोड मोड को बद रखना सुनिश्चित करें।

साईबर अपराध की रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान में निश्चित रूप से भाग लें।

## दिलीप किआ में किआ सिरोस की हुई लॉन्चिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** दिलीप किआ शोरूम, दीपाटोली में - 28 जनवरी 2025, मंगलवार को किआ की नई मॉडल , किआ सिरोस को लांच किया गया , ये किया की अत्याधुनिक फीचर वाली कार है , किसकी सिटींग छमता 5 और 2 इंजन ऑप्शन में उपलब्ध है , इसमें वारलेस जोन चार्जर,पैनोरमिक सनरूफ , पुश बटन स्टार्ट, और अन्य फीचर मिलेंगे। यह 08 आकर्सन रंगो में उपलब्ध है, लॉन्चिंग के मौके पर मुख्या अतिथि के रूप में रांची विधायक सी. पी सिंह उपस्थित थे और साथ ही साथ दिलीप किया शोरूम के मैनेजिंग डायरेक्टर - सुमेधा गोयल, सेल्स मैनेजर - अभिजीत कुमार , CXM - पूजा शुक्ला, फाइनेंस मैनेजर - लक्ष्मण शाहदेव, अकाउंटेंट - सौरभ पांडे CRM - सोनल कुमारी और साथ ही साथ इस ग्रैंड लॉन्चिंग को सफल बनाने में बैंकर्स , फिनांसर्स और प्रेस उपस्थिति काफी सहारनीय थी, लॉन्चिंग के दौरान किया सिरोस के प्रति ग्राहकों का लुभान काफी अधिक देखा गया।



### तरवियाह पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, बच्चों ने खूब बटोरी तालियां

# सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा गीत से खुशनुमा बना माहौल






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** शहर के बल्लभपुर स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद चौक के समीप संचालित तरवियाह पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर फेस संस्था की सचिव रितु पांडेय, रांची हाई कोर्ट की वकील डॉ मिसफीका हसन, डॉ शुभेंदु विकास मंडल, डॉ शफाकत रहमान एवं आयुष विभाग के डॉ अबू तालिब ने शिरकत किया। आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में तरवियाह पब्लिक स्कूल में अध्यनरत बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। अपने मनमोहक प्रस्तुति से मौजूद अतिथि और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तरवियाह पब्लिक स्कूल के नन्हे नन्हे बच्चों ने सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा जैसी शानदार देशभक्ति गीतों से माहौल को खुशनुमा बना दिया। अरेबियन गीतों पर बच्चे-बच्चियों ने मनमोहक नृत्य और हिंदी गीत छोटा बच्चा जान के हमसे ना टकराना रे की धुन पर शानदार डांस की प्रस्तुति से बच्चों ने खुब तालियां बटोरी। नृत्य देख कार्यक्रम में मौजूद हर कोई तालियां बजाने को मजबूर हो गए। इतना ही नहीं नर्सरी के नन्हे नन्हे बच्चों ने फर्राटेदार अंग्रेजी स्पीच से अतिथियों और मौजूद लोगों को काफी प्रभावित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि फेस संस्था की सचिव रितु पांडेय ने तरवियाह पब्लिक स्कूल की पठन-पाठन व्यवस्था और कल्चरल एक्टिविटीज की जमकर तारीफ की। उन्होंने अल्पसंख्यक समाज में शिक्षा का अलख जगा रही तरवियाह पब्लिक स्कूल की प्रशंसा में कहा कि हमारे पाकुड़ जिला के माथे पर अशिक्षित और पिछड़ेपन का जो कलंक लगा है, उसे तरवियाह जैसी पब्लिक स्कूल मिटाने चली है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना है। अभिभावकों से अपील करते हुए रितु पांडेय ने कहा कि सिर्फ बच्चों को स्कूल भेजना ही आपकी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए हर गतिविधि पर न सिर्फ नजर रखना है बल्कि, शिक्षा के लिए हौंसला भी देना है। डॉ मिसफीका हसन ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकारें भी विशेष योजनाएं चला रखी है। किस तरह से अल्पसंख्यक समाज का विकास हो, समाज के बच्चें बेहतर शिक्षा हासिल कर पाए, इस पर सरकारों की नजर है।

डॉ मिसफीका हसन ने कहा कि यह बेहद ही दुखद बात है कि उच्च शिक्षा के लिए हमें दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। पाकुड़ जैसे गरीबी क्षेत्र में रहने वाले हमारे समाज के बच्चें बाहर रहकर पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। दिल्ली जैसे शहरों में बड़े-बड़े यूनिवर्सिटी में पढ़ने की ख्वाहिश पूरी नहीं हो पाती है। इसका सीधा असर हमारे समाज पर पड़ता है। यहां के बच्चे प्रतिभा होने के बावजूद आईएएस या आईपीएस जैसी डिग्री हासिल करने से वंचित रह जाते हैं। इसलिए मेरी दिली ख्वाहिश है कि पाकुड़ जिले में भी दिल्ली जैसे शहरों की तरह अल्पसंख्यक समाज के लिए यूनिवर्सिटी होना चाहिए। डॉ अबू तालिब ने कहा कि अपने बच्चों को तालीम देने के लिए हमें आर्थिक कमजोरी का रोना बंद करना होगा। आपकी रोज की कमाई से हर दिन जो बेफिजूल की खर्च कर देते हैं, उसी को बचाकर उज्जवल भविष्य के लिए बच्चों की शिक्षा में खर्च करना होगा। उन्होंने कहा कि मैं भी एक गरीब परिवार से हूं। मेरे पिताजी राज मिस्त्री का काम करते हैं। पिताजी के इस कमाई से मैंने पढ़ाई पूरी की और आज डॉक्टर के रूप में समाज के सामने परिचय दे पा रहा हूं। अगर मेरे पिताजी अपनी छोटी सी कमाई से मुझे पढ़ाने नहीं भेजते, तो शायद मैं आप लोगों के बीच इस रूप में नहीं होता। इसलिए हर अभिभावक से मेरी गुजारिश है कि अपने बच्चों को बेहतर तालीम देने का हर संभव प्रयास करें।यह हर अभिभावक की जिम्मेदारी भी होनी चाहिए। डॉ शफाकत रहमान ने महिला शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मैं महिला होकर भी डॉक्टर बनकर सेवा दे रही हूं। अगर बेटी के रूप में मेरे भविष्य पर पाबंदी की बेड़ियां होती, तो शायद मैं इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाती। इसलिए बच्चों के साथ-साथ अपनी बच्चियों को तालीम जरूर दें। प्राचार्य मो. अजीजुर रहमान ने बताया कि तरवियाह पब्लिक स्कूल की स्थापना साल 2023 में हुई। उन्होंने कहा कि काफी कम समय में हमारे स्कूल ने अभिभावकों का भरोसा जीतने में कामयाब रहा है। इसमें स्कूल के तमाम शिक्षक और शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में 300 से भी ज्यादा स्टूडेंट है। इन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए 12 शिक्षक और शिक्षिकाएं कार्यरत है। प्राचार्य मो. अजीजुर रहमान ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके साथ-साथ कल्चरल एक्टिविटीज से भी बच्चों को तैयार करना है। आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में डायरेक्टर मतिउर रहमान, अली अख्तर, मोताहार हुसैन, मो. नियाजुद्दीन, मनिरुल इस्लाम सहित विद्यालय की शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रही।

## भ्रष्टाचार को खत्म कर पाकुड़ का विकास ही हमारा मकसद : अजहर इस्लाम



**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी रहे युवा नेता अजहर इस्लाम के सौजन्य से मंगलवार को मालीपाड़ा स्थित आम बागान में कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं अजहर इस्लाम, उनके भाई मजहर इस्लाम एवं भाजपा के हिसाबी राय, भास्कर पांडेय, पंकज साह, युवा नेता अधिवक्ता अशरफुल शेख सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज में कार्यकर्ताओं ने लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया। वहीं युवा नेता अजहर इस्लाम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने का संकल्प भी लिया। इस दौरान अजहर इस्लाम ने कहा कि आज पाकुड़ जिले का 31वां स्थापना दिवस है। इस दृष्टिकोण से आज का दिन बेहद ही शुभ है। अजहर इस्लाम ने कहा कि इस शुभ दिन पर वनभोज के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यही है कि पाकुड़ जिले को देश का सबसे विकसित जिला के रूप में स्थापित करने के लिए एक साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि आज हमने कार्यकर्ताओं के साथ पाकुड़ के विकास का संकल्प भी लिया है। अजहर इस्लाम ने कहा कि पाकुड़ जिले को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना और विकास की ऊंचाइयों तक पहुंचाना हमारा मकसद है। पाकुड़ जिला में भ्रष्टाचार चरम पर है और हमारे जनप्रतिनिधि इसका मजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष कमजोर नहीं है, यह सत्ता पक्ष को ध्यान में रखना चाहिए। अगर पाकुड़ की जनता के साथ, उनके बच्चों के साथ, युवाओं के साथ, आदिवासी गरीबों और पिछड़ों के साथ, हमारी मां बहनों के साथ किसी भी तरह का अन्याय होता है, तो हम सड़क पर उतरने से पीछे नहीं हटने वाले हैं। अगर सरकार कि किसी योजना में गड़बड़ी हुई तो ऐसा प्रदर्शन होगा कि सरकार को भी झुकना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार जीत तो लगी रहती है। इसलिए चुनाव हारना मेरे लिए कोई मायने नहीं रखता है। मेरा चुनाव लड़ने का एक ही मकसद था कि पाकुड़ का विकास होना चाहिए। पाकुड़ के हजारों शिक्षित युवा बेरोजगार बैठे हैं। उन्हें रोजगार देने के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है। मां बहनों के साथ अन्याय हो रहा है। भवनों की कमी झेल रही सरकारी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक भी नहीं है, बच्चों का भविष्य खतरे में है और सरकार क्वालिटी एजुकेशन की बात कर रही है। यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति सबको पता है। इस तरह से तमाम स्थितियां बद से बदतर हो गई है। इसलिए हम विपक्ष के रूप में मजबूती के साथ खड़े हैं। आज इस शुभ दिन पर मैं पाकुड़ की जनता को यही संदेश देना चाहता हूं कि आने वाले समय में पाकुड़ के विकास के लिए, अपने बच्चों के विकास के लिए हमारा साथ दें।

## एसटीएफ ने 4 पिस्तौल व 8 मैगजीन के साथ दो को दबोचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुर्शिदाबाद :** जिले के फरक्का थाना अंतर्गत न्यू फरक्का तथा रेलवे स्टेशन के सामने 12 वी राष्ट्रीय मार्ग पर राज्य एसटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 4 पिस्तौल और 8 मैगजीन के साथ दो व्यक्ति को रंगेहाथ गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। एसटीएफ ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के बाद फरक्का थाना की पुलिस के हवाले कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति मुर्शिदाबाद जिला के ही डोमकोल के निवासी हैं। एक का नाम इजाउर हक और दूसरा मुस्तफा शेख बताया जा रहा हैं। इधर फरक्का थाना के आईसी नीलोत्पल मिश्र ने बताया कि राज्य एसटीएफ की टीम के अनुसार उन लोगों को एक सूचना मिली थी कि इजाउर हक और मुस्तफा शेख हथियार लेकर जा रहा है। इसी सूचना पर एसटीएफ की वहां पहुंची तो दोनों को न्यू फरक्का स्टेशन के सामने 12 राष्ट्रीय बस स्टैंड के समीप संदिग्ध स्थिति में मिला। दोनों की जांच करने पर एक कपड़े की पुटली में बंधे हुए 4 पिस्तौल और 8 मैगजीन बरामद हुआ। दोनों को गिरफ्तार कर फरक्का थाना के हवाले कर दिया। इधर सूत्रों के अनुसार यह सामान बिहार या कालियाचक से डोमकोल ले जाने वाला था। इससे पहले ही दोनों एसटीएफ के हत्थे चढ़ गया।

## पाकुड़ जिला के स्थापना दिवस पर जाहरुल ने किया रक्तदान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** सदर अस्पताल सोनाजोड़ी में इलाजरत एक मरीज को इंसानियत फाउंडेशन के पहल पर मंगलवार को चांचकी गांव के रहने वाले जाहरुल शेख ने रक्तदान किया। पाकुड़ जिला के स्थापना दिवस पर जाहरुल ने रक्तदान कर नई मिसाल दी। इस संबंध में इंसानियत फाउंडेशन के सचिव बानीज शेख ने बताया कि कोटलपोखर के विजयपुर के रहने वाले रहमान शेख की पुत्री रुबियाना खातून (12 वर्ष) थैलेसीमिया से ग्रसित है। उन्हें डॉक्टर ने ओ पॉजिटिव रक्त चड़ाने का सलाह दिया। इंसानियत फाउंडेशन संस्था इस मरीज को पिछले तीन साल से रक्त मुहैया कराती आ रही है। मंगलवार को भी इंसानियत फाउंडेशन की ओर रक्त मुहैया कराया गया। फाउंडेशन के सचिव बानिज शेख ने कहा कि एक कॉल के माध्यम से हमारे एक चांचकी के रहने वाले मित्र जाहरुल शेख ने ओ पॉजिटिव छठी बार पाकुड़ रक्त अधिकोष जाकर रक्तदान किया। वहीं रक्तदाता जाहरुल शेख ने कहा कि रक्तदान जीवन में शरीर के लिए काफी फायदेमंद है। प्रत्येक युवाओं को आगे आकर असहाय जरूरतमंदों को मदद करना चाहिए। मौके पर मंजारुल शेख, अजफारुल शेख, नाजमूल हुसैन, लवली कुमारी, कर्मचारी नवीन कुमार एवं पियूष दास मौजूद थे।

## डीएवी में लाला लाजपत राय की मनाई गई जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** डीएवी पब्लिक स्कूल पाकुड़ प्रांगण में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समारोह का भी आयोजन किया गया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने लाला लाजपत राय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाले क्रांतिकारियों का लिस्ट लाला लाजपत राय के बिना अधूरी है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देकर संपूर्ण भारत में राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करने वाले महान क्रांतिकारी, मां भारती के अमर सपूत पंजाब केसरी के रूप में विख्यात लाला लाजपत राय की जयंती पर पूरा डीएवी परिवार उन्हें कोटि कोटि नमन करता है। कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में पाकुड़ जिला के रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल डीएवी के एनसीसी के कैडेटों के प्रथम स्थान हासिल करने पर प्राचार्य ने सभी बच्चों को बधाई दी। उन्हें ट्रॉफी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

पाकुड़ जिले में आयोजित 15 विद्यालयों परेड टीम शामिल हुए, जिसमें सभी को पीछे छोड़ते हुए डीएवी के एनसीसी के कैडेटों ने प्रथम स्थान हासिल किया। इन विजेताओं को झारखंड सरकार के श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव द्वारा सम्मानित किया गया था। वहीं जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या में सीनियर वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल ने नारी शक्ति का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। जिन्हें उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। इस टीम को विद्यालय के प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने सम्मानित किया।

## अधिकतर वाहनों के नहीं मिले कागजात



**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना प्रभारी रंजन सिंह ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत जबरदहा डाक बंगला परिसर में खड़ी सभी छोटे यात्री वाहनों की सघन जांच किया गया। थाना प्रभारी ने ऑटो, ई रिक्शा सहित अन्य वाहनों की निबंधन, चालको की ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा आदि का जांच किया गया। जिसमें से अधिकतर वाहन चालकों ने वाहन से संबंधित कागजात नहीं दिखा पाए। थाना प्रभारी ने सभी गाड़ी मालिक व चालको को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 29 जनवरी को सभी अपनी अपनी वाहनों का कागजात लेकर थाना आएंगे। कागजात सही होने पर ही वाहन चलाए। बिना कागजातों के वाहन चलाये जाने पर संबंधित वाहन सहित चालक व मालिक के ऊपर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एएसआई मीना कुमारी सहित पुलिस बल भी उपस्थित थे।

## 137 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दी गई दवाईयां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 137 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। अमड़ापाड़ा के पुसुरविटा एवं पाकुड़िया के देखीदुआ में आयुष विभाग की ओर से सोमवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 137 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ मिथिलेश सिंह एवं वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। वहीं 28 जनवरी 2025 को पाकुड़िया के मोहनपुर एवं सरसाबांध, लिट्टीपाड़ा के हाथीबथान, अमड़ापाड़ा के कुटनी बास्को एवं हिरणपुर के शिवनगर में आयुष जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एवं जांच किया जाएगा।

## मत्स्य पालकों का किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किया गया रजिस्ट्रेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के द्वारा कृषि उत्पादन बाजार समिति में मत्स्य पालकों को जागरूक कर उन्हें लाभांवित करने हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मत्स्य सम्पदा योजना, बोट सब्सिडी योजना, मछुआ दुर्घटना बीमा योजना तथा किसान क्रेडिट कार्ड योजना सहित विभिन्न अधिकारियों द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में उपायुक्त मनीष कुमार ने सरकार के द्वारा मत्स्य पालन के लिए चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। जिले के मत्स्य पालकों को मछली पालन कर स्वलंबन के राह पर चलने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि मछलियों को समय पर खाना और दवा जरूर दें।

कार्यशाला में विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड सहित अन्य उपस्थित थे।

## कुष्ठ उन्मूलन अभियान की सफलता को ले बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**पाकुड़ :** आगामी 30 जनवरी से 14 फरवरी तक जिले में घर-घर कुष्ठ रोगियों को चिन्हित कर उनका इलाज किया जाएगा। इसके अलावा लोगों को इस रोग की पहचान व इलाज आदि के लिए जागरूक भी किया जाएगा। इसको लेकर उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2025 एवं कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2024- 2025 (द्वितीय चक्र) के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपाधीक्षक, सदर अस्पताल डॉ मनीष कुमार के द्वारा बताया गया कि 30 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को लेकर जानकारी दी गई। बैठक में कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, जेएसएलपीएस, सहिया को आपस में आवश्यक सहयोग करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, जिला कुष्ठ पदाधिकारी, सभी एमओआईसी सहित अन्य उपस्थित थे।

## झलकियां

### असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे कंबल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उधवा :** प्रखंड के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत सचिवालय में मंगलवार को मुखिया प्रतिनिधि फिटू पठान व पंचायत सचिव सुमन कुमार मालतो ने संयुक्त रूप से असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। जानकारी के अनुसार कड़ाके की ठंड को देखते हुए अंचल प्रशासन की तरफ से सभी पंचायतों में कंबल उपलब्ध कराया गया है। वहीं पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फिटू पठान एवं पंचायत सचिव सुमन कुमार मालतो ने दर्जनों असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया। वहीं मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि कुल 105 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि कंबल मिलने से लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। मौके पर ग्राम रोजगार सेवक मो. मोजामिल सहित अन्य मौजूद थे।

### आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के पश्चिमी उधवा दियारा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्रीवास मंडल टोला में मंगलवार को विद्यालय परिवार की तरफ से विदाई समारोह आयोजित कर आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। मंच संचालन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मो. मुख्तार हुसैन एवं आईसीटी शिक्षक मीर सहाबुद्दीन ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार मंडल, बीआरपी बैद्यनाथ ठाकुर, मुखिया जियाउल हक उर्फ शास्त्री, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रशीद शेख शामिल हुए। स्कूली बच्चों ने अतिथियों को फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। साथ ही छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बीपीओ दिपक कुमार मंडल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना लोगों की जिंदगी अधूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा हासिल कर बच्चे आसानी से अपनी मंजिल तक पहुंच सकते है। साथ ही उन्होंने आठवीं कक्षा के सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया। वहीं शिक्षक मैनुल हक ने कहा कि शिक्षक काफी मेहनत से बच्चों को शिक्षा देते है। इसलिए आप सभी मेहनत और लगन के साथ परीक्षा दें और अपने देश तथा माता-पिता का नाम रौशन करें। वहीं शिक्षक मो. साईम ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम सभी विद्यालयों में होना चाहिए। कहा कि बिना शिक्षा के बगैर किसी चीज को हासिल नही कर सकते है। इसलिए शिक्षा एक ऐसा प्रकाश है जो बच्चों की जिंदगी तक बदल सकती है। मौके पर शिक्षक अब्दुल जब्बार, समसुल हक,सेराजुल हक, मनोवर आलम, अनारूल, अनिमुल इस्लाम, अनिसुर रहमान, यासिन शेख, समीम शेख सहित अन्य मौजूद थे।

### पीर पहाड़ में ग्राम प्रधानों ने की बैठक, कहा मेला किसी भी सूरत में लगने नहीं दिया जायेगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत भेटाटोला पंचायत के गमछानाला गांव स्थित पीर पहाड़ में मंगलवार को आसपास के सैकड़ो गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान दुर्गा पहाड़िया की अध्यक्षता में पहाड़ में मेला लगाने के खिलाफ बैठक किया। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि मेला नहीं लगाने दिया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने मेला के खिलाफ एक आक्रोश रैली निकालकर जगह-जगह लाल झंडी चोड़का गाड़ दिया। ग्रामीण ने बैठक स्थान से आक्रोश रैली निकालकर पूरे पीर पहाड़ का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पीर पहाड़ के नीचे लगाए गए दुकान तथा निर्माणाधीन बस का टेंट को भी खुलवा दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए बताया कि किसी भी सूरत में मेला नहीं लगाने दिया जाएगा। ग्राम प्रधान प्रधान सोरेन, शिवधन सोरेन, बबलू मरांडी, धोने मरांडी समेत अन्य ने बताया कि मेला के नाम पर यहां के आदिवासी एवं पहाड़ियों का जमीन मुस्लिम समुदाय के द्वारा हड़पने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। झारखंड के जमीन पर बंगाल के मुस्लिम समुदाय का बोलबाला है। बताया कि कुछ दिन मेला का सामान रखने के लिए पहाड़ के नीचे एक टीना का घर भी बना लिया गया है। यह सब पहले कभी नहीं होता था परंतु बंगाल के लोगों का नजर आदिवासी एवं पहाड़ियों के जमीन पर है।

## झामुमो ने प्रखंड के दस पंचायतों में किया संयोजक मंडली का गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** विधायक हेमलाल मूर्मू की उपस्थिति में झामुमो की स्थानीय डाकबंगला प्रांगण में सोमवार को हुई बैठक में प्रखंड के दसों पंचायतों में अलग-अलग संयोजक मंडली का गठन हुआ। सर्वसम्मति से पंचायत बासमती से सुभाष मराण्डी, जामूगड़िया से इमरान अंसारी, अमड़ापाड़ा संथाली से नारायण भगत और बेंजामिन मराण्डी, सिंगारसी से सिकंदर किस्कू और डूमरचीर से सुनील मरांडी को संयोजक मंडली में शामिल किया गया है। इसी प्रकार पंचायत पचुवाड़ा से संतोष हांसदा, आलूबेड़ा से नाजीर सोरेन, जड़ाकी से अशोक हेम्ब्रम, पाडेरकोला से श्यामलाल हांसदा, बोहड़ा से सनातन हांसदा और थॉमस मूर्मू को संयोजक मंडली में स्थान दिया गया है।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत निकाली गई बाईक रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत मंगलवार को बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को हरी झंडी दिखाकर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, विशेष कार्य पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडिस बाड़ा ने समाहरणालय परिसर से रवाना किया। बाइक रैली समाहरणालय परिसर से शुरू होकर पाकुड़ रेलवे स्टेशन तक आयोजित की गई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े नारों और संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत प्रतिदिन विभिन्न माध्यमों से विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगो को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। रैली का उद्देश्य बाइक चालकों को हेलमेट के प्रति जागरूक करना है। दुर्घटनाओं के आकड़ों को देखने पर पता चलता है कि अधिकतर दुर्घटनाओं में दो पहिया वाहन शामिल होते हैं और जिनकी दुर्घटनाओं में मृत्यु हो रही वह हेलमेट का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि आम जनमानस को दो पहिया वाहन चालक व उसके साथ बैठे सहयात्री को हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना, मोटर कार चलाते वक्त सीट बेल्ट का उपयोग करना, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना, वाहन चलाते समय फोन का उपयोग नहीं करना, खतरनाक ढंग से एवं तेज गति से वाहन चलाने इत्यादि जैसे सड़क सुरक्षा यातायात के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही ट्रैफिक नियमों का



पालन करते हुए सुरक्षित सफर करने की अपील की। इसके अलावा पुराना सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर 10 लोगों ने पुराना सदर अस्पताल में पहुंच ब्लड दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह, 2025 के अवसर पर 10 लोगों ने अपने स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। रक्तदान जीवन दान के समान है। दुर्घटना में चोटिल हो जाने की स्थिति में रक्त की उपलब्धता के कारण जान बचाई जा सकती है। अतः सड़क सुरक्षा माह के दौरान यह अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## बालू लदा ट्रैक्टर के चपेट में आकर साइकिल सवार की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** महेशपुर-पाकुड़िया मुख्य मार्ग स्थित पगला नदी पुल के समीप मंगलवार को एक बालू लदे ट्रैक्टर के चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय साइमन टुडू थाना क्षेत्र के नारायणगढ़ गांव के रसी टोला निवासी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों को सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंचकर मृतक को अपने घर ले आए।

घटना को लेकर पुलिस को सूचना मिलते ही थाने के एएसआई कलम मुर्मू एवं दिनेश प्रसाद पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर छानबीन की गई। इस दौरान सूचना मिली कि मृतक के परिजन सब को घर ले आए हैं। वहीं पुलिस मृतक का घर पहुंचकर परिजनों से बातचीत कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ सोनाजोड़ी अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार मृतक साइमन टुडू साइकिल से पगला नदी नहाने के लेकर जा रहा था।

इसी दौरान पगला नदी के पुल के समीप पाकुड़िया से एक बालू लदा ट्रैक्टर तेज रफ्तार व लापरवाही से साइकिल चालक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसे साइमन टुडू की मौत घटना स्थल पर हो गई।

## 322 सर्टिफिकेट केस पर 1 करोड़ 09 लाख 40,863 रुपये का निष्पादन

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऋण समाधान योजना के तहत नीलाम पत्र वाद का मेगा शिविर का आयोजन उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार कक्ष में किया गया। शिविर में 322 सर्टिफिकेट केस पर 1 करोड़ 09 लाख 40 हजार 863 रूपए का निष्पादन किया गया। इस मेगा शिविर में बैंक एवं नीलाम बकायेदार शामिल हुए। मौके पर उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, अपर समाहर्ता, जिला निलाम पत्र पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार उपस्थित थे।

## विधायक कक्षा में जनता दरबार लगाकर सुनी लोगों की समस्या

### क्षेत्र के लोगों को किसी प्रकार की समस्या हो उसका समाधान किया जाएगा बरकत खान





प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कक्ष में मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने जनता दरबार लगाकर विधानसभा क्षेत्र के सातगाछी गणेशपुर मिर्जापुर रामनगर पलाशबोना श्रीकुंड और नगर पंचायत क्षेत्र से पहुंचे लोगों की समस्या को सुना वही मिली समस्याओं का समाधान संबंधित पदाधिकारी से वार्तालाप कर किया गया। जनता दरबार में मुख्य रूप से मैया सम्मान योजना का ऑनलाइन आवेदन होने के बावजूद भी खाते में पैसा नहीं आने की शिकायत को लेकर दर्जनों महिला पहुंची इसको लेकर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि इस मामले को लेकर संबंधित पदाधिकारी से वार्ता की गई है वर्तमान में पोर्टल बंद है जैसे पोर्टल खुलेगा सभी माता बहनों की समस्याओं का समाधान हो जाएगा कई लोग आंचल से संबंधित समस्याएं अबूआ आवास बिजली की समस्या पेंशन नहीं मिलने की शिकायत लेकर भी पहुंचे इन शिकायत पर संबंधित पदाधिकारी को जानकारी देते हुए जल्द समाधान करने की बात कही वही फरीदपुर निवासी दिव्यांग पालू शेख को विधायक प्रतिनिधि ने मौके पर ही बैसाखी उपलब्ध करवाई उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को जो भी समस्या हो वह कभी भी मिल सकते हैं उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का प्रयास किया जाएगा ।

## दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़िया :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी का जिलास्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र पाकुड़िया में शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन पाकुड़ जिला के डीपीएम प्रवीण कुमार मिश्रा ने किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में पाकुड़ जिले के सभी प्रखंडों के संकुल संघ सदस्य उपस्थित थे। जिनमें पाकुड़ सदर के 8 संकुल संघ सदस्य, पाकुड़िया के 4, हिरणपुर के 4 सहित लिट्टीपाड़ा एवं आमडापाडा के 4-4 संकुल सदस्य उपस्थित थे। डीपीएम श्री मिश्रा ने कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य जिला स्तरीय सभी संकुल संगठनों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना एवं सभी तरह के खाता वहीं का सही तरीके से सदुपयोग करते हुए



इस्तेमाल करना है।

इसके अलावा सभी थीम जैसे आजीविका, वित्तीय समावेशन, पशुपालन, मुर्गी पालन, अभिसरण आदि अन्य आवश्यक गतिविधियों के बारे में भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। मौके पर डीपीएम प्रवीण कुमार मिश्रा, आशीष रंजन, राजीव कुमार, बासुदेव प्रसाद साह, रीता कुमारी, स्वेता सिंह, रूमा आदि अन्य दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## संताली भाषा की ओलचिकी लिपि को राज्य का प्रथम राजभाषा बनाने की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** संताली भाषा ओलचिकी लिपि को झारखंड का प्रथम राजभाषा बनाने को लेकर आदिवासी सेंगेल अभियान की जिला इकाई ने मंगलवार को बीडीओ के जरिए सीएम को अपना मेमोरेंडम सौंपा। तत्काल मौजूद जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशांति किस्कू ने बताया कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। यहां संताली भाषा-भाषी लोगों की संख्या लाखों में हैं। संताली भाषा की अपनी लिपि ओलचिकी है। संताली भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में भी शामिल है। वर्ष 2019 में ओलचिकी लिपि के घंटी आधारित शिक्षक पाकुड़, साहेबगंज, जामताड़ा आदि जिलों में प्रतिनियुक्त हैं। बताया हमारी मांग है कि संताली भाषा की ओलचिकी लिपि को अविलंब संविधान के अनुच्छेद 345 के तहत राज्य का प्रथम राजभाषा बनाया जाय तथा सभी स्कूल, कॉलेजों में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की जाय। नियमतः इससे झारखंड को विशेष पहचान मिलेगा और संबंधित भाषा-भाषी लोगों का सम्मान बढेगा। इस दौरान एएसए के संताल के प्रमंडलीय महासचिव मदन मूर्मू, छात्र मोर्चा अध्यक्ष रूबीलाल किस्कू, प्रखंड अध्यक्ष नरेश हांसदा, संयोजक बुद्धिनाथ टुडू सहित पीयूष हांसदा, दुलारी मराण्डी, रोशनी मूर्मू, राजू मरांडी, प्रमिला किस्कू, भैया हांसदा, अनिल हेम्ब्रम, सुनील टुडू आदि दर्जनों अन्य पदधारक और सदस्य मौजूद थे।

## विधायक निशात आलम ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात कर अपने क्षेत्र के समस्याओं से अवगत

**मंत्री से मिलती विधायक और कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहरवा :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम ने मंगलवार को झारखंड सरकार के नगर विकास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन एवं कला संस्कृति विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से रांची स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर अपने क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराया। विधायक निसात आलम ने बताया कि पाकुड़ केकेएम कॉलेज मे पीजी की पढ़ाई लंबे समय से नहीं हो रही है यहां के छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिस कारण छात्र और छात्राएं उच्च शिक्षा हासिल नहीं कर पा रहे हैं। साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड में एक भी महिला कॉलेज नहीं है, यहां के बच्चियों को काफी परेशानी हो रही है इसलिए यहां पर एक महिला कॉलेज की स्थापना करने की जरूरत है,

बीएसके कॉलेज बरहरवा में शिक्षकों की कमी को दूर करने की भी मांग रखते हुए उन्होंने पाकुड़ नगर परिषद तथा बरहरवा नगर पंचायत की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत करवाया विधायक के द्वारा रखी गई क्षेत्र की समस्याओं एवं विकास कार्यों को लेकर मंत्री सुदीब्य कुमार सोनू ने कहा कि सभी समस्याओं को लेकर विचार किया जाएगा और जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा उक्त मौके पर झारखंड कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम भी मौजूद रहे।

## फाईलेरिया उन्मूलन को ले जागरुकता रथ को किया रवाना




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का,अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल डॉ मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया जाएगा।

यह जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा।

बीमारी के बारे में कहा कि 1 वर्ष से कम आयु वाले शिशु, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिलाओं को मलेरिया रोधी दवा नहीं खिलाया जाएगा।

## शादी समारोह में गये थे घरवाले, 1 लाख 7 हजार नकदी सहित लाखों की चोरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगलपाड़ा गांव में एक बंद घर से लाखों की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। अज्ञात चोरों ने घर के पीछे के तरफ के वेंटिलेटर से अंदर प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उधवा जंगलपाड़ा निवासी संजय सिंह अपने परिवार के साथ किसी रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गए हुए थे। सोमवार की देर संध्या जब वे शादी समारोह से घर लौटे तो देखा कि घर के अलमारी में रखे नगदी सहित जेवरात व अन्य सामान की चोरी कर



ली गई है। घटना को लेकर राधा नगर थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पीड़ित संजय सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके घर से नगदी एक लाख सात हजार सहित लाखों के जेवरातों की चोरी हुई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## दिव्यांग ने राज्य सूचना आयोग व डीसी से लगाई गुहार

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंडल कारा में भोजन व अन्य व्यवस्था के ऑक्शन बिडर अरशद अली ने राज्य सूचना आयोग एवं उपायुक्त को पत्र लिख कर गुहार लगाई है। पत्र में उन्होंने कहा कि मंडल कारा में सामान आपूर्ति का बकाया बिल भुगतान के लिए 17 सितंबर 2024 डाक से पत्र भेजा था। इसके साथ विपत्र भी संलग्न किया था। लेकिन मंडल कारा भुगतान ना कर बार-बार विपत्र की मांग करता है। दिव्यांगता के चलते उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 4 दिसंबर 2024 को भी उन्होंने मंडल कारा को विपत्र के साथ आवेदन देकर बकाया भुगतान की गुहार लगाई। लेकिन उन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा। दिव्यांग अरशद अली ने मंडल कारा से बकाया राशि भुगतान कराने की गुहार लगाई है।

## बाकुड़ी पोखरिया में आग तापने के दौरान झुलसी महिला

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाकुड़ी स्थित पोखरिया गांव में मंगलवार को आग तापने के दौरान एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने सदर अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया है। जहां महिला का इलाज चल रहा है। महिला पुनिया देवी (33) है। महिला के पति ने बताया कि अपने मायके में आग ताप रही थी। इसी दौरान आग कपड़ा में पकड़ लिया। इसमे वे गंभीर रूप से झुलस गई।

## किशोरी ने खाई कीटनाशक दवा, हालत बिगड़ी

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तालझारी थाना क्षेत्र के धनबाद भट्ठा में मंगलवार को एक किशोरी की कीटनाशक दवा खाने से हालत बिगड़ गई। परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। किशोरी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता की उम्र 16 वर्ष बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि किशोरी ने क्यों और क्या खाई है। इस बारे में कोई जानकारी नही है। घर में करीब 12 बजे देखा तो गंभीर हालत में पड़ी थी। बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है।

## टोटो पलटने से दो महिला गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के जिरवाबाड़ी में मंगलवार को टोटो (ई रिक्शा) से असंतुलित होकर पलट जाने से वाहन में सवार दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगो ने इलाज के लिए दोनो महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। दोनो महिला छोटा पंचगढ़ की मन्ना देवी व गोतनी गंगा देवी है। घायल महिला मन्ना देवी ने बताया कि टोटो से वे दोनों गोतनी घर जा रही थी। टोटो काफी तेज रफ्तार से चल रहा था। तभी अचानक टोटो का संतुलन बिगड़ने से पलटी खा गया। इसमे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गई है। वहीं दोनो घायल महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## रेलवे की जमीन पर बने झोपड़ी व दुकानों को कराया अतिक्रमण मुक्त



**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के झरना कॉलोनी व अन्य रेलवे की जमीन पर बने झोपड़ी व दुकानों पर मालदा मंडल के वरीय अधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान झरना कॉलोनी समेत अन्य रेलवे क्षेत्र में अवैध तरीके से रेलवे की जमीन पर बनी झोपड़पट्टी को आईओडब्लू राजीव कुमार बरदियार के नेतृत्व में अतिक्रमण अभियान के तहत अवैध झोपड़ी को हटाया गया है। राजीव कुमार ने बताया कि मालदा रेल मंडल कार्यालय के निर्देश पर अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया है। इसे लेकर पूर्व में ही नोटिस भेजी गई थी। वही इसबीच दर्जन भर अवेध झोपड़ी व दुकानों को तोड़ा गया है। मौके पर मुख्य रूप से आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफ़र किस्कु, एसआई सरोज कुमार आदि थे।

## मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में साहिबगंज स्टेशन पर चलाया गया विशेष रेल टिकट जांच अभियान

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को मजिस्ट्रेट राहुल कुमार व वाणिज्य विभाग के एरिया मैनेजर प्रवीण कुमार के संयुक्त नेतृत्व में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान साहिबगंज रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली सभी ट्रेन में चलाई गई है। इस दौरान मुख्य रूप से बिना टिकट यात्रियों से जुर्माना वसूलते हुए कड़ी देकर छोड़ दिया गया है। जानकारी के अनुसार इस दौरान अब तक 150 मामला सामने आया है इसमे करीब 47500 रुपये राजस्व की वसूली हुई है। मौके पर मुख्य रूप से स्टेशन प्रबंधक हर्षराज पाठक कमर्शियल इंचार्ज प्रेम शंकर पासवान आदि थे।



### साहिबगंज न्यायालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने जागरुकता अभियान के तहत हुआ विधिक जागरुकता कार्यक्रम

# साइबर क्राइम रोकने को दी जानकारी, जागरुक रहने की अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन न्यायालय परिसर में किया गया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधि संजीव कुमार व अन्य ने साइबर अपराध की वर्तमान स्थिति को देखते हुए संबंधित जानकारियां दी गई एवं लोगों को सचेत करते हुए साइबर क्राइम पर चर्चा की गई। बताया गया कि किसी भी अनजाने नंबरों से कॉल आती है तो ऐसी स्थिति में ओटीपी भूल से भी ना बताएं । साइबर अपराध का नया ट्रेंड डिजिटल अरेस्ट है। फेसबुक, सोशल मीडिया पर अनजानो से दोस्ती ना करें। फर्जी लोन एप मोबाइल में इंस्टॉल ना करें। गूगल पर फर्जी हेल्पलाइन नंबर से बचे एवं फेक नोटिस दस्तावेज से सावधान रहें। फिर भी अगर किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध जैसी घटना होती है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले उन्हें 1930 डायल कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार उपाध्याय, जिला एवं अतरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, जिला एवं अतरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय बिरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय शेखर कुमार, सीनीयर सिविल जज सह न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी राजेश श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी अधिवक्तागण, न्यायालयकर्मी, पीएलवी व अन्य उपस्थित थे।




## बैडमिंटन एसोसिएशन की हुई बैठक, टूर्नामेंट पर चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की बैठक स्थानीय भरतिया रोड स्थित कार्यालय में मंगलवार को संजय सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष का स्वागत उपस्थित सदस्यों की ओर से किया गया।

बैठक में जिला में बैडमिंटन को बढ़ावा देने के लिए गणतंत्र दिवस के दिन नये इंडोर स्टेडियम का शुभारंभ करने के लिए डीसी हेमंत सती, जिला प्रशासन व वर्तमान सरकार के प्रति सभी सदस्यों ने आभार व्यक्त किया। बैठक में वार्षिक बैठक की संपुष्टि की गई द्य आने वाले समय में जिला स्तरीय, संथाल परगना स्तरीय व राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजन पर भी चर्चा हुई। जिला के बैडमिंटन खिलाड़ियों की अधिक से अधिक प्रतिभा निखारने व इस खेल के प्रति लोगों को जागरुक करने पर भी चर्चा की गई।

इसके अलावा संगठन विस्तार व नये सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संदीप दीवान, चेतन भरतिया, आफताब आलम, सुरेश प्रसाद साह, दिनेश खेमका, रंजन चौधरी, रवि भगत, विकास यादव, रामकृष्ण महतो, दिनेश तुरी, मनीष दीवान, अजय कुमार वर्मा सहित कई थे।

## नशा मुक्ति अभियान को लेकर शिक्षक-शिक्षिकाओं को दी जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के पुरानी साहिबगंज नया टोला स्थित नगरपालिका उत्क्रमित गर्ल्स हाई स्कूल में मंगलवार को तम्बाकू व उसके उत्पादों से होने वाली हानि को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर शिक्षक व शिक्षिकाओं को नशा मुक्ति अभियान व तम्बाकु से होने वाले हानि आदि पर विस्तार से बताया गया। इस मौके पर डीईओ दुर्गानंद झा के अलावा रांची से आई टीम के सदस्यों ने नशा मुक्ति अभियान व तम्बाकू मुक्त अभियान पर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया। लोगों व स्कूल के बच्चों को तम्बाकु के सेवन से होने वाली बीमारी व हानि को लेकर विद्यार्थियों को कैसे जागरुक किया जाय बताया। मौके पर रिंपल झा, भोला पांडे आदि थे।



## डीएसई ने किया स्कूल निरीक्षण, विद्यार्थियों को किया प्रेरित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने मंगलवार को बरहेट प्रखंड के कई स्कूलों का निरीक्षण किया। इस क्रम में डीएसई ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोरांय आदि का निरीक्षण करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने विद्यालयों के 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें बेहतर परिणाम के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को नियमित अध्ययन, अनुशासन, और समय प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान एमडीएम की समीक्षा करते भोजन की गुणवत्ता और वितरण की जानकारी ली। साथ ही शिक्षक एवं छात्रों की उपस्थिति देखते उसेब बढ़ाने पर जोर दिया। डीएसई ने शिक्षकों से विद्यालय के शैक्षणिक मानकों को बढ़ाने के लिए न केवल छात्रों की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने बल्कि उन्हें जीवन कौशल सिखाने को कहा।



विद्यालय में बुनियादी सुविधा को देखते वहां शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और कक्षा कक्ष की स्थिति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। शिक्षा परियोजना के योजना व कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए, उन्होंने शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों में नवाचार को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

## वीरेंद्र चौधरी हत्याकांड में बिहार पुलिस ने गोपालपुर घीसू टोला में की आरोपी के घर की कुर्की



**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपालपुर दियारा स्थित घीसू टोला में मंगलवार को किसान वीरेंद्र चौधरी की हत्या के मामले में फरार आरोपियों के घर पर बिहार की कटिहार जिले के अमदाबाद थाना पुलिस ने स्थानीय मुफस्सिल थाना पुलिस की सहयोग से कुर्की जब्ती की कार्रवाई की। इस दौरान फरार आरोपियों के घर में रखें सामान को बिहार पुलिस ने कुर्क किया और अपने साथ अमदाबाद थाना ले गई। कुर्की जब्ती की कार्रवाई अमदाबाद थाना के एसआई विजय राम की अगुवाई में हुई। जबकि सहयोग में मौके पर मुफस्सिल थाना के एएसआई चंचल कुमार व गजाधर पासवान आदि सदल बल के साथ मौजूद थे।

## जनसंख्या विस्फोट को नही रोका तो भुगतने होगे गंभीर परिणाम : सत्य प्रकाश सिन्हा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** देश की जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ रही है। यह निश्चित ही निकट भविष्य मे भारत के विकास मे सबसे बड़ा बाधा बन जाएगा। उक्त बातें जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिन्हा ने कही। सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिस प्रकार देश में जनसंख्या बढ़ रही है, बढ़ती आबादी का प्रभाव जल, जंगल, जमिन को प्रभावित कर रहा है। केन्द्र व राज्य सरकार को इस दिशा में कठोर कानून बनाकर इसे रोकने कि दिशा मे पहल करनी चाहिए। अन्यथा इसके गंभीर परिणाम से कोई सुरक्षित नही रहेगा।

# टीओपी नंबर दो का एसडीपीओ ने किया निरीक्षण, दिखा जर्जर भवन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के पुरानी साहिबगंज के नया टोला स्थित गर्ल्स हाई स्कूल के समीप दो नंबर पुलिस टीओपी का मंगलवार को सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद विभिन्न सरिस्ताओं का अवलोकन किया। वहीं नाका की भौतिक स्थित की जानकारी ली। एसडीपीओ ने बताया कि नाका में अतिरिक्त बालों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वहीं भवन के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव भी विभाग को भेजा जाएगा। ज्ञात हो कि दो नंबर पुलिस चौकी अंग्रेजों के जमाने से बनी है। भवन काफी जर्जर स्थित में है। मौके पर एसआई गौरव भगत, प्रवीण प्रभाकर आदि मौजूद थे।



# शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजमहल :** मॉडल कॉलेज राजमहल में मंगलवार को परीक्षा प्रारंभ हुई। मॉडल कॉलेज राजमहल में सेमेस्टर 3 परीक्षा 2023 में शामिल सभी छात्र छात्राओं को कॉलेज के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ रणजीत कुमार सिंह ने कलम दे कर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में भू विज्ञान, भूगोल, समाज शास्त्र, गणित कुल 139 छात्र छात्राओं में से 132 उपस्थित व 7 अनुपस्थित भू विज्ञान 2 , भूगोल 109, समाज शास्त्र में 15, गणित और दूसरे पाली हिंदी उर्दू संथाली इकोनॉमिक्स बांग्ला पर्शियन संस्कृत इंडियन विचारधारा गांधियन विचारधारा आदि विषय के 227 में 219 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा के सफल संचालन में डॉ रमजान अली डॉ अमित कुमार डॉ अरविंद पांडे आनंद कुमार एवं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया वहीं परीक्षा नियंत्रक डॉ विवेक कुमार महतो ने परीक्षा संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। थाना के एएसआई बाबू सरन मुर्मू, पुलिस बल, मजिस्ट्रेट, कर्मी मोहन सिंह, सुमित कुमार साह बबलू हेंब्रम करमू महतो प्रकाश महतो श्याम लाल उरांव उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर पलटने से मिर्जाचौकी के बांसकोला में किशोर की मौत, पसरा मातम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के बड़तल्ला पंचायत के बांसकोला गांव के पास बीते सोमवार की देर शाम ट्रैक्टर के पलटने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक तालाबाबू हेम्ब्रम (15) मिर्जा संथाली गांव का रहने वाला था। घटना तब हुई जब लोहराबेडो गांव में पुआल अनलोड कर ट्रैक्टर लौट रहा था। घटना की सूचना पाकर मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव, पुअनि अमेरिका राम सदर बल के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन की। वहीं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर लिया है। मिर्जाचौकी थाना पुलिस के अनुसार मृतक के पिता विश्वा हेम्ब्रम ने बताया कि उसका बेटा बीते सोमवार की देर शाम अपने साथियों के साथ ट्रैक्टर पर पुआल लोड कर लोहराबेड़ो गांव में खाली कर लौट रहा था। तभी अचानक बांसकोला गांव के समीप ट्रैक्टर चालक संतुलन खोकर एक पुलिया के नीचे जा गिरा। हादसे में उनके बेटे की मौत मौके पर ही हो गई। घटना में चालक सहित दो अन्य लोग किसी तरह ट्रैक्टर से कूद कर जान बचाया। उधर, मंगलवार को सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में मृत किशोर के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम डॉ. ऋतुराज ने किया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं शव के गांव पहुंचते ही मातम पसरा गया। मां व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। इधर, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव ने बताया कि पुलिस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन कर रही है।





प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा डीबी, कॉर्प लिमिटेड, नियर के.जी आश्रम भूईफोड मंदिर, गोसियाडीह गोविंदपुर रोड धनबाद से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र C/O - मो0 जसीम, पिता- मो0 हबीब, ओल्ड दुमका नगर, सब डिवीजन दुमका झारखंड से प्रकाशित। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786

विचार प्रवाह

संपादकीय

## लाउडस्पीकर पर रोक

कोर्ट की सख्ती के बावजूद विभिन्न धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल बंद नहीं हुआ। दिनभर के थके-हरे लोग जब घर में आराम करते हैं तो लाउडस्पीकरों की तीव्र ध्वनि उनकी शांति में खलल डालती है। डॉक्टर भी कहते हैं कि नींद में किसी भी तरह का व्यवधान व्यक्ति के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। फिर जो लोग पहले से बीमार होते हैं, उनके लिये तो तेज शोर असहनीय होता है। लेकिन वर्तमान ध्रुवीकृत समाज में लाउडस्पीकरों का बेलगाम शोर प्रतिष्ठा का मुद्दा बन जाता है। लोग परेशान होने पर भी शिकायत नहीं करते। उन्हें डर होता है कि धार्मिक समूह उन्हें निशाना बना सकते हैं। विडंबना यह है कि नियामक एजेंसियां भी स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई नहीं करती। इस बाबत दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार शोर-शराबे पर काबू करे। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। इसलिए ध्वनि प्रदूषण के नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने पुलिस से कहा कि धार्मिक स्थलों पर लगाए गए लाउडस्पीकरों के शोर को मापने के लिए ऐप का प्रयोग करे ताकि नियम का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा सके। उन पर जुर्माना लगे। फिर भी उल्लंघन होने पर प्रबंधकों व संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। यहां तक कि कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की सुरक्षा के मद्देनजर उसकी पहचान गोपनीय रखी जाए। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के भीतर ऐसा सिस्टम लगे, जो उसकी ध्वनि के स्तर को स्वतः नियंत्रित करे। न्यायाधीशों की दो सदस्यीय बेंच ने माना कि निर्धारित मानक से अधिक शोर सेहत पर प्रतिकूल असर डालता है। अतः कोई व्यक्ति इसके इस्तेमाल को अपना अधिकार नहीं बता सकता। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक स्थलों से होने वाले शोर पर नियंत्रण के लिये ठोस प्रयास करे। कोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों तथा जनसमूह को संबोधित करने वाले सिस्टम की शोर सीमा को नियंत्रित करे। नियामक एजेंसियां निगरानी व शोर नापने के लिये ऐप प्रयोग करे। नियमानुसार दिन में ध्वनि का स्तर 55 तथा रात में 45 डेसिबल से अधिक नहीं हो। दरअसल, मुंबई में कुर्ला क्षेत्र में एक धार्मिक स्थल से निर्धारित मानकों से अधिक स्तर का ध्वनि प्रदूषण रोकने में पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ यह याचिका दायर की गई थी। वास्तव में लोग तभी शिकायत करते हैं जब ध्वनि का स्तर सहने की सीमा पार कर जाता है। अदालत ने शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रख कर कार्रवाई करने को कहा ताकि उसे सांप्रदायिक आधार पर निशाना न बनाया जा सके। यदि जुर्माना लगाने के बावजूद स्थिति नहीं सुधरती तो पुलिस धार्मिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर को जब्त करे। फिर उसके लाइसेंस को रद्द करने की कार्रवाई करे। साथ ही ध्वनि प्रदूषण नियंत्रक नियमों तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई हो। कोर्ट माना कि कठोर कानून के अभाव में लाउडस्पीकरों के उपयोगकर्ता नियम-कानून को नजरअंदाज करने लगते हैं। नियामक एजेंसियों की निष्क्रियता पर चिंता जताते हुए अदालत का कहना था कि लोग ध्वनि प्रदूषण को लेकर संविधान में वर्णित अभिव्यक्ति व धार्मिक आजादी का तर्क देते हैं, लेकिन इस पर रोक लगाना किसी भी स्थिति मे मौलिक अधिकारों का अतिक्रमण नहीं है। अतः ध्वनि की कर्कशता पर अंकुश लगाकर लोगों को राहत दी जानी चाहिए। दरअसल, पुलिस ऐसे मामलों में इसलिए भी उदासीन रहती है कि कहीं उन पर धार्मिक भावनाएं आहत होने का आक्षेप न लगा दिया जाए। कमोबेश यह स्थिति पूरे देश में और विगत में आए अदालत के फैसले की भी अनदेखी की जाती रही है। कई बार तो प्रशासन की अनुमति के बिना सार्वजनिक कार्यक्रमों का लाउडस्पीकरों से संबोधन बदस्तूर जारी रहता है। लोग इसलिये भी शिकायत नहीं करते हैं ताकि कोई टकराव न हो। धर्म विशेष के लोग उनके घरों के आसपास ही रहते हैं। ऐसे में उन्हें हिंसा की आशंका रहती है। निस्संदेह, नियंत्रण के लिए ढाई दशक पहले बनाये गए ध्वनि प्रदूषण विनियमन व नियंत्रण नियमों को बदलते वक्त के साथ प्रभावी बनाने की जरूरत है।

> कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। इसलिए ध्वनि प्रदूषण के नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने पुलिस से कहा कि धार्मिक स्थलों पर लगाए गए लाउडस्पीकरों के शोर को मापने के लिए ऐप का प्रयोग करे ताकि नियम का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा सके। उन पर जुर्माना लगे। फिर भी उल्लंघन होने पर प्रबंधकों व संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। यहां तक कि कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की सुरक्षा के मद्देनजर उसकी पहचान गोपनीय रखी जाए। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के भीतर ऐसा सिस्टम लगे, जो उसकी ध्वनि के स्तर को स्वतः नियंत्रित करे। न्यायाधीशों की दो सदस्यीय बेंच ने माना कि निर्धारित मानक से अधिक शोर सेहत पर प्रतिकूल असर डालता है।

### संपत्तियां विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत हैं जो रियल एस्टेट व्यवसायी और एजेंट के रूप में काम कर रहे

## मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर कांग्रेस चुप क्यों

योगेंद्र योगी

> राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े में इतना साहस भी नहीं हो सका कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद से हटाना तो दूर बल्कि कारण बताओ नोटिस तक जारी कर सकें। दरअसल कांग्रेस को अंदाजा है कि यदि सिद्धारमैया से कुछ भी पूछा गया तो विद्रोह की नौबत आ जाएगी। ऐसे में कांग्रेस ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखना ही सही समझा। कांग्रेस को शायद यह बात समझ में नहीं आई कि उसकी चुप्पी ही उसे अपराधी बना रही है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल पीएम मोदी की तरह झूठे वादे करते हैं। केजरीवाल ने कहा था कि भ्रष्टाचार मिटाएंगे लेकिन क्या दिल्ली में भ्रष्टाचार हटा क्या? अडानी पर भी केजरीवाल कुछ भी नहीं बोलते हैं। राहुल गांधी ने जब केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए उसी समय कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने (ईडी) ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले के संबंध में 300 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाली 142 अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया। ईडी के बेंगलुरु जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत इन संपत्तियों को जब्त किया। ईडी के अनुसार, ये संपत्तियां विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत हैं जो रियल एस्टेट व्यवसायी और एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। ईडी ने लोकायुक्त पुलिस मैसूर द्वारा भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।

आतंरिक तौर पर देखें तो राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े में इतना साहस भी नहीं हो सका कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद से हटाना तो दूर बल्कि कारण बताओ नोटिस तक जारी कर सकें। दरअसल कांग्रेस को अंदाजा है कि यदि सिद्धारमैया से कुछ भी पूछा गया तो विद्रोह की नौबत आ जाएगी। ऐसे में कांग्रेस ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखना ही सही समझा। कांग्रेस को शायद यह बात समझ में नहीं आई कि उसकी चुप्पी ही उसे अपराधी बना रही है। यही वजह है कि भाजपा ने विगत चुनावों में भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कांग्रेस की बखिया उधडऩे में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

दरअसल कमजोर होती कांग्रेस में इतने क्षत्रप पनप गए हैं कि पार्टी चाह कर भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। ऐसे में भ्रष्टाचार हो या पार्टी विरोधी गतिविधियां, कांग्रेस खिसकते जनाधार के कारण यह जहर पीने को मजबूर हो



गई है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसका उदाहरण हैं। सरेआम पार्टी के निर्णयों की उपेक्षा करने के बावजूद कांग्रेस गहलोत के खिलाफ कोई कार्ररवाई नहीं कर सकी। इसी तरह सचिन पायलट भी पार्टी खुल कर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे, किन्तु कांग्रेस उनकी तरफ से भी आंखे फेरे रही है। गहलोत और पायलट के अंदरूनी सता संघर्ष का ही नतीजा रहा कि कमजोर कांग्रेस राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकी और करारी शिकस्त खाने को मजबूर हुई।

कांग्रेस में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरने वाले सिद्धारमैया अकेले नेता नहीं हैं। पार्टी में नीचे से लेकर शीर्ष तक नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी कई भाषणों में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के जमानत पर बाहर होने पर चुटकी भी लेते रहे हैं। संसद के सत्र के दौरान जब कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा था कि भ्रष्टाचार के मामले हैं तो गिरफ्तार क्यों नहीं करते, तब पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा था- जमानत पर हैं तो एन्जॉय करिए। इसी तरह कांग्रेस मौके-बेमौके ऐसे मुद्दें पर उपहास का पात्र बनती रही है।

भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर रहे हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती है। नेशनल हेराल्ड केस-2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी का आरोप है कि यह सब कुछ दिल्ली में बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस की 16 सौ करोड़ रुपये की बिल्डिंग पर कब्जा करने के लिए किया गया।

वर्ष 2013 में अगस्ता वेस्टलैंड वीआइपी हेलीकॉप्टर खरीद घोटाला में सीबीआई और दूसरी केंद्रीय एजेंसियां अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। राजस्थान में एंबुलेस घोटाला में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट भी आरोपी हैं। ये मामला 2010 से लेकर 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का है। ईडी अब तक 12 करोड़ की संपत्तियां आरोपियों से जब्त कर चुकी है।

कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने छापेमारी की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी।

आश्चर्य यह नहीं है कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं, बल्कि लगाने वाले ने अपनी पार्टी की गिरेबां में झांक कर नहीं देखा। आकंठ तक भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी कांग्रेस के मुंह से भ्रष्टाचार शब्द भी अब बेजान हो गया है। कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान भ्रष्टाचार के काले कारनामों से रंगा हुआ है। कांग्रेस यदि आज देश में लगातार सिमटती जा रही है तो उसका प्रमुख कारण भ्रष्टाचार में लिप्त होना है। भाजपा के बाद देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस अपने दामन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर दोमुंही बातें करती रही है। यह निश्चित है कि जब तक कांग्रेस भ्रष्टाचार को लेकर कथनी और करनी के फर्क को नहीं मिटाती तब तक देश के मतदाताओं का पूरा भरोसा नहीं जीत सकती।

दृष्टि कोण

## जागरूकता के साथ जिम्मेदारी भी जरूरी

लोकतंत्र का आधार मतदान है और युवा इस आधार को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस दिन का उद्देश्य नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना और मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करना है। हमारे देश में युवा आबादी काफी बड़ी है। ऐसे में युवाओं को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करना अत्यंत जरूरी है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस युवाओं को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह उन्हें लोकतंत्र में भागीदार बनने, समाज में सक्रिय भूमिका निभाने और देश के विकास में योगदान देने का मौका देता है।

इस वर्ष के राष्ट्रीय मतदाता दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि यह लोकतंत्र के 75 वर्ष पूरे होने के वर्ष में मनाया जा रहा है। भारत में यह दिन हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है, जो भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना का दिवस भी है। 25 जनवरी, 2025 को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय मतदाता दिवस देश के हर नागरिक, विशेषकर युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

लोकतंत्र की सफलता का आधार स्वतंत्र, निष्पक्ष और सक्रिय मतदान है। जब अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, तभी एक सच्चा लोकतंत्र फल-फूल सकता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया, दिव्यांगजन सहित सभी वर्गों के लिए मतदान की सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी दी जाती है। इस दिन युवाओं को विशेष रूप से संबोधित किया जाता है और उन्हें मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है।

मतदान एक कानूनी अधिकार है, और यह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है। भारत में, मतदान से संबंधित सभी गतिविधियों को चुनाव आयोग द्वारा नियंत्रित किया जाता है। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है जो निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार है। भारत में 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार प्राप्त होता है। सभी योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज होते हैं। मतदान एक गुप्त प्रक्रिया है। कोई भी यह नहीं जान सकता कि आपने किस उम्मीदवार को वोट दिया है।

शिक्षक छात्रों को लोकतंत्र के मूल्यों, मतदान का महत्व बताने के साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बना सकते हैं। शिक्षक स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में वाद-विवाद, निबंध लेखन प्रतियोगिताएं, नाटक, पोस्टर प्रदर्शन आदि आयोजित कर सकते हैं। छात्रों के बीच मॉक पोल का आयोजन कर उन्हें वास्तविक मतदान प्रक्रिया से परिचित कराया जा सकता है। विशेषज्ञों को आमंत्रित कर सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा सकता है, जिसमें छात्रों को मतदान के महत्व और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी जाए। शिक्षक चुनाव आयोग के साथ मिलकर छात्रों को मतदाता पहचान पत्र बनवाने में मदद कर सकते हैं। इससे छात्र अपने मताधिकार का सही तरीके से प्रयोग करेंगे और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में योगदान देंगे।

युवाओं को यह समझाना होगा कि लोकतंत्र एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें हर नागरिक के पास अपनी सरकार चुनने का अधिकार होता है। मतदान इसी अधिकार का प्रयोग करने का एक तरीका है। युवाओं को यह बताना चाहिए कि वे अपने मतदान के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। वे ऐसे नेताओं को चुन सकते हैं जो उनके मुद्दों को समझें और उनके लिए काम करें। उन्हें ऐसे नेताओं को चुनना चाहिए जो देश के विकास के लिए प्रतिबद्ध हों। युवाओं को यह समझाना होगा कि मतदान एक जिम्मेदारी भी है। उन्हें अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना चाहिए और मतदान करके इसे निभाना चाहिए।

कुछ अलग

## ट्रंप का अमेरिका

डोनाल्ड ट्रंप ने विधिवत रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अमेरिकी इतिहास में वे दूसरे ऐसे राष्ट्रपति बन गये हैं, जिन्होंने अलग-अलग समय में दो कार्यकाल के लिए चुने जाने का गौरव प्राप्त किया। अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप की वापसी वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण आर्थिक और भू-राजनीतिक प्रभाव डालने वाली है। उन्होंने आते ही कई महत्वपूर्ण निर्णय लेना शुरू कर दिया है। अमेरिका की आंतरिक राजनीति से प्रभावित निर्णयों के अलावा अन्य बड़े निर्णय भी इनमें शामिल हैं। जैसे- उन्होंने अवैध प्रवासियों को रोकने के लिए कठोर निर्णय ले लिया है, ट्रांसजेंडर व्यवस्था खत्म कर दी और ड्रग माफिया को आतंकी की श्रेणी में डालने का निर्णय, इस प्रकार के कई निर्णय उन्होंने कार्यभार ग्रहण करते ही ले लिए हैं। ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन के 78 निर्णयों को पलट दिया है। कैपिटल हिंसा के 1600 आरोपियों के प्रकरण वापस लेने का निर्णय भी लिया है। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वह पहले अमेरिकी हितों की चिंता करेंगे। यानी वैश्विक राजनीति में अमेरिका अब अपने हितों के संरक्षण पर जोर देगा। इसी संदर्भ में देखना होगा कि उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका के बाहर होने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। कोरोना महामारी के समय से ट्रंप विश्व स्वास्थ्य संगठन के विरोध में रहे हैं। बहरहाल, भारत के लिए महत्वपूर्ण सवाल यह है कि ट्रंप की नीतियों के कारण अब अमेरिका-भारत के संबंध किस प्रकार के रहेंगे। वैश्विक राजनीति के विश्लेषक मान रहे हैं कि ट्रंप का राज भारत के लिए अवसरों और चुनौतियों का मिश्रण प्रस्तुत करता है। ट्रंप की व्यापार, रक्षा और विदेशी संबंधों की नीतियां- विशेष रूप से दक्षिण एशिया और हिंद-प्रशांत में- अमेरिका-भारत संबंधों की भविष्य की दिशा को आकार देंगी। पहले की प्रशासनिक नीतियों की तरह, चीन को लेकर साझा चिंताओं और क्षेत्रीय सुरक्षा एवं आर्थिक स्थिरता में बढ़ती रुचि के कारण दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंध ट्रंप के कार्यकाल में और गहरे होने की संभावना है। ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी में विशेष रूप से रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में निरंतर वृद्धि की संभावना है। चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर साझा चिंता दोनों देशों के लिए एक मजबूत एकीकृत कारक बनी हुई है। ट्रंप का क्वाड को मजबूत करने पर जोर भारत के हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण के साथ मेल खाता है। भारत को संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और खुफिया जानकारी साझा करने में अमेरिका से और अधिक समर्थन मिलने की उम्मीद है, जो भारत की क्षेत्रीय सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ायेगा। ट्रंप की 'शक्ति के माध्यम से शांति' की नीति हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक अधिक मुखर अमेरिकी रुख में परिवर्तित हो सकती है, जो भारत की रणनीतिक प्राथमिकताओं के साथ मेल खाती है। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में भी सहयोग बढ़ने की संभावना है, खासकर ऐसे समय में जब भारत-मध्य एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे जैसी पहलें चर्चा में हैं और इस्राइल-सऊदी अरब के संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयास जारी हैं। अभी तक प्राप्त संकेतों के आधार पर कहा जा सकता है कि डोनाल्ड ट्रंप की वापसी से अमेरिका-भारत संबंधों को नया आयाम मिल सकता है।

देश दुनीया से

## रूस-चीन संबंधों की नई इबारत लिखते ट्रंप

वर्ष 2024 के अंत में अपनी सालाना पत्रकार वार्ता में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की : 'मैं कहूंगा कि स्थिति नाटकीय रूप से बदल रही है'। उन्होंने आगे कहा : 'हर दिन समूचे अग्रिम मोर्चे पर हलचल हो रही है'। पुतिन के बारे में माना जाता है कि वे अपने शब्दों का चयन बहुत सावधानी से करते हैं। अब यह स्पष्ट है कि यह केवल कुछ वक्त की बात है जब रूस यूक्रेन को शेष बचे रूसी क्षेत्र से खदेड़ कर, अपने इलाकाई उद्देश्यों की प्राप्ति कर लेगा, जिस पर जल्द से जल्द पुनः नियंत्रण बनाने को अब वह बेताब है। यह दक्षिण तटों सहित वह इलाका है जिस पर रूस का नियंत्रण ऐतिहासिक रूप से रहा था। अब ऐसा लग रहा है कि यूक्रेन को उस क्षेत्र से बेदखल होना पड़ेगा, जिस पर लड़ाई शुरू होने से पहले उसका नियंत्रण था। फिलहाल, रूस वह इलाका दुबारा पाने की कोशिश में लगा है, जो युद्ध शुरू होने के बाद हाथ से निकल गया था।

साथ ही, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यहां मामला युवा और अनुभवहीन यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की का भी है, जिन्हें बाइडेन प्रशासन और उसके नाटो सहयोगियों ने अपने दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र पर नियंत्रण बढ़ाने के लिए उकसाया था। अब यह स्पष्ट है कि बाइडेन प्रशासन के विपरीत, ट्रम्प की सरकार पुतिन के सैनिकों से निबटने के लिए यूक्रेन के सैन्य अभियानों में उनका साथ नहीं देने वाली। इस सारी प्रक्रिया में, ऐसा लगता है कि अमेरिका यह भूल गया कि रूसियों का एक मुख्य उद्देश्य ऐतिहासिक रूप से 'गर्म पानी' वाले तटों पर अपना नियंत्रण और निर्बाध पहुंच बनाए रखना है। साफ है जो बाइडेन ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि रूस के लिए वे अपने पूर्व में मौजूद इलाके कितने महत्वपूर्ण हैं, जिनपर कभी उसका नियंत्रण रहा था और जिससे होकर समुद्र तक उसकी पहुंच साल भर बनी रहती है, विशेषकर वर्तमान में यूक्रेन के तटों वाला।

ट्रम्प के आगमन के साथ देखा जा रहा सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन यह होगा कि इन मुद्दों को हल करने के लिए एक गंभीर प्रयास चल निकलेगा, ताकि यह सुनिश्चित हो पाए कि समुद्र तक रूस की पहुंच पूर्णतः सुरक्षित रह सके। इसके अलावा, ऐसे संकेत हैं कि पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र में भी इलाका कब्जाने में रूसी सावधानीपूर्वक लगे हुए हैं। हालांकि, राष्ट्रपति ट्रम्प रूस के क्षेत्रीय दावों पर यूरोपीय मुल्कों की चिंताओं से जानबूझकर अनजान बने प्रतीत होते हैं। उन्होंने पुतिन के क्षेत्रीय दावों का जिक्र इस प्रकार किया है : 'क्या दिमाग है। पुतिन यूक्रेन के एक बड़े हिस्से को आजाद घोषित कर रहे हैं। यह अद्भुत है'! यह हैरानी जनक है क्योंकि कोई यह उम्मीद नहीं कर सकता था कि अमेरिका इस प्रकार से रूस के क्षेत्रीय दावों का समर्थन करेगा! राष्ट्रपति ट्रम्प के राज में अमेरिका-चीन संबंधों के बारे में, ऐसे वक्त पर जब भारत चीन के साथ अपनी सीमाओं पर तनाव को खत्म करने के प्रयास करने में लगा है, चीन के साथ ट्रम्प के संबंधों में कोई गंभीर सफलता मिलने की संभावना कम ही है। ट्रम्प ने चीन की नीतियों के साथ अपने मतभेद व्यक्त करने में कभी संकोच नहीं किया है। इसकी पुष्टि सीनेटर



मार्को रुबियो को अपना विदेश मंत्री और सांसद माइक वाल्ट्ज को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त करने से होती है। रुबियो और वाल्ट्ज, दोनों को, वाशिंगटन में 'कट्टर चीन विरोधी' के रूप में जाना जाता है। चीन ने साल 2020 में रुबियो को अपने यहां प्रवेश देने से दो बार रोका था। किसी को हैरानी हो सकती है कि क्या यह प्रतिबंध आगे भी लागू रहेगा। ट्रम्प द्वारा इन दोनों की नियुक्ति का चीन जरा भी स्वागत नहीं करेगा। फिर भी, ट्रम्प के एक अन्य सहयोगी, अरबोंपति एलन मस्क के चीन में बड़े वाणिज्यिक हित हैं, जिनका मूल्य अरबों डॉलर में है। ट्रम्प स्पष्ट रूप से चीनियों को लेकर अपने इरादों के बारे में अनिश्चितता से भरे हुए हैं। ब्यानबाजी के बावजूद, यह भी साफ है कि ट्रंप चीन के साथ अपने विकल्प खुले रखेंगे। हाल-फिलहाल राष्ट्रपति ट्रंप को चीन को उसकी जगह पर रखने के लिए, भारत को संतुलन के तौर पर इस्तेमाल करना चाहेंगे। बदले में भारत को अभी भी अमेरिका की जरूरत है। उच्च तकनीक, रक्षा उत्पादन और अंतरिक्ष से लेकर सुरक्षा आदान-प्रदान और आर्थिक सहयोग के अन्य क्षेत्रों में सहयोग की। यह ऐसे वक्त में हो रहा है जब अमेरिका में बसे उच्च शिक्षित भारतीयों की आबादी बढ़ रही है, जोकि वर्तमान में लगभग 51 लाख है।

हालांकि, अमेरिका-चीन संबंध कठिन दौर से गुजर रहे हैं, जो दोनों शक्तियों के नेताओं के बीच काफी आपसी अविश्वास और नापसंदगी से पैदा हुआ है। विश्वास और सहयोग की बहाली में समय लगेगा, खासकर जब ट्रम्प के ब्यानबाजी के लहजे ने 'मध्य साम्राज्य' (कभी चीनी खुद को धरती का धुरा मानते थे) के लोगों को चौंका दिया होगा। लेकिन, चीनियों के साथ मतभेदों को दूर करने के लिए ट्रंप के पास एलन मस्क के साथ उनके बढ़िया रिश्ते का उपयोग करने वाला पत्ता सदा हाथ में रहेगा, क्योंकि 'मध्य साम्राज्य' के साथ मस्क के संबंध काफी प्रगाढ़ और निहित स्वार्थ से जुड़े हैं। पहले से ही, ऐसी अटकलें हैं कि चीन अमेरिका में टिकटॉक के कारोबार का मस्क द्वारा अधिग्रहण किए जाने को मंजूरी देने की सोच रहा है। जो भारतीय मस्क के साथ सौदा करने का अवसर ढूंढ़ रहे हैं, उन्हें यह ध्यान में रखना चाहिए। एक और महत्वपूर्ण कारक जिसे किसी को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए, वह यह है कि ट्रम्प के राष्ट्रपति पुतिन के साथ संबंध बहुत बढ़िया हैं और दुनिया भर के देश इसे स्पष्ट रूप से समझते हैं। इन घटनाक्रमों से सबसे ज़्यादा प्रभावित होने वाले व्यक्ति हैं, यूक्रेन के घिरे बैठे राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की। वे यह मानकर गंभीर रूप से गलत अनुमान लगा बैठे कि जो बाइडेन के नेतृत्व वाले अमेरिका का समर्थन पाकर वे पुतिन के रूस के साथ इलाकाई विवाद में भिड़ने के काबिल हो गए हैं। दुख की बात है कि बाइडेन के उत्तराधिकारी डोनाल्ड ट्रम्प ज़ेलेंस्की का साथ देने के मूड में नहीं हैं।

ट्रम्प के हाथ में समझौता करवाने का जो औजार है, वह है अमेरिका के नेतृत्व में रूस पर लगाए गए दंडात्मक प्रतिबंधों की शृंखला। निवर्तमान बाइडेन प्रशासन के अंतिम कार्यों में से एक था रूस के ऊर्जा क्षेत्र को लक्षित करते हुए एक व्यापक प्रतिबंध निजाम लागू करना, जो 10 जनवरी, 2025 से प्रभावी हुआ है।

आप का नजरीया

## बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजा जाए

फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के कारण देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर बहस तेज हो गई है। हालांकि, सैफ अली खान पर हमले की घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाय-तौबा मचाने और मोदी सरकार को घेरनेवाले लोग हमलावर शरीफुल इस्लाम शहजाद की गिरफ्तारी के बाद से एकदम चुप्पी साध गए हैं। उनकी चुप्पी का कारण है- आरोपी का मुस्लिम और बांग्लादेशी घुसपैठिया होना। सोचिए, यदि हमलावर कोई हिन्दू होता, तब ये तथाकथित सेकुलर बिरादरी के लोग किस प्रकार सरकार को घेरते। हमले के बाद उन्होंने यह नैरेटिव बनाने का प्रयास किया ही कि देश में मुसलमानों के खिलाफ नकारात्मक वातावरण बना दिया गया है, जिसके कारण सैफ अली खान पर हमला हुआ। इसमें भी 'तैमूर प्रकरण' को विशेष रूप से जोड़ा जा रहा था। लेकिन जैसे ही सामने आया कि सैफ अली खान पर हमला करनेवाला कोई हिन्दू नहीं अपितु मुस्लिम ही है, तब से हाय-तौबा मचानेवाले समूह में खामोशी पसर गई है। इस प्रकरण से यह भी स्पष्ट होता है कि घटनाओं को सांप्रदायिक रंग देने में तथाकथित सेकुलर समूह सबसे आगे रहता है। बहरहाल, देश के आम नागरिक को यह बात तो ध्यान आ गई कि बांग्लादेश से होनेवाली अवैध घुसपैठ एक गंभीर संकट है। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय विचार के संगठन लंबे समय से इस बात की ओर संकेत करते आ रहे हैं कि बांग्लादेशी घुसपैठिए देश की शांति एवं सुरक्षा के लिए चुनौती बनने लगे हैं। चिंताजनक बात यह है कि बांग्लादेश से आनेवाले ये अवैध घुसपैठिए अपनी धार्मिक एवं वास्तिवक पहचान छिपाकर यहाँ-वहाँ फैल गए हैं। आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद भी बिजॉय दास नाम से मुंबई में रह रहा था। कुछ दिन पहले मुंबई से ही एक बांग्लादेशी महिला कुलसुम शेख को भी पुलिस ने पकड़ा था, जो 2016 से मोहिनी के नाम से यहाँ रह रही थी। ऐसे ही कई बांग्लादेशी बेंगलुरु, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, असम, कर्नाटक और देश के कई राज्यों से पकड़े जा चुके हैं, जिन्होंने भारत में हिंदू नामों के पीछे खुद को छिपा रखा था। दिल्ली में आए दिन बांग्लादेशियों के पकड़े जाते हैं। देश के कई हिस्से ऐसे हैं, जहां अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण इलाके की डेमोग्राफी बदल गई है। आपराधिक वारदात में भी बांग्लादेशी और रोहिंग्या की शामिल होने के समाचार आते रहते हैं। अलग-अलग रिपोर्टस के अनुसार, जम्मू-कश्मीर से कन्याकुमारी के बीच देश के लगभग 17 राज्यों में लगभग दो करोड़ बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं। इस बारे में पहला आधिकारिक आंकड़ा संसद में 2007 में आया था। तब तत्कालीन गृह राज्य मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने बताया था कि भारत में 1.2 करोड़ अवैध बांग्लादेशी हैं। फिर दूसरी बार इस पर सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर जोगिंदर सिंह ने 2014 में एक आंकड़ा रखा। तब उन्होंने अनुमान लगाया था कि देश में करीब पांच करोड़ अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं। केन्द्र सरकार को चाहिए कि संकल्प लेकर एक बार समूचे देश में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कराए और उन्हें वापस भेजे।

# सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 की तैयारी अंतिम चरण पर


- झारखंड में लगातार दूसरी बार हजारीबाग रचेगा इतिहास, सांसद मनीष जायसवाल सहित हजारों लोगों का 101 बेटियों को मिलेगा सदा सुहागन रहो का शुभाशीर्वाद
- तोहफ़े में हजारीबाग सांसद सभी नवदंपत्तियों को भेंट करेंगे इलेक्ट्रिक स्कूटी संग गृहस्थ का 34 सामान
- तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे हैं सांसद और उनकी पूरी टीम, विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम में शादी मण्डप बनकर हुए तैयार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 के तहत 101 जोड़ियों की शादी रचाने के लिए विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम ( पुराना बस स्टैंड के समीप) में विवाह मंडप तैयार हो रहें हैं। विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है जिसमें खुद सांसद मनीष जायसवाल और उनकी पूरी टीम तत्परता से जुटी हुई है। यह सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 कार्यक्रम आगामी 02 फरवरी 2025 (रविवार) को आयोजित होगा जहां 101 बेटियों का एकसाथ सांसद मनीष जायसवाल, उनके परिवारजन और उनके हितजनों का सदा सुहागन रहने का शुभाशीर्वाद प्राप्त होगा। इस ऐतिहासिक क्षण का 50 हज़ार से अधिक लोग साक्षी बनेंगे। सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 कार्यक्रम को लेकर हजारीबाग स्टेडियम को दुल्हन की तरह सजाने में कोई कोर- कसर न रह जाए इसकी पल-पल की जानकारी दिल्ली विधानसभा चुनाव कैंपेन में रहने के बावजूद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ले रहे हैं और विवाह स्थल को बेहद खूबसूरत बनाने के लिए लगातार दिशा- निर्देश अपनी टीम को दे रहे हैं। विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम के मुख्य द्वार पर स्वागत गेट, मुख्य द्वार से स्टेडियम तक जाने वाले रास्ते में बेहद आकर्षक साज- सज्जा के साथ पैसेज का निर्माण, विवाह स्थल पर ग्राउंड में चारों तरफ से लोहे का बैरिकेटिंग और उसके अंदर बीच में विवाह में शामिल होने वाले चर्चित म्यूजिकल फेरे के पंडित राघव पंडित और उनकी टीम के साथ रंगकर्मियों के लिए एक विशाल स्टेज़, इसी परिसर में 101 आकर्षक विवाह मंडप और उसके बाहर एक मुख्य स्टेज के अलावे मैदान के चारों तरफ लोगों को बैठने के लिए पवेलियन में कालीन बिछाया जा रहा है। विवाह मंडप स्थल पर कार्पेट बिछाया जा रहा है ।हजारीबाग की धरती पर सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा पहली बार 14 दिसंबर 2023 को 25 गरीब बेटियों का सामूहिक विवाह डीपीएस स्कूल प्रांगण, हजारीबाग में अपने दो जुड़वे भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल के 25 वें शादी सालगिरह के मौके पर कराया गया था। यह कार्यक्रम तब आयोजित हुआ था जब मनीष जायसवाल हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक थे और उन्होंने सभी 25 जोड़ों के गृहस्थ बसाने से लेकर गृहस्थ चलाने तक का उपाय किया था। इस कार्यक्रम में भी 50 हज़ार से अधिक लोग गवाह बने थे। सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 दूसरा आयोजन होगा जो सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित होगा और इसमें पहली बार हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के अलावे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही, बड़कागांव, मांडू और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की बेटियां भी सम्मिलित हैं। 101 निर्धन जोड़ों का सामूहिक विवाह उत्सव संपूर्ण झारखंड में इतिहास रचेगा । सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 में शामिल सभी 101 वर- वधुओं को सांसद मनीष जायसवाल इलेक्ट्रिक स्कूटी के साथ कुल 34 गृहस्थ में उपयोग होने वाला जरूरी सामान भी भेंट करेंगे। जिसमें टीवी, फ्रिज, अलमीरा, पंखा, सूटकेस, कंबल, वर्तन सेट, वर्तन स्टैंड, सब्जी स्टैंड, साड़ियां, सूट पिस, आर्टिफिशियल ज्वेलरी सेट, शू, श्रृंगार बॉक्स, शर्ट- पेंट, दीवार घड़ी, कलाई घड़ी, बाल्टी सेट, चूड़ी सेट, चादर, केसरोल, डिनर सेट, फल पैकेट, मिठाई पैकेट सहित अन्य सामग्री शामिल है। इस सामूहिक विवाह उत्सव को लेकर एक साथ 101 बारात हजारीबाग के सिमरा रेस्ट हाउस चौक के समीप अवस्थित अपकमिंग जीडी गोयनका स्कूल से निकलेगा जो इमलीकोठी, सरदार चौक, बड़ा बाजार चौक, बंशीलाल चौक, बिरसा चौक होते हुए विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम तक पहुंचेगा। इस दौरान बारात में खुद धमाल होगा। पटाखें छोड़े जाएंगे, ढोल- तासा और बैंड बाजा बजेगा, बाराती खूब झूमेंगे- नाचेंगे। बारात में नेटूआ नाच और बाघ नाच के साथ पारंपरिक तरीके से ढोल- नगाड़े का भी जबरदस्त प्रदर्शन होगा। विवाह स्थल पर अलग- अलग 101 विवाह मंडप बनाए जा रहे हैं जहां वर- वधु के बैठने की व्यवस्था होगी। यहां वरमाला और रीति रिवाज से शादी के उपरांत कन्यादान किया जाएगा। विवाह स्थल पर गीत संगीत के जरिए कई नामचीन कलाकारों की टीम बरातिया और शरातियों का खूब मनोरंजन कराएंगे ।इस सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 को लेकर हजारीबाग शहर के हर प्रमुख चौक- चौराहें में होर्डिंग लगाए गए है। बारात निकलने के जगह से लेकर वैवाहिक स्थल तक कुल पांच स्वागत द्वार बनाए गए है। हजारीबाग शहर के अलावे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा कार्यकर्ता और सांसद मनीष जायसवाल के समर्थक और चाहने वालों के साथ सभी 101 जोड़ों के परिवारजनों में खासा उत्साह का माहौल है। रामगढ़, मांडू, बड़कागांव, बरही और सदर विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर लोग अपने तरीके से आमजनों को इस कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह कर रहें हैं। इसे लेकर हर क्षेत्र में निवेदक करते हुए स्थानीय लोगों की ओर से भी बड़े- बड़े होर्डिंग और पोस्टर लगाए गए हैं। सांसद मनीष जायसवाल की ओर से भी उनकी टीम समाज के प्रमुख संगठनों से मिलकर उन्हें निमंत्रण पत्र भेंटकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अनुरोध कर रहें हैं। तैयारी को लेकर भेंट किए जाने वाले सामग्री का पैकिंग मनीष जायसवाल की पत्नी निशा जायसवाल के देखरेख में शुरू कर दिया गया है। मिठाई बनाने का काम भी जोरों पर चल रहा है । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि समाज के 101 निधन जोड़ों का सामूहिक विवाह हम शाही शादी के तर्ज पर करने का प्रयास कर रहें हैं जिसमें सभी ऐसे जोड़ें शामिल हैं जो आर्थिक रूप से अशक्त, दिव्यांग, बेसहारा और जरूरतमंद है। समाज में ऐसे परिवार जिन्हें लगता है की अपनी बेटी का शादी बोझ बन रहा है उनकी इस गंभीर समस्या में सहभागी बनकर उनके बेटियों का शादी का सपना सम्मानजनक तरीके से करने में हम सहभागी बन पा रहें हैं यह हमारे लिए बेहद आत्मीय खुशी का पल है। सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 में शामिल होकर 101 जोड़ों के सुखमय दांपत्य जीवन की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद देने का अपील किया है ।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन, सम्बंधित अधिकारी को जांचोपरांत कर त्वरित कार्यवाही के दिये निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नैंसी सहाय ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मोसमात नगीया मोसफ्फिल, थाना, गुलाम सरवार कटकमसांडी क्षेत्र के निवासी ने उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत करने और बरही के रहने वाले भगत कुमार सिंह ने सर्वे के रास्ते में बनी हुई नाली को मिट्टी तथा पत्थर भर दिए जाने के संबंध में निवेदन किया। राजेश्वर महतो विष्णुगढ़ ने, धान अधिप्राप्ति केंद्र में धन जमा नहीं लेने के संबंध में, मालती कुमारी ओकनी ने अपनी जमीन का बंदोबस्ती किए जाने के संबंध में निवेदन किया। विनोद कुमार सिंदूर हजारीबाग ने दाखिल खारिज को रोके जाने के संबंध में, भातु महतो बरकट्ठा एनएच 2 में अधिकृत भूमि का मुआवजा भुगतान देने के संबंध में, मो. कौशिक आलम हरहद से अपनी जमीन को दूसरे लोगों के द्वारा गलत तरीके से बेचे जाने के संबंध में उपायुक्त से गुहार लगाया। इसके अलावे आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से, रोजगार, जमीन संबंधी, जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## 60 दिव्यांगजनों को निःशुल्क बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाहरणालय परिसर में आयोजित शिविर में नैंन्सी सहाय उपायुक्त, हजारीबाग के कर-कमलों से डी.एम.एफ.टी. मद से जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों के 60 दिव्यांगजनों को निःशुल्क बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल वितरण किया गया है। वितरण के दौरान उपायुक्त महोदया द्वारा बताया गया कि जनता दरबार में प्राप्त होने वाले आवेदन के आधार पर तृतीय चरण में आज 60 दिव्यांगजनों को बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल का वितरण किया जा रहा है। पूर्व में दो चरणों में 10-10 दिव्यांगजनों को बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया है। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि दिव्यांग छात्र-छात्राओं, विभिन्न व्यवसाय से जुड़े दिव्यांगजनों एवं अन्य को उनके दैनिक कार्य के निष्पादन में सहयोग हो। वितरण के दौरान इश्तियाक अहमद, उप विकास आयुक्त, हजारीबाग, पंकज तिवारी, जिला योजना पदाधिकारी, हजारीबाग एवं शिप्रा सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग एवं डी.एम.एफ.टी. तथा समाज कल्याण विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय जनता दल ने सदस्यता अभियान को लेकर की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** परिसदन भवन में हीरामन यादव उर्फ चरका यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनता दल झारखंड के सदस्यता अभियान को लेकर बैठक की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी के रूप में शारदा देवी एवं भोली प्रसाद साहू मौजूद थे। इस मौके पर रांची से प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव , पूर्व विधायक गौतम सागर राणा जी, प्रदेश उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष अर्जुन यादव , जिला सचिव प्रदीप मेहता, सचिव सूरज मेहता, कमल गोप इत्यादि मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए गौतम सागर राणा ने कहा की सामाजिक न्याय की लड़ाई लालू जी ने जिस तरह से लड़ी वह इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज रहेगा।अनीता यादव ने 90 के दशक से पहले के बिहार में संप्रदायिक ताकतों के द्वारा महिला ,अल्पसंख्यक, आदिवासी , पिछड़े समाज और दलितों के शोषण को याद करते हुए कहा कि हमें आज भी सामाजिक न्याय पूरी तरह से नहीं मिली। आज भी कई जगहों पर जाति के नाम पर लोगों का शोषण जारी है ।ऐसे में जब तेजस्वी यादव ने ए टू जेड का नारा दिया है तो हमें समझना होगा कि चाहे वह किसी भी जाति से हो पर अगर उसका शोषण होगा तब उसके साथ हमें खड़े होने की आवश्यकता है। शारदा देवी और भोली प्रसाद साहू ने सदस्यता अभियान को तेज करने पर जोर दिया और कहा कि हजारीबाग में भी लालू यादव के चाहने वालों की कमी नहीं है बस कमी है तो हमारे मंसूबे में। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने लालू प्रसाद यादव के विचारधारा से प्रभावित होकर राष्ट्रीय जनता दल का दामन थामा जिनमे मनीष यादव, चंदन यादव, प्रेमचंद राम, मोहम्मद असलम ,वासुदेव कुमार यादव, सूरज ,चंदन, अजीत ,शिल्पी मेरी,पूजा तोपो, रीना कुजूर, राजा यादव प्रमुख थे।

## एनटीपीसी सीकरी साइट कार्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** देश के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पकरी बारवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने परियोजना प्रभावित गाँव वालों के शक्ति का अनूठा प्रदर्शन किया। परियोजना द्वारा सीकरी साइट कार्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई जहाँ पर लाह की चूड़ियाँ, मसरूम, विभिन्न प्रकार के मसाले, कई तरह के साबुन, सुंदर सोहाई चित्रकला जैसी कई चीजें स्टॉल के माध्यम से बेची गई। इन स्टॉलों पर परियोजना प्रभावित गांवों के लोग थे जो अपने उत्पाद को कर्मचारियों और अन्य लोगों को गर्व के साथ मुहैया करवा रहे थे। इन उत्पादों के लिए परियोजना द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के साथ साथ पूर्ण आर्थिक सहयोग दी जा रही है जिससे गाँव वाले हस्तनिर्मित उत्पाद जैसे साबुन, मसाले, लाह चूड़ियाँ और सोह्राई पेंटिंग्स के साथ साथ मशरूम उगा रहे हैं। इन उत्पादों के निर्माण से जहाँ गाँव वाले सशक्त और आत्मनिर्भर हो रहे हैं वहीं उनकी जीवनशैली में भी सुधार आ रहा है। परियोजना के समर्थन से अब ये आस पास की बाज़ारों में भी अपने सामान को बेच पाएंगे जिससे ये अपने परिवार का बेहतर रूप से भरण पोषण कर सकेंगे। कार्यक्रम में फैज तैय्यब, प्रोजेक्ट प्रमुख और तज़ीन फैज, जागृति महिला संघ की अध्यक्षा मौजूद रही और दोनों ही लोगों ने गाँव वालों को पूरी लगनऔर मेहनत से प्रशिक्षण लेकर उत्पादन करने के लिए सराहा। प्रदर्शनी के माध्यम से भारी संख्या में कर्मचारियों ने ख़रीदारी की और उत्पादकों को धन्यवाद कहा। इसके अलावा गणतंत्र दिवस के विशेष मौक़े पर दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक तिपहिया वितरित किए। यह पहल पकरी बरवाडीह की सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार और सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रही है।

## हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम से की मुलाकात, क्षेत्रीय समस्याओं पर की चर्चा

- जनता का विकास ही मेरी प्राथमिकता है, हर समस्या का समाधान करना मेरा कर्तव्य है : प्रदीप प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम से उनकी कार्यालय में मुलाकात की। इस मुलाकात में विधायक ने क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि हजारीबाग सदर क्षेत्र में कई लंबित समस्याएं हैं, जिनका समाधान तुरंत किया जाना आवश्यक है। इस बैठक में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। विधायक ने बताया कि क्षेत्र में कई सड़कें बेहद खराब स्थिति में हैं, जिससे लोगों को यातायात में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, जल आपूर्ति की समस्या भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है, और कई गांवों में पानी की भारी कमी है। प्रदीप प्रसाद ने सचिव से आग्रह किया कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की दिशा में प्रयास किए जाएं, ताकि राज्य के हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। विधायक ने विधानसभा सचिव से यह भी अनुरोध किया कि विकास योजनाओं में पारदर्शिता और जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार और विधानसभा सचिवालय मिलकर इन समस्याओं का समाधान करेंगे और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए काम करेंगे। इस मुलाकात के दौरान, विधानसभा सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम ने विधायक प्रदीप प्रसाद के द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि इन समस्याओं पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की यह मुलाकात क्षेत्र की जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और मैं हमेशा उनके हक के लिए संघर्ष करता रहूंगा। जनता का विकास ही मेरी प्राथमिकता है। इस बैठक के बाद, क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान को लेकर नई उम्मीदें जताई जा रही हैं।

## विक्रम राज का बिहार लोक सेवा आयोग में चयन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी के पद पर नियुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) द्वारा 27 जनवरी 2025 को जारी फाइनल परिणाम में हजारीबाग के विक्रम राज का प्रखंड कृषि पदाधिकारी के पद पर चयन हुआ है। यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे हजारीबाग जिले के लिए गर्व का क्षण है। मरियम टोली, डिपुगढा, हजारीबाग निवासी विक्रम राज नंदु प्रसाद और कंचन देवी के पुत्र हैं। उनके पिता नंदु प्रसाद, जो रविदास चौरासी समिति के अध्यक्ष और फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन, हजारीबाग से जुड़े हैं, ने इस उपलब्धि पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, यह हमारे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। विक्रम ने कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। विक्रम राज को उनकी सफलता पर रविदास चौरासी समिति और फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन, हजारीबाग की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई। विक्रम की इस उपलब्धि ने उनके क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना दिया है। उनके परिवार और स्थानीय समुदाय का कहना है कि उनकी यह सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा है। हजारीबाग के इस होनहार युवा ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया कि सही दिशा और प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरे क्षेत्र से शुभकामनाएँ दी जा रही हैं।

## शेख तैयब ने किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** 15वें वित्त आयोग से गैंडा पंचायत के किरतोडीह में 22 लाख 45 हजार की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास मध्य भाग जिप सदस्य शेख तैयब ने किया. इस बाबत शेख तैयब ने कहा कि मैंने अपने चुनाव के दौरान इसकी घोषणा की थी,जिसका आज से शुभारंभ हुआ है। इस सामुदायिक भवन के बनने से यहाँ के लोगो को शादी विवाह तथा अन्य सार्वजनिक कार्यों को लेकर ग्रामीणों को एक ठिकाना मिलेगा जिससे सभी को लाभ होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से ताज अंसारी, शौकत अंसारी, सदर मुस्लिम अंसारी, सदर अनवर अंसारी, सेक्रेटरी समीरुद्दीन अंसारी, इमामुद्दीन अंसारी, जमीरउद्दीन अंसारी, डॉ. कमरुद्दीन अंसारी, मौलाना सेराज साहब, आलम अंसारी, डुग्गीलाल यादव, विनोद बिहारी महतो, रामटहल रविदास, टेको रविदास समेत सैकड़ो की सँख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## नाली सफाई के विवाद में सक्षम स्वीट्स पर जुर्माना, नगर निगम पर उठे सवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के बंगाली दुर्गा स्थान क्षेत्र में नाली की सफाई को लेकर सक्षम स्वीट्स और नगर निगम के बीच विवाद का मामला सामने आया है। सक्षम स्वीट्स के मालिक चिंटू ने आरोप लगाया है कि नगर निगम की टीम नियमित रूप से सफाई करने नहीं आती, जिसके कारण उन्हें हर 10 दिन में निजी खर्चे पर नाली की सफाई करवानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि जब इस मुद्दे पर सवाल उठाए गए, तो नगर निगम की टीम ने उन्हें डराया और बाद में भारी जुर्माना लगा दिया। दूसरी ओर, नगर आयुक्त का कहना है कि सक्षम स्वीट्स से निकलने वाला छेना का पानी नाली में गिराया जा रहा था, जिससे नाली जाम हो गई। इसी शिकायत के आधार पर दुकान पर जुर्माना लगाया गया। यह मामला अब सार्वजनिक चर्चा का विषय बन गया है। एक ओर सक्षम स्वीट्स के मालिक नगर निगम पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं, तो दूसरी ओर नगर निगम सफाई व्यवस्था में बाधा डालने के लिए शॉप को जिम्मेदार ठहरा रहा है। इस विवाद का समाधान निकाले जाने की आवश्यकता है, ताकि स्थानीय लोगों को असुविधा न हो।

## सैमसंग ने लॉन्च की गैलेक्सी एस25 सीरीज



**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सैमसंग ने अपनी नवीनतम गैलेक्सी एस25 सीरीज के स्मार्टफोन्स की प्री-ऑर्डर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस सीरीज में गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25 और गैलेक्सी एस25 शामिल हैं, जो एआई तकनीक से लैस हैं और उपयोगकर्ताओं को अत्याधुनिक, संदर्भ-जागरूक और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करते हैं। गैलेक्सी एस25 सीरीज में सैमसंग ने अपने एआई एजेंट्स और मल्टीमॉडल क्षमताओं को एकीकृत किया है, जो टेक्स्ट, आवाज़, छवियों और वीडियो को आसानी से समझ और इंटरप्रेट कर सकते हैं। इन स्मार्टफोन्स में कस्टमाइज्ड स्नैपड्रैगन 8 एलीट प्लेटफॉर्म का उपयोग किया गया है, जो शानदार प्रोसेसिंग पावर और उन्नत कैमरा अनुभव प्रदान करता है। सैमसंग दक्षिणपश्चिम एशिया के प्रेसिडेंट जेबी पार्क ने कहा कि गैलेक्सी एस25 सीरीज उपयोगकर्ताओं को एआई के जरिए एक नेचुरल और कस्टमाइज्ड मोबाइल अनुभव देती है, जो उनकी गोपनीयता का भी पूरा ख्याल रखती है। उन्होंने यह भी बताया कि इस सीरीज का निर्माण नोएडा स्थित सैमसंग फैक्ट्री में किया जाएगा।

## भाजपा सोनारी ने खुटाडीह में जरूरतमंदों के बीच 100 कम्बल वितरण किया



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा सोनारी मंडल में सांसद विद्युत वरण महतो ने शहर में दोबारा ठंड की दस्तक को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच 100 कम्बल का वितरण करवाया। आज भाजपा सोनारी मण्डल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सोनारी खुटाडीह क्षेत्र में जरूरत मंद लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। बता दें कि क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के बीच सांसद के द्वारा लगातार? कंबल वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर पश्चिम विस के सांसद प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष संजय रजक, मंडल उपाध्यक्ष सतेन्द्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, अभिषेक सिंह, अखिलेश सिंह, दिलीप कुमार, अमर दास, तापस नन्दी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## ट्रैक मेंटेनर की विभिन्न समस्याओं को ले सांसद को सौंपा मांग पत्र



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चांद मोहम्मद के एक मांग पत्र को लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे जोनल कोषाध्यक्ष सुनील कुमार के द्वारा सांसद जहानाबाद सुरेंद्र प्रसाद यादव को ज्ञापन सौंपा गया। वही सांसद ने यह आश्वासन दिया की आने वाले संसदीय सत्र में इस गंभीर मुद्दे को लेकर रेल मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे और कहा कि रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को एक पत्र लिखेंगे और इन सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक उठाएंगे। वही ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन ने सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया है।

## ईचागढ़ थाना शिव मारुति नंदन मंदिर में दीप यज्ञ आयोजित



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना परिसर स्थित मनोकामना महादेव, मारूति नंदन मंदिर में शांति कुंज हरिद्वार के सौजन्य से गायत्री परिवार के द्वारा दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान विचार क्रांति, उज्वल भविष्य, नशा मुक्ति, बाल विवाह, डायन प्रथा आदि के संबंध में जानकारी दिया गया। वहीं गायत्री परिवार के सुषमा दीदी ने युवा पीढ़ी को आह्वान करते हुए कहा कि संस्कार से ही हम मानसिक और शारीरिक रूप से सबल हो सकते हैं। और घर घर गायत्री उपासना से ही चेतना का सृजन संभव है। युवा वर्ग को ही आगे आने की जरूरत है। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण व गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## लावा भूमिज मुंडा शमसान मैंदान में दो दिवसीय फुटबॉल व खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड की लावा भूमिज मुंडा शमसान मैंदान में स्वाधीन भारत के प्रथम विधायक निताई सिंह के स्मृति में 19 वां वार्षिक दो दिवसीय फुटबॉल व अन्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सोम- मंगलवार को शमसान रक्षा समिति लावा, पटमदा की ओर से किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में समाज के ही विभिन्न गांवों के आये 16 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें टॉस के माध्यम से विजेता बनी बेड़ादा फुटबॉल टीम को दस हजार पांच सौ, उप विजेता पाकोटोड़ा टीम को आठ हजार पांच सौ, तीसरे स्थान पर रहे झुंझका व चौथे स्थान पर रहे जोड़सा टीम को छह - छह हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावे बालक/ बालिका के बीच तीरंदाजी, स्लो- साइकिल, बम्बिंग दा सिटी, गोली चम्मच, इन - आउट, सामान्य ज्ञान, बेलून फोड़, म्यूजिकल चेयर, रस्सी खिंचाव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सफल प्रतिभागियों को भी कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पारंपरिक ग्राम प्रधान सत्रुघ्न सिंह, मुखिया कृष्णपद सिंह,अमर सिंह सरदार, शरत सिंह, भूषण सिंह, किशोर सिंह, भक्तरंजन भूमिज, कैलाश सिंह, दीनबंधु सिंह, राखहरी सिंह, सनातन सिंह, हरिपद सिंह, धनंजय सिंह, नारायण सिंह, तरनी सिंह, भगतु सिंह, चंदन सिंह समेत अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## एसइटी व एसआईटीइइ अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट (एसइटी) और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम ( एसआईटीईई) 2025 के माध्यम से अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार 12 अप्रैल 2025 तक ऑफिशियल पोर्टल के ज़रिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इस टेस्ट में उम्मीदवारों को दो मौके मिलते हैं, जिसमें उनके सर्वश्रेष्ठ स्कोर को वैद्य माना जाता है। प्रवेश परीक्षा 5 मई 2025 और 11 मई 2025 को होगी, परिणामों की घोषणा 22 मई 2025 को की जाएगी। सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट (एसइटी) और एसआईटीइइ एक घण्टे की कम्प्यूटर-आधारित प्रवेश परीक्षा है जो विभिन्न विषयों में छात्रों के एप्टीट्यूड का मूल्यांकन करती है। हर परीक्षा में उम्मीदवारों को दो अटेम्प्ट मिलते हैं। भारत के 80 शहरों में आयोजित होने वाली यह परीक्षा बड़ी संख्या में छात्रों के लिए सुलभ है। सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम में रजिस्टर करने के लिए उम्मीदवारों को www.set-test.org के ज़रिए 12 अप्रैल 2025 तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। हर परीक्षा के लिए रु 2250 का नॉन-रिफंडेबल शुल्क तथा प्रति प्रोग्राम रु 1000 का शुल्क देना होगा। पहले टेस्ट के लिए एडमिट कार्ड 25 अप्रैल 2025 को तथा दूसरे टेस्ट के लिए 30 अप्रैल 2025 को डाउनलोड किए जा सकते हैं।

# बाघ ने पटमदा के गोबरघुसी में अब दी दस्तक, दहशत में ग्रामीण, स्पेशल टीम पहुंची

### जगह-जगह लगे कैमरे, रात में निकलने से बचने की अपील





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** सरायकेला- खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के बाद पटमदा के बाटालुका से पश्चिम बंगाल फिर वहां से लौटकर बूढ़ाबूढ़ी पहाड़ और वहां से घाटशिला क्षेत्र में कई दिनों तक रहने के बाद सोमवार को रात से मंगलवार की सुबह तक पटमदा क्षेत्र में फिर देखा गया वही बाघ। पटमदा प्रखंड की गोबरघुसी पंचायत के कुकड़ू एवं अपो गांव में बाघ के पंजे का निशान मिलने व बाघ के दहाड़ने की आवाज से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। खरगोश का शिकार एवं लकड़ी लाने के लिए जंगल जाने वाले ग्रामीण सबसे अधिक डरे सहमे हैं। बाघ को नजदीक से देखने वाले वृकोदर सबर व अजीत सिंह ने पहले ग्रामीणों को सूचना दी उसके बाद वन विभाग को जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने बाघ के पंजे का निशान देखने के पश्चात सभी को सतर्कता बरतने की सलाह दी। जानकारी मिलने पर पलामू जोन से बाघ पकड़ने हेतु स्पेशल टीम के साथ वन विभाग के स्थानीय कर्मचारियों ने स्थान का मुआयना किया। पंजे के निशान से इसी क्षेत्र में बाघ के होने की पुष्टि की। उसके बाद जगह-जगह कैमरे लगाए जा रहे है। वन विभाग ने ग्रामीणों को जंगल मे जाने से मना किया और रात में निकलने से बचने की अपील की।

## नुक्कड़ नाटक के जरिए सड़क सुरक्षा जागरुकता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकडु प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक, कुकड़ु, टीकर सहित कई जगहों पर सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक से लोगों को जागरूक किया गया। परिवहन विभाग झारखंड सरकार के सौजन्य से मेजिड आरटिस्ट एसोशिएशन आफ ट्रायवल के कलाकारों ने सड़क दुर्घटना के कारणों और बचाव को लेकर नाटक की प्रदर्शन किया। वहीं लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का अपील किया गया। सड़क दुर्घटना की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचाने का अपील करते हुए अस्पताल पहुंचाने वाले पर सरकारी प्रोत्साहन राशि के संबंध में जानकारी दिया। मौके पर आरती हांसदा, अनिता मुर्मू,पायल सोरेन, दुलारी मार्डी, राहुल हांसदा,बाबूलाल मुर्मू आदि कलाकार सामिल थे।

## करीम सिटी कॉलेज में नैक का निरीक्षण संपन्न, कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था देख टीम संतुष्ट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर में चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) निरीक्षण का कार्य आज समाप्त हुआ। कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित समापन कार्यक्रम में नैक पीयर टीम के अध्यक्ष प्रोफेसर अजमेर सिंह मलिक, मेंबर कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर इंदिरा महेंद्रवाड़ा तथा मेंबर डॉक्टर मोहम्मद इलियास पी मंच पर उपस्थित हुए। प्राचार्ज डॉ मोहम्मद रेयाज, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ यहिया इब्राहीम तथा असिस्टें कोऑर्डिनेटर डॉ मोहम्मद मोइज अशरफ ने स्वागत किया। टीम के अध्यक्ष डॉ अजमेर सिंह मलिक ने प्राचार्य को बंद लिफाफा सौंपा। उसके बाद उन्होंने शिक्षककों, शिक्षकेतर कर्मियों तथा विद्यार्थियों से भरे हुए ऑडिटोरियम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह शैक्षणिक संस्थान निस्संदेह अच्छा है। यहां की विशेषता अनोखी है, यहां के विद्यार्थी अनुशासित हैं। हमने महसूस किया कि यहां सचमुच सभ्य लोग शिक्षक के रूप में मौजूद हैं। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इससे पहले आज प्रातः 9:00 बजे एनएसएस, वूमेन सेल, जिम्नैजियम, प्लेसमेंट सेल इत्यादि के निरीक्षण के बाद दल ने शिक्षा संकाय के निरीक्षण के लिए मानगो कैंपस चली गई। भोजनावकाश के बाद दल ने कैंटीन तथा ई-वेस्ट मैनेजमेंट वगैरह का भी निरीक्षण किया।

## हांसदा स्पोर्टिंग बनी फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता, प्रेम स्पोर्टिंग रही उप विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदिवासी एभेन अखाड़ा की ओर से कांड्रा के हरिहरपुर-श्रीरामपुर फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से कुल 48 टीमों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता का फाइनल मैच हांसदा स्पोर्टिंग और प्रेम स्पोर्टिंग टीम के बीच खेला गया जिसमें हांसदा स्पोर्टिंग विजयी रही। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांड्रा थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू उपस्थित थे। इस मौके पर उन्होंने विजेता टीम हांसदा स्पोर्टिंग को एक लाख नकद तथा शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। वहीं उप विजेता रही प्रेम स्पोर्टिंग को आदिवासी एभेन अखाड़ा के अध्यक्ष रामदास टुडू द्वारा साथ 80 हजार नकद व ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावे बेस्ट प्लेयर, बेस्ट गोलकीपर, बेस्ट रेफरी, मैन ऑफ द सीरीज और प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। उन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित झामुमो केंद्रीय सदस्य समाजसेवी कृष्णा बास्के, पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राम हांसदा, समाजसेवी गौतम महतो आदि द्वारा पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अखाड़ा के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद हांसदा, उपाध्यक्ष विरमल टुडू, महासचिव राजेश भगत, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार महतो, राजेन कुमार टुडू, दीपक सिंह सरदार, सचिव अनिल सरदार, सह सचिव कालीचरण सरदार, संरक्षक गोरखा हांसदा, संयोजक बुद्धेश्वर नायक, बैजनाथ मार्डी आदि की प्रमुख भूमिका रही।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जेएसएलपीएस की समीक्षा बैठक

## 25 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में जे.एस.एल.पी.एस की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उप विकास आयुक्त सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, डीपीएम जेएसएलपीएस सुजीत बारी व जेएसएलपीएस के अन्य सदस्य बैठक में उपस्थित थे। बैठक में स्वयं सहयता समूह की महिलाओं के लिए स्वरोगजार के स्थायी मॉडल निर्माण के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

उपायुक्त ने डीपीएम जेएसएलपीएस को इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 25,000 लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य दिया। उन्होने कहा कि स्वयंसहायता समूह की दीदीयां स्वरोजगार से जुड़ें, इस बाबत उनका मार्गदर्शन करें तथा आवश्यकतानुरूप तकनीकी सहायता भी प्रदान करें । खेती आधारित उत्पादों और उनके गैर-नाशवंत उप-उत्पादों जैसे टोमैटो कैचअप, फ्रोजेन मटर, खरबूजा जेली आदि के उत्पाद एवं विपणन चैनलों से जोड़ने पर चर्चा हुई ।बैठक में पशुपालन और देसी अंडा उत्पादन से जुड़े वैसे किसान जो बैकयार्ड पोल्ट्री का कार्य कर रहे हैं उन्हें संगठित कर सामूहिक रूप से प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराते हुए सफल मॉडल बनाने की रणनीति तैयार की गई। उनकी उत्पादन क्षमता का मूल्यांकन कर उन्हें किसान उत्पादक समूह से जोड़ा जाएगा । साथ ही कुटीर उद्योग के तौर पर मशरूम उत्पादन से महिलाओं को जोड़कर स्वावलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षण, कच्चा माल, बाजार उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई एवं मशरूम का प्रोसेस्ड प्रोडक्ट बनाने पर बल दिया गया। उक्त सभी कार्यों को फरवरी के मध्य तक क्रियान्वित किया जाने का निदेश दिया गया । उपायुक्त ने कहा कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पूर्वी सिंहभूम जिला में महिला सशक्तिकरण के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा । साथ ही उपभोक्ताओं को स्थानीय स्तर पर तैयार पौष्टिक उत्पाद भी उचित दाम में उपलब्ध हो सकेगा ।

## जर्जर फ्लैट धराशाही की सूचना पाकर पूर्व सीएम चम्पाई पहुंचे टायो कॉलोनी, टाटा प्रबंधन से वार्ता आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** टाटा स्टील की गम्हरिया स्थित अनुषंगी इकाई टाटा योगोडोवा लिमिटेड (टायो) कंपनी के आवासीय कॉलोनी के जर्जर हो चुके फ्लैट धराशाही होकर गिरने की सूचना पाकर पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक चम्पाई सोरेन मंगलवार की दोपहर प्रभावितों से मिलने टायो कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रभावितों से मिलकर हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। चम्पाई सोरेन ने कहा कि जल्द ही वे टाटा कंपनी प्रबंधन से वार्ता कर फ्लैट में रह रहे प्रभावित लोगों को उनके अधिकार दिलाने के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि टाटा प्रबंधन से मजदूरों के हक और अधिकार को लेकर संघर्ष करना उनके पुराने आदत में शुमार है। इससे पूर्व भी कई बार मजदूरों के मुद्दे को टाटा प्रबंधन के समक्ष जोरदार तरीके से उठाया है। आगे भी बंद टायो कंपनी के मुद्दे को टाटा प्रबंधन के समक्ष लाने का काम करेंगे। इससे पूर्व इससे प्रभावित लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा बयां की और इंसाफ दिलाने की मांग की। मौके पर मौजूद गम्हरिया के अंचलाधिकारी को पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रभावित मजदूरों को तत्काल राहत पहुंचाने का निर्देश दिया। इधर, टाटा प्रबंधन से बुधवार को वार्ता तय हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने भरोसा जताया कि प्रबंधन के साथ वार्ता कर बीच का रास्ता निकाला जाएगा और मजदूरों को इंसाफ मिलेगा। इस मौके पर टायो संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजय शर्मा, शैलेश तिवारी समेत काफी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद थे। गौरतलब है कि टायो कंपनी बंद होने के बाद मजदूरों को उनका फाइनल सेटलमेंट नहीं मिला है। मामला न्यायालय में लंबित है जिससे मजदूर कंपनी के ही फ्लैट में रह रहे थे जो काफी जर्जर हो चुका था। बताया जा रहा है कि विगत 9 साल से फ्लैट का मेंटेनेंस नहीं हुआ था। सोमवार को 16 फ्लैट एक साथ जमींदोज हो गया।

## पश्चिमी सिंहभूम सिलंबम एसोसिएशन कमेटी गठित, गौस खान सचिव व सोमारी हेंब्रम अध्यक्ष मनोनीत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** आज पश्चिमी सिंहभूम सिलंबम एसोशिएशन कमेटी का गठन हुआ, जिसमें सचिव गौस खान, सह सचिव एहसान अहमद ,अध्यक्ष सोमारी हेंब्रम ,कोषाध्यक्ष अधिराम हेंब्रम को मनोनीत किया गया। मौके पर समिति के सचिव गौस खान ने जानकारी देते हुए बताया कि सिलंबम संगठन एक प्राचीन भारतीय मार्शल आर्ट है जो मुख्यता दक्षिण भारत विशेष कर तमिलनाडु में प्रचलित है। यह एक डांडधारित मार्शल आर्ट है जिसमें लाठी का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि हर समाज के लोग अपने बच्चे बच्चियों को यह हुनर जरूर सीखने का मौका दें। आज पश्चिमी सिंहभूम सिलंबम संगठन कमेटी का गठन किया गया। वहीं सिलंबम एसोशिएशन के सह सचिव एहसान अहमद ने जानकारी देते हुए कहा कि सिलंबम एसोसिएशन आफ झारखंड (एसजीएफआई) से मान्यता प्राप्त है और भारत सरकार खेल मंत्रालय से भी मान्यता प्राप्त खेल है। इस मौके पर झारखंड के राष्ट्रीय फुटबाल कोच इकबाल खान व अन्य उपस्थित थे।

## अशोक लेलैंड ने झारखंड में तीन नए डीलरशिप का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/धनबाद :** देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने झारखंड में तीन नए डीलरशिप आउटलेट का उद्घाटन किया। साहू एंड संस ट्रकिंग्स के साथ साझेदारी में खोले गए इन आउटलेट्स में दो रांची और एक चतरा जिले के सेरेंगदाग में स्थित हैं। रांची में उद्घाटित 3एस डीलरशिप एनएच-20 पर स्थित है, जो 60,000 वर्ग फुट में फैली है और 10 सर्विस बे से सुसज्जित है। यह आउटलेट रांची, हजारीबाग, गुमला, रामगढ़ सहित आठ जिलों में सेवा प्रदान करेगा। इसमें व्हील एलाइनमेंट मशीन, न्यूमैटिक सिस्टम और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की मरम्मत के लिए विशेष बे उपलब्ध हैं। वहीं, रांची का दूसरा 1एस आउटलेट बिक्री पर केंद्रित है। सेरेंगदाग में खुला तीसरा 2एस डीलरशिप 25,000 वर्ग फुट में फैला है, जिसमें सात सर्विस बे हैं। यह चतरा कोयला खदान और एनटीपीसी टंडवा के पास स्थित है, जिससे क्षेत्रीय परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। इस संबंध में अशोक लेलैंड की राष्ट्रीय बिक्री प्रमुख माधवी देशमुख ने कहा कि हम झारखंड में बढ़ती बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और आर्थिक गतिविधियों के तहत ग्राहकों की मांग पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साहू एंड संस के निदेशक विवेक विशाल ने इसे क्षेत्रीय विकास के लिए अहम कदम बताया। कंपनी ने वाणिज्यिक वाहनों और सेवा केंद्रों के माध्यम से पूर्वी भारत में अपनी उपस्थिति मजबूत की है।

# टाटा स्टील ने ओडिशा में किया 10 बिलियन डॉलर का निवेश : टी वी नरेंद्रन

### - भुवनेश्वर में आयोजित दो दिवसीय भव्य उत्कर्ष ओडिशा 2025 कॉन्क्लेव संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज भुवनेश्वर में आयोजित दो दिवसीय भव्य आयोजन उत्कर्ष ओडिशा 2025 कॉन्क्लेव में अपने निवेश और उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए ओडिशा के विकास में एक महत्वपूर्ण साझेदार बनने की अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दोहराया। टाटा स्टील ने उत्कर्ष ओडिशा ङ्क मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025 में एक समर्पित पवेलियन स्थापित किया है, जिसमें नवाचार, सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक-आर्थिक विकास में इसके अग्रणी पहलों को प्रदर्शित किया गया है। इस पवेलियन में एडवांस मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन इंडस्ट्री के लिए गोपालपुर इंडस्ट्रियल पार्क में बुनियादी अवसंरचना के विकास, सुबर्णरेखा पोर्ट की विशेषताएं और विस्तार योजनाओं, और मेक इन इंडिया दृष्टिकोण में कंपनी के योगदान को प्रमुखता से दिखाया गया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने भी अपने योगदान की कहानी इस पवेलियन में प्रदर्शित की है। टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक, टी वी नरेंद्रन ने कहा, पिछले एक दशक में टाटा स्टील ने ओडिशा में लगभग 10 बिलियन डॉलर का निवेश किया है, जो हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण और राज्य की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। हमने कलिंगानगर में एक अत्याधुनिक स्टील प्लांट स्थापित करने के साथ-साथ नीलाचल इस्पात और भूषण स्टील जैसी परिसंपत्तियों का अधिग्रहण कर उन्हें पुनर्जीवित किया, जिससे राज्य में हमारी कुल क्षमता 11 मिलियन टन तक पहुंच गई है। अगले दशक में हम 10 मिलियन टन और क्षमता जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। ओडिशा की खनिज संपदा, विशाल तटीय क्षेत्र, कुशल कार्यबल और प्रगतिशील सरकार ने इसे टाटा स्टील के लिए भारत में सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बना दिया है। इस मेगा इवेंट में टाटा स्टील की भागीदारी उस समय हो रही है जब कंपनी अपने कलिंगानगर प्लांट के दूसरे चरण के विस्तारीकरण को गति दे रही है। जाजपुर जिले में स्थित कलिंगानगर प्लांट, जिसे 2015-16 में 3 एमटीपीए की प्रारंभिक क्षमता के साथ चालू किया गया था, अब अपनी क्षमता को 8 एमटीपीए तक बढ़ाने के लिए 27,000 करोड़ के निवेश से विस्तार कर रहा है। इस विस्तारीकरण से लगभग 8,000 रोजगार सृजित होने की उम्मीद है और यह टाटा स्टील को भारतीय ऑटोमोटिव बाजार के लिए एडवांस्ड हाई स्ट्रेंथ स्टील्स के निर्माण में सक्षम बनाएगा, जिससे आयात पर देश की निर्भरता काफी हद तक कम होगी।

# डीसी ने जनता दरबार लगा सुनी आमजनों की समस्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान जिले के विभिन्न पंचायत/गांवों से आये फरियादियों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा जिसपर संवेदनशील होकर उन्होने यथोचित व समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने जमीन का निबंधन, रैयती जमीन का एल.पी.सी, के.सी.सी. लोन माफी, जमीन विवाद, भुमि को ऑनलाइन एवं रसीद निर्गत करने समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का जांचोंपरान्त समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

# नाबालिक गायब युवती बरामद, एक गिरफ्तार, शादी की नियत से युवती को खरीद की बात आई सामने

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** विगत दिनों गुरपा से एक नाबालिक लड़की अपनी मां के साथ तिलैया बाजार करने आयी थी, बाजार आने के पश्चात् कोडरमा रेलवे स्टेशन के बाहर से ठेला पर नास्ता करने गई थी, उसी दौरान गायब हो गयी। लड़की के परिवार वालों द्वारा काफी खोजबीन किया गया, परन्तु लड़की कहीं नहीं मिली। लड़की की मां के द्वारा इस संबंध में तिलैया थाना में आवेदन देकर खोजबीन करने की मांग की । जिसके आधार पर तिलैया थाना काण्ड संख्या-18/2025, दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। काण्ड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के द्वारा उक्त काण्ड में गायब नाबालिक लडकी की बरामदगी एवं काण्ड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। काण्ड के अनुसंधान के क्रम में मिली गुप्त सूचना एवं तकनिकी साक्ष्य के आधार पर उक्त नाबालिक को बरामद करने हेतु गठित टीम को राजस्थान भेजा गया। जहां टीम द्वारा उक्त नाबालिक लड़की को बरामद किया गया एवं इस काण्ड में संलिप्त एक व्यक्ति गिरफ?तार किया गया। बरामदगी के पश्चात् नाबलिक द्वारा बताया गया कि इन्हें तिलैया में कोई व्यक्ति प्रसाद खिला दिया, जिसके कारण नाबालिंग लडकी बेहोस हो गई, इसके बाद कहां ले गये कुछ मालूम नहीं। गिरफ?तार अभियुक्त से पुछताछ करने पर इनके द्वारा बताया गया कि ये उक्त नाबालिक लड़की से शादी करने के



लिए समुन्द्र एवं लालचंद (राजस्थान) नामक व्यक्तियों को एक लाख नब्बे हजार रूपया दिये है। रामुन्द्र ने गुना (मध्य प्रदेश) के कुछ व्यक्तियों से उक्त लड़की को एक लाख पचास हजार रूपया में खरीदे है। उपरोक्त मानव मानव तस्करी से संबंधित प्रतीत होता है। इस मामले में अन्य कई व्यक्ति भी संलिप्त होने की बात प्रकाश में आयी है, इस संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

**गिरफतार व्यक्ति :** बनवारी लाल, उम्र-20 वर्ष, पिता-बाबुलाल, साकिन पालखण्डा, थाना-घटौली जिला झालाबाड़, राजस्थान के नाम है वहीं छापामारी दल में पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, विनय कुमार,. म0पु0अ0नि0 मेनका बिरुली, तिलैया थाना, स0अ0नि0 शांतिभूषण, तकनिकी शाखा के कर्मी एवं तिलैया थाना पैंथर व सशस्त्र बल के जवान की भूमिका रही.

# मुड़भंगा ग्राम प्रधान लिम्बु टुडू का निधन



**काठीकुण्ड (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** काठीकुण्ड प्रखंड अंतर्गत कालाझर पंचायत स्थित ग्राम मुड़भंगा के ग्रामप्रधान लिम्बु टुडू का मंगलवार को 60 वर्ष की उम्र मे निधन हो गया।परिजनों के कथनानुसार लिम्बु टुडू कई दिनों से अस्वस्थ थे।उनके निधन से दुख जताते ग्रामीणों ने बताया कि,ग्रामप्रधान लिम्बु एक सरल स्वभाव इंसान थे,उनके निधन से पूरा गांव शोक संतप्त है। ग्रामप्रधान अपने पीछे 2 बेटे के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वहीं उनके अंतिम संस्कार मे कई गांव के ग्राम प्रधान के साथ ग्रामीण शामिल रहे।

# मलेरिया अभियान को लेकर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**मधुपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** करौ प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमलकर में करौ एवं मार्गोमुंडा प्रखंड के सेविका, साहियका एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर के के सिंह के देखरेख में शुरू हुआद्य प्रशिक्षण 31 जनवरी तक चलेगाद्य उसके पश्चात 10 फरवरी से प्रखंड के विभिन्न विभिन्न केदो में लोगों को फाइलेरिया निरोधी दवाई खिलाया जाएगाद्य इस अवसर पर प्रशिक्षण देते एमटीएस डब्लू कुमार एवं शैलेश चंद्र सिंह ने कहा कि सभी सेविका सहायिका एवं अन्य स्वास्थ्य कार्य करता नियमित समय पर प्रशिक्षण में पहुंचकर प्रशिक्षण का लाभ उठाएंद्य कहां की 2 साल तक के बच्चे को आदि गोली एडवेंडाजोल की गोली खिलाए 2 से 5 साल के बच्चों को डीएससी की एक गोली 6 से 14 साल के बच्चों को दो गोली 15 साल तथा उससे ऊपर के लोगों को तीन डीएससी की गोली दिया जाना हैद्य कहां की दवाई खिलाने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बढ़ते कोई समस्या हो तो उनसे मिलकर सलाह लेकर ही कार्य करेंद्य प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर केके सिंह ने कहा कि इस अभियान में जुड़े सभी सेविका सहायिका एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी तन मन से कार्यक्रम को सफल बनानेद्य साथही प्रखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाने का कार्य में अपना योगदान देंद्य इस अवसर पर बताया गया कि 30 जनवरी से 14 फरवरी तक कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा इसमें भी सभी कर्मी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंद्य मौके पर मार्गोमुंडा एवं करौ प्रखंड के सेविका सहायिका एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण में मौजूद थे।

# झामुमो कोडरमा प्रखंड समिति का गठन

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा का गठन संयोजक मंडली प्रमुख वीरेंद्र पांडेय के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सर्व समिति से चंद्र देव यादव अध्यक्ष, सिकंदर बक्स, गौतम कुमार राजेश साव, भोला प्रसाद सिंह, अरविंद कुमार यादव, प्रदीप यादव को उपाध्यक्ष, सचिव उमेश कुमार यादव, संयुक्त संगठन सचिव मोहम्मद इरफान अंसारी, राज बिरहोर, कैलाश राम, गणपत राम, गणेश दास, मुकेश यादव, कोषाध्यक्ष रामविलास यादव, संयुक्त सचिव राजू सिंह, भीकन विश्वकर्मा, महादेव दास, प्रदीप मिस्त्री, प्रकाश यादव, विनोद शर्मा को बनाया गया। । मौके पर संयोजक मंडली सदस्य गोपाल यादव, पवन माइकल कुजूर के अलावे गुड़िया देवी के अलावे सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# पंचायत समिति की बैठक में सदस्यों की उपेक्षा पर हंगामा



**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड परिसर के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख बिजय कुमार सिंह ने की।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने अपने पंचायत से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए अधिकारियों से अमल कराने की मांग की गयी। बैठक में पूर्व बैठक में जामु जलमीनार मरम्मत का मामला उठाया गया था जो इस बैठक तक ठीक नही हो पाया जिससे लोगो ने नाराजगी व्यक्त की। तेलोडीह व चोपनाडीह पंचायत के समिति सदस्यों ने पेयजलापूर्ति को ले सिर्फ खानापूर्ति करने का मामला उठाया गया।जिसमें अविलम्ब सुधार करने की मांग की गयी। बैठक में प्रमुख व सदस्यों के द्वारा सर्वोदय उच्च विद्यालय तथा प्रखंड मुख्यायलय की अतिक्रमण जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाकर चिन्हित करवाने की मांग किया गया। पंसस नसीम अंसारी व दीपक कुमार के द्वारा जमीन का दाखिल खारिज व रसीद कटवाने के सबन्ध में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसपर ध्यान देने की बात कहि गयी। बैठक में सदस्यों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की उपस्थिति अनिवार्य करने,प्रखंड में विद्युत व्यवस्था ठीक रहने व ट्रांसफार्मर जल जाने पर अविलम्ब ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाने,जनवितरण प्रणाली की लापरवाही को रोकने,चना बीज वितरण में बन्दर बांट करने, मरकच्चो में सड़क पर बहाए जा रहे पानी को रोकने का मुद्दा उठाया गया। बैठक में उप प्रमुख पिंकी देवी,डॉ प्रदीप बैठा, सियाराम सिंह,बीपीओ राकेश रंजन,एमओ लक्ष्मीकांत लोहरा, एई चितरंजन कुमार,विद्युत विभाग जेई हरे कृष्ण केसरवानी, जेई पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जहेन्द्र भगत, जेई प्रमोद कुमार, महिला पर्यवेक्षिका माधुरी कुमारी, बिभा कुमारी,सांसद प्रतिनिधि कैलाश प्रसाद यादव, मुखिया बेदु साव,पंसस नितिन चन्द्र गुप्ता,धानेश्वर यादव,गोविंद यादव, सहदेव यादव, दीपक राम,उपेंद्र यादव, नसीम अंसारी,मरियम खातुन,सवीना बीबी,संदीप कुमार,रेहाना खातुन समेत कई पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

# रानीश्वर प्रखंड में लगातार प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा की जा रही बैठक

## - बैठक मे पंचायत सचिव, रोजगार सेवक तथा कनीय अभियंता को स्पष्टीकरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रानीश्वर :** रानीश्वर प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी, राजेश कुमार सिन्हा द्वारा प्रखंड में संचालित योजनाओं का समीक्षा बैठक किया गया। आबुआ आवास योजनान्तर्गत जिन लाभुकों को द्वितीय किस्त का भुगतान हो चुका है, वैसे लाभुकों का आवास निर्माण कार्य में प्रगति कराते हुए लिण्टन लेवल का जियोट्रग करने का निदेश सभी पंचायत सचिव को दिया गया, ताकि तृतीय किस्त का भुगतान जल्द से जल्द किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 सर्वे कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया गया। विभिन्न प्रकार के आवास कार्यों में प्रगति नहीं होने के कारण दक्षिणजोल पंचायत के पंचायत सचिव को स्पष्टीकरण करते हुए अगले आदेश तक वेतन स्थगित करने का निदेश दिया गया। मनरेगा योजना के तहत् विरसा सिचांई कूप योजना में धीमी प्रगति के कारण वृन्दावनी, दक्षिणजोल, गोविन्दपुर, पाथरा, पाटजोर, सालतोला, सादीपुर एवं तालडंगाल के रोजगार सेवकों एवं संबंधित कनीय अभियंता को स्पष्टीकरण किया गया है। इसके अतिरिक्त मिट्टी मोरम्म पथ और दीदी वाड़ी योजना में प्रगति लाने के साथ-साथ लंबित योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश दिया गया। 15 वि0 वित्त आयोग के तहत् बॉसकुली, बिलकान्दी, वृन्दावनी, धानभाषा, पाथरा, रंगालिया और सादीपुर के पंचायत सचिव को कार्यों में प्रगति लाने का निदेश दिया गया। बैठक में प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, सभी पंचायत सचिव, सभी रोजगार सेवक, रानीश्वर और अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** बैठक में उपायुक्त ने कहा कि वैसे सभी आंगनबाड़ी केंद्र जिसका निर्माण पूर्ण हो चुका है उन सभी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण सीडीपीओ अपने स्तर से करते हुए रिपोर्ट तैयार करें ताकि हैंडओवर का कार्य किया जा सके।उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की एवं योग्य लाभुकों का चयन कर विभाग द्वारा प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी मद से आंगनबाड़ी में उपलब्ध कराए गए सामग्री यथा बर्तन,स्कूल किट,मोबाइल सहित अन्य सामग्री का इस्तेमाल सही ढंग से हो रहा है अथवा नहीं इसकी जांच सुपरवाइजर तथा सीडीपीओ करेंगे एवं इससे संबंधित रिपोर्ट समर्पित करेंगे। कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप योग्य लाभुकों का चयन करें।सभी प्रखंड में मिशन मोड में योग्य लाभुकों का चयन करें।प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने का निदेश दिया।निदेश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय तथा विधुत कनेक्शन की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रहे वीएचएसएनडी का इंट्री पोषण ट्रैकर में करने का निदेश दिया।उपायुक्त ने निदेश दिया कि टीएचआर,सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन सहित शत प्रतिशत बच्चों की एंट्री पोषण ट्रैकर में करें। बैठक में समाज कल्याण पदाधिकारी, सीडीपीओ, सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

# सोलर प्लांट के प्रबंधन से अपनी मांगों को मनवाने को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चंदवारा :** चंदवारा प्रखंड के उरवां में डीवीसी एवं एनटीपीसी के द्वारा सोलर प्लांट लगाए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने बैठक करके 25 सदस्य कोर कमेटी का गठन किया। कमेटी के संरक्षक महादेव राम संयोजक कृष्ण यादव,अध्यक्ष मनोज पासवान,सचिन शीतल यादव,कोषाध्यक्ष मों अनवर,मीडिया प्रभारी मथुरा यादव को बनाया गया है। वही एक अल्टीमेटम दिया है कि 5 तारीख यदि मांगे को नही माना गया तो 6 तारीख से अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। इसका जिम्मेवार डीवीसी प्रबंधक होगा। इस बैठक की अध्यक्षता मुखिया मनोज पासवान एवं संचालन पंचायत समिति सदस्य रामविलास पासवान ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य महादेव राम,बरही विधानसभा के युवा नेता कृष्ण यादव,पूर्व मुखिया वीरेंद्र पासवान,उप मुखिया रघु यादव, सैयद अनवर,देवनारायण शर्मा,मोती दास, कैलाश पासवान,विदेशी यादव,रामदेव पासी,नंदू राणा,गणेश साव,महेंद्र मोदी,फुलवा देवी,अनीता देवी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा ।** कोडरमा स्टेशन के समीप मंगलवार को एक ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना कोडरमा स्टेशन से करीब 100 मीटर पहले ओवर ब्रिज के नीचे घटी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा और जीआरपी कोडरमा की टीम मौके पर पहुंची। मृतक की यात्री की पहचान कोलकाता निवासी 57 वर्षीय अरविंद प्रसाद के रूप में की गई है। वह गया से कोलकाता जा रहे थे। जीआरपी के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया है।

# ऐतिहासिक होगा इस वर्ष 2 फरवरी को झारखंड मुक्ति मोर्चा का 46 वां स्थापना दिवस : मंत्री हाफिजु हसन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुपुर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के दुमका गांधी मैदान में होने वाले 2 फरवरी को 46 वां स्थापना दिवस के कार्यक्रम को लेकर मधुपुर कॉलेज रोड स्थित केला बागान मैदान में झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण सह जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन की अध्यक्षता में मधुपुर विधानसभा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा की 46 वां स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श एवं एक बड़ी सभा आयोजन की गई! इस सभा में मधुपुर विधानसभा के मार्गोमुंडा, करों ,देवीपुर, देवघर, मधुपुर एवं मधुपुर नगर एवं प्रखंडों से हजारों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी शामिल हुए और सभी ने मंत्री को तैयारी के बारे में जानकारी दी!

*इस मौके पर मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस लगातार 46 वर्ष से मनाया जा रहा है और इस वर्ष 46 स्थापना दिवस मनाने की तैयारी चल रही है! *उन्होंने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष दुमका गांधी मैदान में होने वाली स्थापना दिवस ऐतिहासिक होगा जहां लाखों की संख्या में कार्यकर्ता छोटी बड़ी गाड़ियों से दुमका पहुंचेंगे और अपने नेताओं की संदेश लेकर पंचायतों एवं नगर के गांव मोहल्ले के एक-एक जन को संदेश पहुंचाएंगे! सरकार जिस तरह जनता के लिए कार्य कर रहे हैं वह किसी से ढकी छुपी नहीं है सरकार की बनाई हुई एक-एक योजना जमीन पर उतरा जा रहा है और इसका सीधा लाभ एक-एक जनता तक पहुंचाया जा रहा है जिस तरह जनता ने झारखंड मुक्ति मोर्चा इंडिया गठबंधन के साथियों के साथ विश्वास किया है इंडिया गठबंधन की सरकार जनता के प्रति अपना विश्वास बनाने में लगी हुई है कोई भी जानता झारखंड के मायूस ना रहे इसके लिए हेमंत सोरेन की सरकार योजनाएं बनाकर जनता के बीच ला रही है जिसका फायदा जनता को सीधे मिल रहा है! मंत्री हफीजुल हसन ने कहा हमारी सरकार जनता से जो भी चुनाव के समय वादा किया वह एक-एक करके पूरा करते जा रहे हैं हमारी सरकार महिलाओं को सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है ताकि कोई भी महिला किसी की मोहताज न रहे और पूरा परिवार खुशहाल रहे यही हमारी सरकार का मंसूबा है! उन्होंने कहा हेमंत सोरेन सरकार की एक ही मकसद है कि हमारा झारखंड खुशहाल प्रदेश बने इसके लिए कई योजना जैसे शिक्षा ,स्वास्थ्य और रोजगार मुहैया कराने पर काम कर रही है ताकि झारखंड प्रदेश के एक-एक व्यक्ति खुश हाल शिक्षित और सेहतमंद हो!

# सिकटिया पंचायत में ग्राम सभा सशक्तिकरण पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुपुर :** प्रखंड अंतर्गत सिकटिया पंचायत के पहाड़िया टोला में स्थानीय स्वयं सेवी संस्था डॉ भीमराव अंबेडकर झारखंड दलित समाज विकास समिति द्वारा पहाड़िया समुदाय एवं अन्य ग्रामीणों के बीच पंचायत स्तरीय ग्राम सभा सशक्तिकरण पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में वन अधिकार कानून 2006 एवं झाड़ी जंगल पर पट्टा प्राप्त करने की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पहाड़िया समुदाय की महिलाओं को एकजुट एवं सशक्त होकर हक अधिकार एवं सरकारी कल्याणकारी योजना का लाभ लेने हेतु ग्राम सभा की बैठक में भाग लेकर अपनी मांग को ग्राम सभा की बैठक में प्रस्तावित कराने के लिए आवाज उठाने की बात कही गई। इसके अलावा अपने स्वयं सहायता समूह के द्वारा स्वरोजगार करने हेतु सरकारी कल्याणकारी ऋण लेकर रोजगार करते हुए अपने आजीविका को मजबूत करने के साथ-साथ यह भी बताया गया कि अपने बाल बच्चों को सही समय पर स्कूल भेजना है। शिक्षा से ही बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा। महिलाओं के बीच सचिव सावित्री देवी ने यह भी बात रखी की महिलाएं स्वास्थ्य उपकेंद्र जगदीशपुर में जाकर अपना एवं अपने परिवार का स्वास्थ्य का चेकअप करवाते हुए दवाई लें। अगर इस उप स्वास्थ्य केंद्र में दवा उपलब्ध नहीं होती है तो अनुमंडल रेफरल अस्पताल में जाकर अपना एवं अपने परिवार का स्वास्थ्य का चेकअप कराते हुए निःशुल्क दवाई ले सकते हैं। इस दौरान ग्रामीणों के बीच यह भी कहा गया कि पंचायत भवन में जब भी ग्राम सभा की बैठक होती है तो आप लोग उस बैठक में जरूर भाग लें। तभी आप लोगों को सरकारी योजना की जानकारी मिलेगी और आप लोग लाभ उठा पाएंगे।इस कार्यशाला में कल 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला को सफल बनाने में उषा देवी, सत्यनारायण राम, चंदन पासवान, रामू आनंद, साहिल कुमार समाज सेवी देवघर की अहम भूमिका रही।

# लाला लाजपत राय और फील्ड मार्शल करियप्पा की जयंती पर विभूतियों को किया गया नमन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुपुर :** स्थानीय राहुल अध्ययन केन्द्र में स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय व प्रथम कमांडर इन चीफ, फील्ड मार्शल करियप्पा जयंती पर याद किये गये । दोनों विभूतियों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये । मौके पर जनवादी चिंतक व कलमकार धनंजय प्रसाद ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि लाला लाजपत राय स्वतंत्रता सेनानी व लेखक थे । वो पंजाब केसरी के नाम से शुमार होते थे । वो राष्ट्रीय कांग्रेस के गर्म दल के अगुआ व लाल - बाल - पाल में से एक थे । उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक व लक्ष्मी बीमा कम्पनी की स्थापना किये । 1928 को साइमन कमीशन के आगमन पर विरोध प्रदर्शन करने के दरम्यान अंग्रेजी हुकूमत की पुलिस द्वारा लाठी चार्ज से से लाला लाजपत राय गंभीर रूप से चोटिल हुए, जिससे उनकी मृत्यु हो गई । उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के प्रथम कमांडर इन चीफ फील्ड मार्शल करियप्पा थे , उन्होंने 15 जनवरी 1949 को भारतीय सेना का कमान संभाला था । इस दिन को भारतीय सेना दिवस के रुप में मनाया जाता है । ऐसे विभूतियों को जयंती पर याद करना लाजिमी है । अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये ।

# जिला परिवहन विभाग के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत रन फ़ॉर सेफ्टी का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा ।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया गया है। इसके तहत कोडरमा में जिला प्रशासन परिवहन विभाग समेत अन्य संस्थाओं के द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सड़क सुरक्षा का संदेश दे रहे हैं। मंगलवार को कोडरमा जिला परिवहन कार्यालय सड़क सुरक्षा कोषांग के द्वारा रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान समाहरणालय परिसर से कोडरमा के बजरंगबली चौक तक जिले पदाधिकारियों और कर्मियों ने दौड़ लगाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को सुरक्षित परिचालन के लिए परिवहन विभाग के नियमों की पालन करने की अपील की गई। साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना, स्पीड लिमिट में गाड़ी चलाने, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने समेत सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। रन फॉर रोड सेफ्टी में उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज समेत जिले के सभी पदाधिकारी और कर्मियों ने दौड़ लगाकर लोगों को जागरूक किया।

## तपन राय को वर्सियम सर्टिफिकेट ऑफ़ एक्सीलेंस से नवाजा गया

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व के जाने माने चित्र एवं कला का संस्थान वर्सियम द्वारा प्रदत्त चित्र के आधार पर ऑनलाईन लिखित कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थापक कोरिना जूंगियातू, बुचारेस्ट, रोमानिया और जुरी के अध्यक्षा वॉयलेटा मार्किज, संजोस, कैलिफोर्निया ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विश्व के हर एक देश के कविओं को आमंत्रित किया था। विश्व के अनेक जाने माने कविओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिए। भारत से कई कविओं ने ऑनलाईन इस प्रतियोगिता मे भाग लिए। 26 जनवरी, 2025 को उक्त प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता मे पुरे विश्व से कुल तेरह कविओ को पुरस्कृत किया गया, जिनमें धनबाद, हिरापुर, ज्ञान मुखर्जी रोड में रहने वाले तपन राय भी हैं। जिन्हे सर्टिफिकेट ऑफ़ एक्सीलेंस से नवाजा गया। तपन राय ने इस प्रतियोगिता में आयोजित करने वाले संस्था भारशियुम का आभार व्यक्त किया। धनबाद के गण्यमान्य लोगो ने तपन राय को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में लाला लाजपत राय की जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा के प्रांगण में प्राचार्य जी.पी. झा के नेतृत्व व निर्देशन में धर्म शिक्षक जे मेहेर,सीसीए प्रभारी शिक्षिका आरती कुमारी व शितेश कुमार पाठक द्वारा स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत रायजी की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लाला लाजपत राय को ÷पंजाब केसरी÷और ÷लायन ऑफ पंजाब÷ के नाम से जाना जाता है। वह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता थे।लाला लाजपत राय ने अपने जीवन को देश के लिए समर्पित कर दिया और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा दी। उनके योगदान के कारण उन्हें ÷लाल-बाल-पाल÷ त्रिमूर्ति में शामिल किया गया। लाल-बाल-पाल यानी लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल। लाला लाजपत राय ने अपने जीवन में त्याग,देशभक्ति और देश सेवा को सर्वोपरि रखा। उनका योगदान अद्वितीय माना जाता है। विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय के जीवन आदर्शो व त्याग से परिचित करवाने तथा उनके जीवन आदर्शो को अपनाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय प्राचार्य महोदय के साथ सभी शिक्षक वृंदों तथा कक्षा मॉनिटर द्वारा लाला लाजपत राय की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। शिक्षक शशिकांत पाठक द्वारा मंच संचालन किया गया।शिक्षक यू सी दास ने लाला लाजपत राय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए ओजस्वी भाषण दिया। छात्रा शुभांगीनी श्रेया तथा सेजल कुमारी ने प्रभावी भाषण दिया। छात्रा पूजा कुमारी ने देशभक्ति गीत पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर माननीय प्राचार्य जी पी झा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि लाला लाजपत राय का जीवन हम सभी के लिए प्रकाश स्तंभ है। उन्होंने स्वयं के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचान और स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया इस प्रकार हमें भी अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानना और देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर विविध पाठ्य सहगामी क्रियाओं मैं विजित विद्यार्थियों को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। छात्र शुभांगी श्रेया के ओजस्वी भाषण के लिए उसे ट्रॉफी प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षक अमित कुमार,प्रमित कुमार,सी एल महतो व पूनम सिंह के साथ सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## अधिकार और कर्तव्य के समन्वय से ही आजादी का सच्चा सुख मिल सकता है : प्रवीण सिंह

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल बक्शीडीपा लोहरदगा में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य और विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आजादी का सच्चा सुख प्राप्त करना है तो हमें भारतीय संविधान में दिए गए अधिकार और कर्तव्य के बीच समन्वय बनाना होगा और इसके लिए आवश्यक है कि हम संविधान को जरूर पढ़ें और इसके मूल तत्व को समझने का प्रयास करें तब जाकर हमें समझ में आएगा कि यह आजादी इतनी आसानी से नहीं मिली। इसके लिए लाखों लोगों ने अपने जान की कुर्बानी दी। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि आजादी के लिए न सिर्फ जवान बल्कि बच्चे,बूढ़े और महिलाओं ने भी अपना सर्वस्व न्योछावर किया। किसी की मांग उजड़ी,किसी की गोद सुनी हुई तो किसी दूधमुहे बच्चे ने मां के दूध को खोया तब जाकर हमें यह आजादी मिली। प्रवीण सिंह ने कहा कि अब हम लोगों की जिम्मेवारी है कि अपने पूर्वजों की इस धरोहर रूपी आजादी को बनाए रखने के लिए हम अपने अंदर देशभक्ति की जज्बा पैदा करें और उसकी रक्षा के लिए तन-मन-धन समर्पित करने के लिए हमेशा तैयार रहें। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस के झा सहित सभी शिक्षक,शिक्षकेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री रोजगान सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में वित्ताीय वर्ष 2024-25 में अब तक कुल 44 लक्ष्य के आलोक में निष्पादित आवेदन,स्वीकृत ऋण और बांटे गये ऋण संबंधी चर्चा हुई और बैंकों में लंबित आवेदनों को स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अंतर्गत कुल लक्ष्य 81 के आलोक में प्राप्त आवेदन और बैंकों में लंबित आवेदनों को जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, यूकों बैंक के विभिन्न शाखाओं को विशेष निर्देश आवेदनों को निष्पादन करने के लिए दिये गये। आज की बैठक में जिला उद्योग महाप्रबंधक रघुबर सिंह,सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## प्रयागराज महाकुंभ का स्नान समाज में धार्मिक सौहार्द और एकता का प्रतीक : संजय सर्राफ

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि मौनी अमावस्या का पर्व हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्व रखता है यह माघ माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इस साल मौनी अमावस्या 29 जनवरी यानी बुधवार को है। इस दिन मौन व्रत रहकर स्नान करना चाहिए। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान आदि कर पूरे दिन मौन रहकर उपवास करते हैं। इस दिन भगवान विष्णु के साथ पीपल के पेड़ की पूजा की जाती है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माघ अमावस्या के दिन संगट तट और गंगा पर देवी-देवताओं का वास होता है। इस समय प्रयागराज में महाकुंभ भी चल रहा है। मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में अमृत स्नान भी होगा। महाकुंभ के अमृत स्नान के समय में गंगा और अन्य पवित्र नदियों में स्नान करना बेहद ही शुभ रहता है। जो व्यक्ति इस समय गंगा स्नान या अन्य पवित्र नदियों में स्नान करता है उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।महाकुंभ के दौरान अमृत स्नान करने से सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है। घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। जो आत्म- निर्माण,साधना और मानसिक शांति का प्रतीक है। इस दिन विशेष रूप से मौन व्रत रखने की परंपरा है, जिससे व्यक्ति अपने भीतर की आंतरिक शांति और संतुलन की ओर अग्रसर होता है।

## शपथ पत्र

मैं नन्द किशोर राणा उर्फ़ किशोर राणा पिता- स्व0 प्रयाग राणा साकिन-केशवारी पोस्ट-केशवारी थाना-सरिया जिला-गिरिडीह शपथ पूर्वक बयान करता हुँ की

मेरी उम्र लगभग 39 वर्ष है। मेरा आधार नंबर-880935162442 हैं और उसमे मरा नाम-नन्द किशोर राणा दर्ज है। जबकि मेरा वोटर आईडी कार्ड संख्या HZW1571345 में और पैन कार्ड न0 BCYPR3375L मे दोनो मे मेरा नाम किशोर राणा दर्ज है । नन्द किशोर राणा एवं किशोर राणा दोनों नाम का एक ही व्यति है जोकि मैं स्वयं हूँ । यह शपथ पत्र में अपने दोनों नाम को प्रमाणित करने के लिए कर रहा हुँ।

**घोषणा**

मैं नन्द किशोर राणा उर्फ किशोर राणा शपथ पूर्वक घोषणा कता हुँ कि उपरेक्त लिखित बातें सही सत्य व दुरुस्त है।

# धान बोरा में डाल कर ले जा रहे अवैध शराब को गिरिडीह पुलिस ने किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले से बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी हो रही है। सोमवार को बेंगाबाद पुलिस ने अवैध शराब लदी पिकअप वैन को वाहन को जब्त किया है। पिकअप वैन में धान का बोरा में 119 पेटी तथा 3096 पीस अंग्रेजी बोतल शराब लोड कर बिहार ले जाया जा रहा था। इसी बीच गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार को मिली सूचना पर बेंगाबाद पुलिस ने कार्रवाई की।इधर मंगलवार को बेंगाबाद थाना में प्रेसवार्ता कर एसडीपीओ जितवाहन उरांव ने बताया कि एसपी के गुप्त सूचना के आधार पर बेंगाबाद टॉल प्लाजा के पास जांच अभियान चलाया गया । उन्होंने बताया कि एक सफेद बोलेरो पिकअप वाहन को रोका गया। जिसका गाड़ी संख्या क्क्र01त्तरु6194 था जिसमें धान का खखरी के निचे 119 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। एसडीपीओ ने बताया गया कि वाहन चालक से पूछताछ में बताया कि शराब की तस्करी कर शराब को खपाने के लिए और अधिक मुनाफा कमाने के लिए पटना ले जा रहा था। वही वेन चालक राजा शर्मा साकिन सिरसिया ,उपचालक विकाश कुमार साकिन बोडो दोनों को गिरफतार कर लिया गया। इधर बताया कि उक्त बेंगाबाद कांड संख्या 11/25 दिनांक 27-01-2025 धारा 274/ 275/ 317(2)/ 2(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 47ए उत्पाद अधीक्षक डदर्ज की गई। वही छापेमारी में एसडीपीओ जितवाहन उरांव, बेंगाबाद पुनि ममता कुमारी, थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह, पुअनि विभूति देव, विजय मंडल, अशोक कुमार, हवलदार प्रमोद दास, आरक्षी 396 अनुज कुमार कई पुलिस बल शामिल थे।



## महुदा क्षेत्र में रटन्ती काली पूजा धुम धाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला अंतर्गत बाघमारा प्रखण्ड के महुदा क्षेत्र के राधानगर में रटन्ती काली पूजा धुम धाम से मनाया गया। मछियारा ,भक्तुडीह , बेलाखोन्दा , भाटडीह ,पिपराटांड में काली पूजा मनाया गया , जिला परिषद अध्यक्ष के आवास राधानगर काली पूजा में धनबाद के पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह , जिप सदस्य उषा महतो , जिप सदस्य आशा महतो , जिप सदस्य स्वाती चौधरी ,भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र शेखर सिंह ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान , लोयाबाद पूर्व मंड़ल अध्यक्ष पप्पु सिंह ,महुदा मंड़ल अध्यक्ष कार्तिक महतो ,मुखिया सुर्यकांत महतो ,मुखिया बदरूद्दीन अंसारी ,पूर्व मुखिया सम्पद घोषाल , झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट केजरीवाल संस्थापक शंकर रवानी , समाजसेवी सहदेव सिंह , संजय सिंह ,बबलू पासवान , जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव सिंह ,रामेश्वर प्रसाद मोदी , के अलावे पत्रकार ,समाजसेवी एवं ग्रामीण मौजूद रहे ।




## हजरत बाबा दुखन शाह का 100 वाँ सलाना उर्स मुबारक अंजुमन इस्लामिया द्वारा सानो शौकत के साथ हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहंशाहे लोहरदगा हजरत बाबा दुखन~ शाह (र0 आ0) का 100 वाँ सलाना उर्स मुबारक अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के द्वारा बहुत ही सानो शौकत के साथ संपन्न हुआ। इस चार दिना उर्स का आगाज परचम कुसाई के साथ किया गया,उसके बाद नातिया वा केरात का इनामी मुकाबला का आयोजन जमा मस्जिद के परिषर मे किया गया,25 तारीख को सुबह 3~00 बजे गुस्ले संदल और अंजुमन इस्लामिया के द्वारा पहली चादर चढ़ाकर चादर पोसी की शुरुआत की गई सुबह में कुरान खानी,दोपहर में लंगर खानी का एहतेमाम किया गया। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के द्वारा शानदार मेला सह कव्वाली का आयोजन किया गया दिनांक 25/ 1/ 2025 दिन शनिवार को हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल जनाब वसीम साबरी साहब एवं छोटे चांद कादरी साहब के द्वारा कव्वाली पेश की गई जिसके मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद जनाब सुखदेव भगत जी एवं उद्घाटन झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की जी के द्वारा किया गया। दूसरे दिन दिनांक 26/ 1/ 2025 दिन रविवार को हिंदुस्तान के बहुत ही मशहूर कव्वाल जनाब हमसर हयात साहब एवं चांद निजामी ब्रदर्स के द्वारा कव्वाली पेश की गई जिसके मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद माननीय सुखदेव भगत जी एवं उद्घाटन झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष जनाब शमशेर आलम साहब, लोहरदगा उपयुक्त जनाब डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण जी, आरक्षी अधीक्षक लोहरदगा जनाब हारिस बिन जमा साहब,लोहरदगा जनाब दिलीप सिंह शेखावत जी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस प्रोग्राम में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के द्वारा बुलाए गए बहुत सारे विशिष्ट अतिथि गण भी उपस्थित हुए।साथ ही साथ पूर्व सदर पूर्व सेक्रेटरी हजरात की भी उपस्थिती रही। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर जनाब अब्दुल रऊफ अंसारी साहब,सेक्रेटरी सैयद शाहिद अहमद बेलू साहब,नाजिम हाजी अब्दुल जब्बारूल साहब,आदि थे ।

## गिरिडीह एसडीएम को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** नया सर्किट हाउस में उसरी बचाव अभियान के अंतर्गत उसरी महोत्सव में जिन्होंने सहयोग किया। उन्हे उसरी महोत्सव की सफलता पर चर्चा हुई और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में गिरिडीह एसडीएम को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।बता दे उसरी बचाव अभियान 17,18 और 19 जनवरी को अमित बरदियार छठ घाट में उसरी महोत्सव का सफल आयोजन किया गया था।जिसमें कोर कमिटी के अलावे कई संगठन के सम्मानित सदस्यों ने और कई संगठन ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया था।लगभग पांच सौ से ज्यादा प्रतियोगियों ने भाग लिया। वही बालू पर कबड्डी, खोखो, फुटबॉल, क्रिकेट आदि को करवाकर उसरी नदी के प्रति जागरूकता अभियान को चलाया गया। साथ ही तैराकी, जीके कॉन्टेस्ट,भाषण कॉन्टेस्ट पेंटिंग, मेहंदी आदि की प्रतियोगिता किया गया था। इधर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि उसरी बचाव अभियान के सदस्य अच्छा कार्य कर रहे है,इनका साथ प्रशासन भी बढ़ चढ़ कर साथ गए। इधर कोर कमिटी के संयोजक राजेश सिन्हा ने कहा कि सभी सहयोगियों को सम्मानित किया गया,जो नहीं आ पाए है उनके घर सम्मान पूर्वक मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र पहुंचाया जाएगा।मौके पर सूरज नयन, समीर राज चौधरी, मजहर अंसारी, मुन्ना कुशवाहा, राजीव सिन्हा, राजेश सिंहा, एकराम अंसारी,तबारक अंसारी, तनुजा सहाय, संगीता सिन्हा, रंजय बरदियार, राजीव सिंह,राजकमल राजेश,आलोक मिश्रा मिराज खान बिपिन अग्रवाल,प्रकाश राणा संजय यादव, टिंकू सिंहा, बिपिन अग्रवाल, कोमल सिन्हा, प्रशांत सागर, प्रवीण मिश्रा, विक्रम लाहिरी सन्तोष शर्मा,नौशाद आलम, मो रेहान, आदि मौजूद थे।



## हिंडालको द्वारा बगड़ू में आदित्य चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज दिनांक 28 जनवरी 2025 को बगरू खनन क्षेत्र अंतर्गत हिंडालको सीएसआर के माध्यम से डॉक्टर निर्पेंद्र नीरज के नेतृत्व में ग्रामीण चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन नीचे बगड़ू ग्राम में आयोजित की गई। जिसमें कुल 43 मरीज का इलाज किया गया। आवश्यकतानुसार दवाइयां प्रदान किए गए। इस मौके पर डॉक्टर निर्पेंद्र कुमार नीरज ने बताया कि मौजूदा समय में ठंड से हम सबों को बचाने की जरूरत है। गर्म पानी का सेवन करें। साथ ही साथ सर्दी, खांसी व बच्चे एवं वृद्धो को विशेष बचने की सलाह दी। उन्होंने वृद्धो को ठंड से बचते हुए समय-समय पर बीपी रक्तचाप का जांच कराने की भी सलाह दी।मौके पर कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी भास्कर सिन्हा ने किया। मौके पर कंपाउंड उमेश गोप,रवि राम, वीरेंद्र गोप,मंजू देवी,प्रकाश भगत ग्रामीण मौजूद रहे।

## गिरिडीह में किया गया यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विरोध, सांकेतिक प्रति को जलाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह ज़िले में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु और झारखंड के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह के आह्वान पर झारखंड के जिले के सभी सरकारी कार्यो में विद्यालयों में यूनिफाइड पेंशन स्कीम के दुष्परिणाम की चर्चा की गई। इसी आलोक में गिरिडीह के सभी सरकारी कार्यालय और विद्यालयों में कर्मचारी एकता को प्रदर्शित करते हुए और पुरानी पेंशन को सुरक्षित रखने के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विरोध किया गया और सांकेतिक प्रति को जलाया।मौके पर इस मुहिम की अगुवाई झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्प्लाइज फेडरेशन के जिला अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने की वहीं प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, महिला सचिव समा प्रवीण, जोनल संगठन इम्तियाज अहमद, सचिव केदार प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष रविकांत चौधरी,मोहम्मद अख्तर अंसारी, घनश्याम गोस्वामी,बिनोद प्रसाद यादव, सुदीप कुमार, महेंद्र दागी, पापिया सरकार, राकेश कुमार, बम शंकर मंडल, सपना कुमारी, खुशबू कुमारी, अनीता मिश्रा, सीमा अख्तर, मिथिलेश कुमार, चंदन कुमार समेत कई लोगो ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विरोध किया।




## कल्याण विभाग द्वारा प्रदत ट्राई साइकिल का विधायक नागेंद्र महतो ने अपने हाथों से किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दिव्यांगो के लिए उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बगोदर विधायक नागेंद्र महतो भी उपस्थित थे, इस बीच बगोदर विधायक श्री महतो के द्वारा सभी दिव्यांग लाभुकों को बैटरी युक्त ट्राई साइकिल, ट्राई साइकिल एवं व्हील चेयर उपकरण यंत्र का वितरण किया गया। मौके पर बगोदर विधायक ने कहा कि इन कृत्रिम उपकरणों की सहायता से क्षेत्र के दिव्यांग जनों के दिनचर्या में सुधार होगी, अब उन्हें कुछ हद तक दूसरों के सहारे जीना नहीं पड़ेगा। साथ हीं उन्होंने दिव्यांग जनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया एवं क्षेत्र के बाकी दिव्यांगों को शीघ्र ही उपकरण देने का हर संभव मदद किया जायेगा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी फनीश्वर रजवार, अंचलाधिकारी संदीप मधेशिया, भाजपा जिला मंत्री देवनाथ राणा, मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, जिला कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण दास, मुखिया कुंवर नारायण सिंह, भाजपा नेता तुलसी यादव, मुखिया मुकेश यादव, मुखिया दिलीप दास, पूर्व मुखिया प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, मनोज चंद्रवंशी सुभाष दास, सुभाष वर्मा, प्रकाश सिन्हा, सरजू पासवान, रंजीत राय, विक्रम तरवे, मांझी तुरी, भरत वर्मा, छत्रधारी दास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## असर्फी हॉस्पिटल ने मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल ने 76वां गणतंत्र दिवस भव्यता और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत हॉस्पिटल परिसर में ध्वजारोहण से हुई। इस अवसर पर हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.के. दास, डॉ. एस.के. रॉय, डॉ. बी.पी. भदानी और निदेशक डॉ. नयन प्रकाश सिंह, जय प्रकाश सिंह, गोपाल सिंह एवं उदय प्रताप सिंह ने मिल कर ध्वजारोहण किया। उपस्थित सभी डॉक्टरों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति की भावना को प्रकट किया।अस्पताल प्रबंधन ने इस दिन को भारतीय समाज की एकता और विविधता के प्रतीक के रूप में मनाया और सभी से यह वादा किया कि वे भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं को और भी बेहतर बनाने की दिशा में काम करते रहेंगे। इसके बाद, धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग के प्रांगण में निदेशक गोपाल सिंह ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का समापन असर्फी कैंसर संस्थान में हुआ, जहां निदेशक डॉ. नयन प्रकाश सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर असर्फी हॉस्पिटल के सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर इस राष्ट्रीय पर्व का उत्सव मनाया और देश की समृद्धि और प्रगति की कामना की।



## धनबाद मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** धनबाद मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया । इस बैठक में धनबाद मंडल क्षेत्राधिकार के माननीय सांसदगण उपस्थित थे । बैठक की अध्यक्षता माननीय सांसद विष्णु दयाल राम जी द्वारा किया गया । सांसद चन्द्र प्रकाष चैधरी तथा माननीय सांसद कालीचरण सिंह जी बैठक में उपस्थित हुए । साथ ही माननीया केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, माननीय केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री जीतन राम मांझी, केंद्रीय माननीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, माननीय केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, माननीय सांसद ढुलू महतो, माननीय सांसद मनीष जायसवाल, सांसद डॉ. राजेष मिश्र, माननीय सांसद डॉ. सरफराज अहमद, माननीय सांसद आदित्य प्रसाद, माननीय सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, माननीय सांसद दीपक प्रकाष तथा माननीया सांसद महुआ माजी के प्रतिनिधि आज की बैठक में उपस्थित थे । माननीय सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास तथा यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये गए । माननीय सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया । साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किषोर सिन्हा सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे ।इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने माननीय सांसदगण एवं सांसद प्रतिनिधियों का स्वागत किया । महाप्रबंधक ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि धनबाद मंडल द्वारा यात्री सुविधा की दिषा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। महाप्रबंधक ने कहा कि धनबाद मंडल भारतीय रेल में माल लदान में महत्वपूर्ण स्थान रखता है एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी धनबाद मंडल द्वारा माल लदान एवं इससे प्राप्त आय में भारतीय रेल के सभी मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल हुआ है ।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# आभूषण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** मसलिया थाना क्षेत्र के आश्रम मोड़ के आभूषण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या करने व लुट की घटना को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने कांड में संलिप्त पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं लूटे गए चांदी और घटना में इस्तेमाल किए देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और बाइक को बरामद किया है। जेल भेजने से पहले पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने पत्रकारों को बताया 28 दिसंबर की शाम आश्रम मोड़ के पास अज्ञात अपराधियों ने आभूषण व्यवसायी संजय राणा को दुकान बंद कर घर जाने के क्रम में गोली मार दी और तीन किलो चांदी व 15 हजार रुपया नगद लेकर फरार हो गए थे। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल की नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया था। पुलिस अधीक्षक के द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए इस कांड के उद्भेदन के लिए एसआईटी का गठन किया गया एवं सभी वैज्ञानिक एवं तकनिकी रूप से अनुसंधान करते हुए इस कांड में संलिप्त 3 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। इनके अपराध स्विकारोक्ति बयान एवं तकनिकी अनुसंधान के आधार पर इस कांड में ज्वेलर रामचन्द्र वर्मा एवं उसके पुत्रों की संलिप्तता पाई गई। उनके द्वारा अपने व्यापारिक प्रतिद्वंदी मृतक संजय राणा के व्यापार के कारण अपने हो रहे व्यापारिक घाटे को लेकर कुख्यात अपराधकर्मियों के माध्यम से इस कांड को दुष्प्रेरित कर कारित करवाया गया था। प्रेस कांफ्रेंस में डीएसपी मुख्यालय इकुड डुंगडुंग, प्रशिक्षु डीएसपी आकाश भारद्वाज, अमित कुमार, नगर थाना प्रभारी अमित कुमार लकड़ा, जामा थाना प्रभारी अजीत कुमार, विश्वविद्यालय ओपी प्रभारी अनुज कुमार और मसलिया थाना प्रभारी अनिल टुडू उपस्थित थे।



**बरामद समान**

1. घटना में इस्तेमाल 7.65 द्वद्व का एक देशी पिस्टल
2. 7.65 द्वद्व की 05 जिंदा गोली
3. लुटे गये चाँदी के जेवरात
4. घटना में इस्तेमाल अपाची मोटरसाईकिल

**गिरफ्तार अपराधकर्मियों का नाम**

1. मेहबूब अंसारी,, पिता जाकीर अंसारी, सा0- फतेहपुर, थाना फतेहपुर, जिला- जामताड़ा
2. साकिर अंसारी उर्फ फौदारी पिता सुलेमान मियां सा0 पोखरिया थाना नारायणपुर
3. नौशाद अंसारी उर्फ निशाद अली अंसारी पिता हकिम मियां सा0 नारुडीह थाना नारायणपुर
4. रामचन्द्र वर्मा पिता स्व0 भोलानाथ साव ग्राम रानीघाघर थाना मसलिया, दुमका वर्तमान में सा0- फतेहपुर, थाना- फतेहपुर, जिला- जानताड़ा
5. राजेश वर्मा पिता रामचन्द्र वर्मा ग्राम- रानीघाघर थाना- मसलिया, दुमका

**अपराधिक इतिहास : मेहबुब अंसारी**

1. बिन्दापाथर थाना काड सं0-48/2023 धारा-379/414/34 भा060वि0
2. बिन्दापाथर थाना कांड सं0-122/2017 धारा 395/397/412 भा0द0 वि0
3. मधुपुर थाना कांड सं0-47/2021 धारा-392 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट
4. चितरा थाना काड सं0-140/2013 धारा-394 भा080वि0
5. सारठ थाना कांड सं0 52/2021 धारा- 395 भा0द0वि0
6. देवघर नगर थाना कंड सं0 496/2017 धारा-379 भा0द0वि0
7. पालाजोरी थाना कांड सं0 35/2021 धारा-395/412 भा0द0वि0

**साकीर अंसारी उर्फ फौदारी**

1. नारायणपुर थाना काड सं0-165/2016 धारा- 392 भा0द0वि0
2. करमाटांड थाना कांड सं0-158/2016 धारा 395 भा0द0वि0
3. करमाटांड थाना कांड सं0-99/2024 धारा 109(1)/3 (5) बी0एन0 एस0 एवं 25 (1-ड्ढ)ड्ढ/26/27/35 आर्म्स एक्ट
4. करमाटांड थाना कांड सं0-124/2016 धारा- 392 भा0द0वि0 एवं 3/4 विष्फोटक पदार्थ अधि0
5. पालाजोरी थाना कांड सं0-94/2016 धारा-392 भा0द0वि0
6. मार्गोमुण्डा थाना कांड सं0-76/2016 धारा- 394 भा0द0वि0

**नौशाद अंसारी उर्फ निशाद अली अंसारी**

1. पालाजोरी थाना कांड सं0-35/2021 धारा-392 भा0द0वि0
2. सारण थाना काड सं0-52/2021 धारा- 392 भा080वि0
3. जामताडा थाना कांड सं0-134/2020 धारा-357/380/411 भा0द0वि0
4. जामताड़ा थाना कांड सं0-51/2021 धारा 392 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट
5. नारायणपुर थाना कांड सं0-29/2021 धारा- 392 भा0द0वि0
6. नरायणपुर थाना कांड सं0-43/2024 धारा-395/34 भा0द0वि0
7. चितरा थाना कांड सं0-24/2021 धारा 307/34 भा080 वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट
8. चितरा थाना कांड सं0-25/2021 धारा- 25 (1-क्क) 26/35 आर्म्स एक्ट
9. मधुपुर थाना कांड सं0-47/2021 धारा- 395 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट
10. करों थाना कांड सं0-21/2021 धारा-392/412/34 भा0द0वि0
11. करमाटांड थाना कांड सं0-36/2021 धारा- 392 भा0द0वि0

## सुख शांति व समृद्धि के लिए किया गया सत्यनारायण कथा



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के हेसल गांव पुरूलिया पथ मोती प्लाई के समीप खाता संख्या - 236 प्लॉट संख्या -3420 पर समाजसेवी कविता कुमारी ने सत्यनारायण पुजा कार्यक्रम का आयोजन किया । इसमें दर्जनों लोगों ने समाज के सुख शांति व समृद्धि के लिए पुजन हवन किया । कविता कुमारी ने बताया हेसल मौजा के खाता 236 व प्लॉट नम्बर 3420 पर शान्ति पुर्वक पुजा सम्पन्न हुआ जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ साथ कुटुम्ब सम्बन्धी व गणमान्य लोग शामिल हुए । पण्डित पुजारी के द्वारा पुजा सम्पन्न कराया गया । अंत में सबों ने प्रसाद के साथ सुस्वाद भोजन का आनंद उठाया । मौके पर कई दर्जन महिला पुरूष मौजुद रहें ।

## बैंक ऑफ इंडिया ने लगाया ऋण समझौता शिविर



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के लोटा पंचायत भवन में सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया के शाखा सिल्ली द्वारा ऋण समझौता शिविर लगाया गया। जहां लगभग 20 से अधिक ऋण धारकों का समझौता कर नए ऋण स्वीकृत किए गए। मौके शाखा प्रबंधक डेविट खलखो ने कहा कि ऋण चुकाएं, ऋण पाएं के तहत शिविर लगाया गया है। जिसका लाभ स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ किसानों को मिला। मौके पर लोटा पंचायत की मुखिया रविन्द्र कुमार पूर्व पंचायत समिति सदस्य दशरथ महतो, कार्तिक महतो, नागेश्वर महतो, दुर्गा महतो सुमित लाहा अमित लाहा सहित ग्रामीण उपस्थित थे

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लाभुकों का हुआ चयन



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खलारी प्रखंड सभागार में एक बैठक की गई. अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने की. बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए लाभुकों का चयन कर उनका नाम जोड़ा गया. इस बैठक में सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, ग्रामसेवक तथा ब्लाक कोआर्डिनेटर उपस्थित थे. वहीं इस बैठक में अनुपस्थित रहने वाले ग्रामसेवक मनीलाल उरांव को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया है कि प्रखंड के बैठकों तथा कार्य स्थल से आदतन अनुपस्थित रहने के कारण क्यों न उनके कार्य अनुबंध की समाप्ति की अनुशंसा कर दी जाय.

## 12 बोरा अवैध कोयला जब्त

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के हीरापुर गांव के पास से पुलिस ने छापेमारी कर अवैध कोयला लदा 12 बोरा जब्त किया। जब्त बोरो में करीब 20 क्विंटल कोयला लोड है। जानकारी के मुताबिक गशित दल को देखकर व्यापारी अवैध कोयले की बोरियों को छोड़कर फरार हो गया। अवैध कोयला लदा बोरो को जब्त कर शिकारीपाड़ा थाना लाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## पंचायत भीएलई के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड पंचायती राज विभाग,सीएससी ई गवर्नेस इंडिया और डिजिग्राम के संयुक्त प्रयास से ग्राम पंचायतों में ÷सबकी योजना सबका विकास÷ अभियान 2025-26 के सफल क्रियान्वयन हेतु राज्य के 'डिजिटल पंचायत योजना' के तहत ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यरत ग्राम स्तरीय उद्यमीयों को ई- ग्राम स्वराज पोर्टल, पंचायत विकास सूचकांक, ञ्स्क्कप्रशिक्षण प्रबंधक पोर्टल और गेम पोर्टल पर संकुलस्तरीय दो दिवसीय गैर ङ्कआवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक, प्रखंड समन्वयक तथा डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत जिला एवं प्रखंड स्तर के मास्टर प्रशिक्षक आशीष आनंद, मास्टर प्रशिक्षक रविन्द्र राउत, ब्लॉक मैनेजर दुमका नरेश पाल, हार्डवेयर इंजीनियर रुपक कुमार आदि ने भाग लिया।मास्टर ट्रेनर रविन्द्र राउत ने बताया कि सरकार पंचायत तक शासन के विकेंद्रीकरण एवं ग्रामीणों को उनके दरवाजे तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने के लिए ई-ग्राम स्वराज की अवधारणा के तहत पंचायत में ही मनरेगा, जन्म-मृत्यु, जाति निवासी समेत अन्य सभी प्रकार के कार्यो को संचालित करने के लिए कृत संकल्पित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सबकी योजना, सबका विकास अभियान 2025-26 के सफल क्रियान्वयन हेतु राज्य के 'डिजिटल पं डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत जिला एवं प्रखंड स्तर के मास्टर प्रशिक्षकों के अलावे भीएलई उपस्थित थे।

## शिविर में 104 मरीजों की हुई जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**दुमका :** उपराजधानी दुमका के कुमार पाड़ा स्थित हिन्द क्लब में वार्ड 8 एवं 9 में का सामूहिक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ तुषार ज्योति ने फीता काटकर किया। शिविर में 104 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इसके बाद शिविर के सदस्यों ने सामूहिक रूप से डॉ तुषार ज्योति को पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया। डॉ तुषार ज्योति ने कहा कि इस प्रकार के शिविर के आयोजन से असहाय एवं गरीब लोगों को काफी मदद मिलती है। इसी प्रकार जिला से लेकर हर एक पंचायत तक शिविर लगाया जाए, तो हर व्यक्ति स्वस्थ रहेंगे। यह सरकार की एक बहुत ही अच्छी पहल है, जिसको लोगों ने काफी सराहा। आशा है कि सरकार इसी प्रकार जनकल्याण की ओर अग्रसर होकर निरंतर काम करते रहे। ताकि हर एक व्यक्ति को सरकार की जनकल्याण योजनाओं का लाभ मिल सके। डॉ ज्योति ने शिविर में आए सभी मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी । यह कैंप राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत लगाया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। शिविर में सभी प्रकार की निःशुल्क सेवा जैसे बीपी, शुगर, टीबी, मलेरिया, लेप्रोसी एवं अन्य सभी प्रकार की जांच की गई। मरीजों को इलाज के साथ साथ दवाई उपलब्ध कराया गया। मौके पर डॉ मकसूद आलम, डॉ रिशिता मरांडी, डॉ बबीता अग्रवाल, एएनएम, जीएनएम प्रयोगशाला, अर्बन हेल्थ मैनेजर उपस्थित थे।

## गुरु दीक्षा पब्लिक स्कूल पैका, अनगड़ा में कराटे बेल्ट सेरेमनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**नामकुम :** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकैडमी के तत्वाधान में 28 जनवरी 2025 मंगलवार को गुरु दीक्षा पब्लिक स्कूल में बेल्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन सह ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव शिहान सुनील किस्पोट्टा के निर्देशन में संदाई उमाशंकर महतो ने पिछले दिनों ग्रेडिंग में सफल रहे खिलाड़ियों को बेल्ट और प्रमाण पत्र प्रदान किये। मौके पर स्कूल के प्राचार्य लक्ष्मण महतो ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दिए। बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में अर्चना कुमारी, अंकित कुमार महतो, बेबी कुमारी, वर्षा मिंज, शिल्पी कुमारी, ज्योति कुमारी, आदित्य महतो, शिवानी कुमारी, प्रियांशु टोप्पो, रितिका मुंडा, आतिश कुमार महतो, भारती कुमारी को येलो बैल्ट कविता कुमारी, दीपक हजाम, अमन लकड़ा, आशीष मुंडा, महिमा कुमारी, खुशी कुमारी, प्रीति कुमारी, नेहा कुमारी को ऑरेंज बेल्ट आकाश हजाम, खुशी कुमारी, नितेश कुमार महतो, अंजली कुमारी, प्रवीण कुमार महतो, भवानी कुमारी, नैना कुमारी, करण कुमार महतो, रोशन महतो और जितेश स्वांशि को ग्रीन बेल्ट प्राप्त हुआ।


## अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिले राष्ट्रीय युवा अवार्डी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** गणतंत्र दिवस की देर शाम राष्ट्रीय युवा अवार्डी जतिन कुमार एवं अंकित पाण्डेय राजभवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले। कार्यक्रम में युवा अवॉर्ड अंकित पांडेय(राष्ट्रीय युवा अवॉर्ड) और जतिन कुमार(राष्ट्रीय एन एस एस अवॉर्ड) ने मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांगों से अवगत कराया। उन्होंने अपनी मांगों में कहा कि युवा अवॉर्डीयो को भी अन्य अवॉर्डीयो की तरह राज्य में विभिन्न आयोगों (युवा आयोग/अन्य आयोगों में सदस्य बनाया जाय। तथा विभिन्न नौकरियों में आरक्षण दी जाय, साथ ही अन्य खिलाड़ियों की तरह यूथ अवॉर्डी /एनएसएस प्रसीडेंट अवार्डी को भी प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया जाय। इस पर उनके द्वारा सकारात्मक आस्वासन दिया और साथ ही कहा कि जल्द ही आप लोगों को जिला एवं राज्य स्तर के विभिन्न समितियों मैं सदस्य बनाया जायेगा। राज्य स्तर की नौकरीयो में छूट इत्यादि का भी प्रावधान किया जायेगा। राज्य सरकार युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## सम्मानित किये गये खलारी डीएसपी तथा खलारी व मैकलुस्कीगंज के थाना प्रभारी


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी, थाना प्रभारी खलारी पुलिस निरीक्षक विजयकुमार सिंह तथा मैकलुस्कीगंज के थाना प्रभारी गोविन्द कुमार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया. इन तीनों को यह सम्मान दो लाख के इनामी पीएलएफआई का जोनल कमांडर सह झारखंड राज्य कमेटी के सदस्य कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी को पकड़ने के लिए दिया गया है. पुलिस उप अधीक्षक खलारी को वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदनकुमार सिन्हा ने खलारी थाना प्रभारी को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुमितकुमार अग्रवाल तथा मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी को अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. कृष्णा यादव के खिलाफ पुलिस फाइल में कुल 51 संगीन मामले दर्ज हैं. वह व्यवसायियों, क्रशर और ईट भट्ठा मालिकों को डरा धमका कर लेवी वसूलता था और लेवी नहीं देने पर कार्यस्थल पर आगजनी, गोलीबारी और बम फेंकने के साथ ही हत्याएं भी करता था.कृष्णा यादव की गिरफ्तारी से कारोबारियों ने राहत की सांस ली है वहीं पुलिस के प्रति आम जनता का विश्वास भी बढ़ा है. वरीय पदाधिकारियों से सम्मान पाने के लिए खलारी व मैकलुस्कीगंज के पुलिस अवर निरीक्षक, सहायक अवर निरीक्षक अन्य पुलिसकर्मी सहित खलारी पुलिस अनुमंडल की जनता ने तीनों को बधाई व शुभकामनाएं दी है.

## संताल आदिवासियों का माघ बोंगा सम्पन्न हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**दुमका :** मसलिया प्रखंड के मसलिया गांव में ÷माघ बोंगा÷ मनाया गया। यह पूजा माघ टंडी(पूजा स्थान) में सम्पन्न हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि यह पूजा माघ महीने में मनाया जाता है। यह पूर्णिमा में मनाना अधिक शुभ होता है। माघ टंडी में जाहेर ऐरा, मोड़ेकु तुरुयकु, मारांग बुरु, गोसाई एरा आदि इष्ट देवताओ के नाम पर मुर्गा बलि दिया गया। संताल आदिवासियों में मान्यता है कि आज के दिन ही ग्रामीण लोग गांव को सामाजिक रूप से चलाने वाले मंझी, जोग मंझी, नायकी, प्राणिक, गुडित के घर का दाप(छावनी) करने के लिय सवड़ी सागाड़(बैल गाड़ी में सवड़ी घास लाने की प्रथा है, जो आजकल हाथ में घास लाते है) करते है। आज के ही दिन जोग मंझी, नायकी, प्राणिक, गुडित का साल भर का कार्यकाल खत्म होता है। पांच दिन बाद सभी ग्रामीण लोग मिलकर जोग मंझी, नायकी, प्राणिक, गुडित आदि का सर्वसम्मति से सेलेक्सन करते है। जो अगले माघ महीने तक कार्य करते है। आदिवासियों में भी यह भी मान्यता है कि मुनिस, गुतीकर्मी, चरवाहा ये सभी घर के काम में मदद करने वाले आज के ही दिन किसी के घर काम शुरू करते है। जो पुराना वाले है, काम छोड़ना चाहते है तो छोड़ते है. पूजा के बाद सभी ने प्रसाद स्वरूप खिचड़ी का भोग ग्रहण किया। उक्त अवसर पर नायकी बाबा चिलीम किस्कू, मांझी बाबा सुरेंद्र किस्कू, गुड़ित लुखिंद मुर्मू, कुड़ाम नायकी सुबोधन सोरेन के साथ साथ ग्रामीणों में राकेश सोरेन, पानधारी सोरेन, गोमोस्तो चौड़े, रामदास किस्कू, रखिशल हेंब्रम, चांडाल किस्कू, डुडम चौड़े, परमेशल सोरेन, रामू किस्कू, पाने सोरेन, अनिल हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग की किया समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**दुमका :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त ने कहा कि वैसे सभी आंगनबाड़ी केंद्र जिसका निर्माण पूर्ण हो चुका है उन सभी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण सीडीपीओ अपने स्तर से करते हुए रिपोर्ट तैयार करें ताकि हैंडओवर का कार्य किया जा सके। उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की एवं योग्य लाभुकों का चयन कर विभाग द्वारा प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी मद से आंगनबाड़ी में उपलब्ध कराए गए सामग्री यथा बर्तन, स्कूल किट, मोबाइल सहित अन्य सामग्री का इस्तेमाल सही ढंग से हो रहा है अथवा नहीं इसकी जांच सुपरवाइजर तथा सीडीपीओ करेंगे एवं इससे संबंधित रिपोर्ट समर्पित करेंगे। कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप योग्य लाभुकों का चयन करें। सभी प्रखंड में मिशन मोड में योग्य लाभुकों का चयन करें।प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने का निदेश दिया। निदेश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय तथा विद्युत कनेक्शन की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रहे वीएचएसएनडी का इंट्री पोषण ट्रैकर में करने का निदेश दिया। उपायुक्त ने निदेश दिया कि टीएचआर, सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन सहित शत प्रतिशत बच्चों की एंट्री पोषण ट्रैकर में करें। बैठक में समाज कल्याण पदाधिकारी, सीडीपीओ, सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

# संजय प्रजापति ने छोड़ा बंदूक, पकड़ा कलम

## संजय को मिल रहा है समाज के सभी वर्गों से सम्मान

**संजय प्रजापति ने 16 जूलाई 2022 को पुलिस उप महानिरीक्षक पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट ऋषि राज़ सहाय और अन्य अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। यह आत्मसमर्पण प्रक्रिया लातेहार एसपी कार्यालय में सम्पन्न हुई थी,जिसके बाद संजय का जीवन एक नई राह पर चल पड़ा।उन्हें कई बार अधिकारियों और सम्मानित व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। 26 जनवरी, 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर लातेहार जिला खेल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में डीसी और एसपी ने संजय प्रजापति सहित आत्मसमर्पित पांच लोगों को भूमि का बंदोबस्ती पर्चा सौंपा।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार:** नक्सली गतिविधि से मुंह मोड़कर आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण करने वाले संजय प्रजापति अब पत्रकारिता के माध्यम से समाज में बदलाव लाने के लिए काम कर रहे हैं। उनके आत्मसमर्पण के बाद, उन्होंने एक नई दिशा में कदम बढ़ाया और आज उन्हें समाज के विभिन्न वर्गों से सम्मान मिल रहा है। संजय प्रजापति ने 16 जूलाई 2022 को पुलिस उप महानिरीक्षक पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट ऋषि राज़ सहाय और अन्य अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। यह आत्मसमर्पण प्रक्रिया लातेहार एसपी कार्यालय में सम्पन्न हुई थी,जिसके बाद संजय का जीवन एक नई राह पर चल पड़ा।उन्हें कई बार अधिकारियों और सम्मानित व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। 26 जनवरी, 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर लातेहार जिला खेल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में डीसी और एसपी ने संजय प्रजापति सहित आत्मसमर्पित पांच लोगों को भूमि का बंदोबस्ती पर्चा सौंपा। इस अवसर पर संजय प्रजापति ने कहा, ÷हथियार से नहीं, कलम से बदलाव आयेगा।÷संजय की यह यात्रा न केवल उनके जीवन में बदलाव का प्रतीक है, बल्कि यह समाज को यह संदेश भी देती है कि अगर कोई व्यक्ति अपनी गलतियों से सीख कर सही दिशा में कदम रखे, तो वह समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उनके आत्मसमर्पण और संघर्ष की कहानी आज स्थानीय समुदाय और अधिकारियों के बीच एक प्रेरणा बन गई है।

### आत्मसमर्पण के बाद जिला प्रशासन का सराहनीय रहा सहयोग : संजय

**संजय ने अपने अन्य नक्सली साथियों से अपील की कि वे भी आत्मसमर्पण करें और समाज में सम्मानजनक जीवन जीने के लिए मुख्यधारा में लौट आएं।**

संजय प्रजापति कहते हैं, मुझे जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किए जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह सम्मान मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है और मुझे बहुत गर्व है। इस सम्मान को प्राप्त कर, मुझे अपनी समर्पण की सराहना महसूस हो रही है। यह उपलब्धि मुझे और अधिक प्रेरित करती है, ताकि मैं अपने कर्तव्यों को और भी बेहतर तरीके से निभा सकूं। मैं अपने परिवार,साथियों और सभी सम्माननीय अधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया और इस सम्मान को मेरे जीवन का हिस्सा बनाया। मैं वादा करता हूं कि इस सम्मान का सही उपयोग करके समाज और अपने जिले की सेवा करता रहूंगा। संजय प्रजापति ने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के सहयोग और सम्मान की सराहना की। संजय ने कहा कि आत्मसमर्पण के बाद उन्हें हमेशा जिला प्रशासन, डीसी, एसपी और अन्य अधिकारियों का पूरा सहयोग मिला और अधिकारियों द्वारा उन्हें जो सम्मान दिया गया,उसे वह कभी नहीं भूल सकते। साथ ही, संजय ने अपने अन्य नक्सली साथियों से अपील की कि वे भी आत्मसमर्पण करें और समाज में सम्मानजनक जीवन जीने के लिए मुख्यधारा में लौट आएं।

**सीएम से नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पटमदा की बैंड टीम ने की मुलाकात**

# बैंड टीम ने देश में झारखंड का नाम रौशन किया : हेमंत

*** मुख्यमंत्री ने बैंड टीम में शामिल सभी छात्राओं को शानदार उपलब्धि के लिए दी बधाई और शुभकामनाएं, किया सम्मानित**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नई दिल्ली में 24-25 जनवरी को आयोजित नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन-2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय स्तर के इस बैंड कॉम्पटीशन के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बैंड टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एक सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने बैंड कॉम्पटीशन के जरिए अपनी प्रतिभा को पूरे देश के समक्ष पेश कर झारखंड का नाम रौशन किया है। उन्होंने बैंड टीम के सभी सदस्यों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

**बच्चे -बच्चियों की प्रतिभा निखारने और प्रदर्शन हेतु बेहतर प्लेटफॉर्म देने के लिए प्रतिबद्ध**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वे अलग-अलग क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखार कर सामने ला सकें। यहां के बच्चे-बच्चियों को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए भी सरकार योजना पर तरीके से कार्य कर रही है। बच्चों के एक्स्पोज़र के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

**नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले का किया प्रदर्शन**

विदित हो कि नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन में प्रथम स्थान हासिल करने वाली इस टीम के द्वारा नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले किया गया। झारखंड के लिए पहला मौका था जब नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में यहां की कोई बैंड टीम शामिल हुई हो। इस अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर शशि रंजन, स्टेट नोडल अफसर धीरसेन सोरेंग, फिजिकल एजुकेशन शिक्षक निशा पन्ना, प्रशिक्षक प्रेम राणा, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ के जरनैल सिंह और अमरवीर सिंह मौजूद थे।

जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
निवेदक
कृष्णा सोरेन
क्षेत्रीय सचिव, ऑल इंडिया एससीएसटी ओबीसी काउंसिल (बरका सयाल)
प्रभात मंत्र

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग
76वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोबा भावे विश्वविद्यालय पिछले तीन दशकों से शिक्षा की मशाल जलाते हुए शिक्षा जगत् में नए कीर्तिमान स्थापित करने में सफल रहा है।
कला, विज्ञान, भाषा विज्ञान, संस्कृति, परंपरा में बिखरे हुए ज्ञान के प्रत्येक बिन्दु को महासिंधु बनाने की ओर अग्रसर।
सबका साथ, सबका विकास के कथन को चरितार्थ करते हुए 76वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पूरे प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन।
प्रो0 (डॉ0) पवन कुमार पोद्दार
कुलपति,
विनोबा भावे विश्वविद्यालय,
हजारीबाग
ज्ञापांक:-वि0भा0वि0/स्था0/335/2025 दिनांक 25.01.2025

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
सिकेन्द्र उरांव
प्रधानाध्यापक, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुदाग
प्रभात मंत्र

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ
हेरहंज, लातेहार।
प्रभात मंत्र

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
प्रधानाचार्य सह संचालक
संस्कार आवासीय विद्यालय, बारियातु
प्रभात मंत्र

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
इस्तेला नगेशिया
जिला परिषद सदस्य, महुआडांड़
प्रभात मंत्र

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
लव कुमार सिंह
भाजपा मंडल अध्यक्ष, बारियातू (लातेहार)
प्रभात मंत्र

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Prop.: MD SADIQUE ALI
SANA HEALTH POINT
Financial Assistance In Major Surgery In Private Hospital of Kolkata
Corporate Office : Simariya Dhora, Giridih - 815301
Head Office : H/No 10/1 Manikpir Road, Po - Kankinara West Bengal
8240288324, 8420583701

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
रमेश राम
जिला परिषद सदस्य, बारियातू ( लातेहार)
प्रभात मंत्र

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
S. V. PUBLIC SCHOOLJAMADO-BA, DHANBAD.
प्रभात मंत्र

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
SRI साईं MEDICO & CLINIC

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
रीना पासवान
जिला महासचिव, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, पार्षद प्रत्याशी, वार्ड संख्या : 38, धनबाद नगर निगम।
प्रभात मंत्र

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
प्रमुख सह मुखिया संघ बारियातु, लातेहार
उर्मिला देवी
प्रखंड प्रमुख, बारियातु, लातेहार
राजीव भगत
मुखिया - सालवे, सह मुखिया संघ अध्यक्ष बारियातु
सुरेश उरांव
मुखिया. पंचायत- शिबला, बारियातू.( लातेहार )
केदार गंझु
मुखिया- पंचायत - बालुभांग, बारियातु ( लातेहार )
सुशीला देवी
मुखिया. पंचायत - अमरवाडिह, बारियातू (लातेहार)
सुरेश उरांव
मुखिया - पंचायत -डाढा, बारियातु (लातेहार)
सरिता देवी
मुखिया, पंचायत - बारियातू (लातेहार)
शांति देवी
मुखिया- पंचायत - टोटी, बारियातु (लातेहार)